RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 178
नई दिल्ली, सोमवार, 6 मई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




पांच साल में एक देश एक चुनाव लागू करेंगे : राजनाथ
राष्ट्रीय-10

# लोस चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार खत्म

**लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की सीटें**

✱ इन राज्यों में लोकसभा चुनाव मतदान के बाद समाप्त हो जाएगा

| राज्य | सीटों की संख्या | संसदीय सीट |
|---|---|---|
| गुजरात ✱ | 26 | कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेन्द्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच, बारडोली, नवसारी, वलसाड |
| कर्नाटक ✱ | 14 | चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा |
| महाराष्ट्र | 11 | बारामती, रायगढ़, उस्मानाबाद, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हाटकनांगल |
| उत्तर प्रदेश | 10 | संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला, बरेली |
| मध्य प्रदेश | 8 | भिंड, भोपाल, गुना, ग्वालियर, मुरैना, राजगढ़, सागर, विदिशा |
| छत्तीसगढ़ ✱ | 7 | सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर |
| बिहार | 5 | झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया |
| असम ✱ | 4 | धुबरी, कोराझार, बारपेटा, गौहाटी |
| पश्चिम बंगाल | 4 | मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद |
| गोवा ✱ | 2 | उत्तर गोवा, दक्षिण गोवा |
| दादरा और नगर हवेली-दमन ✱ | 2 | दादरा और नगर हवेली, और दीव |

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 संसदीय क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए रविवार शाम को जोरदार प्रचार अभियान समाप्त हो गया। इस दौरान भाजपा नीत एनडीए और विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेताओं ने मतदाताओं को लुभाने के लिए आखिरी प्रयास किए। प्रचार अभियान समाप्त होने के साथ ही 48 घंटे का मौन काल शुरू हो गया। इस चरण में कुल 1351 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के लिए ब्लॉकबस्टर दौर है।

इससे तीन दिग्गजों का राजनीतिक भविष्य तय होगा- गुना से 'महाराजा' ज्योतिरादित्य सिंधिया, विदिशा से 'बच्चों के मामा और बहनों के भैया' शिवराज सिंह चौहान और राजगढ़ से राघौगढ़ के 'राजा' दिग्विजय सिंह उर्फ ??दिग्गी राजा। 2019 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में गुना की अपनी पारिवारिक सीट हारने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इस बार भाजपा के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र को फिर से हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। इसी तरह, यह चरण समाजवादी पार्टी (सपा) परिवार के लिए भी एक परीक्षा होगी, जिसमें डिंपल यादव, अक्षय यादव और आदित्य यादव



क्रमशः मैनपुरी, फिरोजाबाद और बदायूं से चुनाव लड़ रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि 'कड़ी गर्मी' के कारण मतदान प्रतिशत प्रभावित न हो, चुनाव निकाय ने शामियाना और टेंट, अतिरिक्त पंखे और पेयजल सुविधाओं की व्यवस्था की है, एम्बुलेंस को स्टैंडबाय पर रखा है और मतदान के दिनों के लिए मतदान केंद्र के आस-पास के कमरों का उपयोग प्रतीक्षा क्षेत्र के रूप में किया है। इस चरण में महाराष्ट्र के पुणे जिले में बारामती सीट सबसे उत्सुकता से देखी जाने वाली सीटों में से एक है क्योंकि यह पहली बार है कि प्रभावशाली पवार परिवार के दो सदस्य एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले वर्ष जुलाई में पार्टी में विभाजन के बाद दोनों गुटों के बीच यह पहली बड़ी चुनावी लड़ाई है।

गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से सूरत से भाजपा के मुकेश दलाल पहले ही निर्विरोध जीत चुके हैं, क्योंकि कांग्रेस के नीलेश कुंभानी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में अनियमितताओं के कारण खारिज कर दिया गया था और अन्य उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया था। चुनाव मैदान में प्रमुख उम्मीदवारों में गांधीनगर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, साथ ही पोरबंदर और राजकोट से उनके कैबिनेट सहयोगी मनसुख मंडाविया और पुरुषोत्तम रूपाला शामिल हैं। प्रचार के दौरान राजकोट में रूपाला द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा को क्षत्रिय समुदाय के गुस्से का सामना करना पड़ा था। उन्होंने दावा किया था कि समुदाय के कई शासकों के अंग्रेजों और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों के साथ 'रोटी और बेटी' (विवाह और व्यापार) संबंध थे। रूपाला का मुकाबला पूर्व कांग्रेस विधायक परेश धनानी से है, जिन्होंने उन्हें 2002 के विधानसभा चुनावों में हराया था। कांग्रेस ने चार मौजूदा और आठ पूर्व विधायकों को मैदान में उतारा है। यह आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। समझौते के तहत कांग्रेस को 24 सीटें (सूरत सहित) मिलीं, जबकि आप को भावनगर और भरूच दिया गया है। बनासकांठा जिले के वावा से मौजूदा विधायक गेनीबेन ठाकोर को भाजपा की रेखा चौधरी के खिलाफ बनासकांठा से मैदान में उतारा गया है, जिससे यह राज्य की एकमात्र सीट है जहां मुख्य मुकाबला दो महिलाओं के बीच है। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, जिनमें संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला शामिल हैं। मंगलवार को जिन 10 सीटों पर मतदान होगा, उनमें से भाजपा ने 2019 में आठ सीटें हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, फतेहपुर सीकरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला जीती थीं, जबकि मैनपुरी और संभल समाजवादी पार्टी के खाते में गईं थी। इस चरण में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, यूपी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान बाल्मीकि की किस्मत भी तय होगी। मैनपुरी सपा का गढ़ है जहां पार्टी कभी नहीं हारी है, यहां से मौजूदा सांसद डिंपल यादव भाजपा के जयवीर सिंह से मुकाबला करेंगी। फिरोजाबाद में भाजपा उम्मीदवार चंद्र सेन जादौन का मुकाबला अक्षय यादव से है और बदायूं में शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव भाजपा के दुर्विजय शाक्य के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं। बदायूं में शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव ( शेष पेज 9 )



जम्मू कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले के बाद सतर्क सुरक्षा बलों के जवान

### वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला

## दहशतगर्दों को खोज निकालने को शुरू हुआ तलाशी अभियान

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**भारतीय सेना** ने रविवार को राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की स्थानीय सैन्य इकाइयों के साथ इलीट पैरा कमांडो को शामिल करने के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह अभियान शनिवार को पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शाहसितार के पास हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय वायुसेना के एक जवान की हत्या का बदला लेने के लिए चलाया गया। सुरनकोट इलाके में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा करने और घात लगाए आतंकियों को दबोचने के लिए जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने इस स्थान का दौरा किया। प्राकृतिक गुफाओं और सुरक्षित ठिकानों में छिपे विदेशी आतंकवादियों को बाहर निकालने के उद्देश्य से तेजी से खोज शुरू करने से पहले वरिष्ठ अधिकारियों ने एक अलग बैठक में भी भाग लिया।

सुरक्षा बलों ने इलाके में छिपे इन विदेशी आतंकवादियों के ठिकानों का पता लगाने के लिए कई निवासियों को हिरासत में भी लिया है। इस बीच, मृत वायुसेना कर्मी की पहचान कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के रूप में हुई है। नोनिया-करबल गांव के निवासी कॉर्पोरल पहाड़े मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के रहने वाले थे। मंगलवार को उन्हें अपने बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए घर लौटना था। परिवार के सदस्यों के अनुसार, विक्की पहाड़े पिछले महीने अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अपने परिवार से मिलने आए थे और 18 अप्रैल को यूनिट में शामिल हुए थे। ( शेष पेज 9 )

## गैंगलैंड वीजा के लिए कनाडा पर बरसे जयशंकर, चेताया भी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने रविवार को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए संगठित अपराधों से जुड़े लोगों को लगातार वीजा जारी करने के लिए कनाडा की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि बाहर जो हो रहा है, उसके खिलाफ प्रतिरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूटन का राजनीति का नियम वहां भी लागू होगा। जयशंकर ने इसे गैंगलैंड वीजा करार देते हुए यह भी कहा कि देश अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर 'चरमपंथ, अलगाववाद और हिंसा के पैरोकारों' को वैधता दे रहा है। यह तीखी टिप्पणी कनाडा द्वारा खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित रूप से शामिल तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने का दावा करने के एक दिन बाद आई है। जयशंकर ने कहा कि जस्टिन ट्रूडो का देश सोचता है कि अपराधियों को बढ़ावा देने की उसकी हरकतों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं होगी। जयशंकर ने इस संबंध में कनाडा को भारत की 'सबसे बड़ी समस्या' बताया। उन्होंने कहा, अभी हमारी सबसे बड़ी समस्या कनाडा में है। कनाडा में आज सत्ता में पार्टी और कनाडा में अन्य दलों ने इस तरह के उग्रवाद, अलगाववाद और हिंसा के समर्थकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर एक निश्चित वैधता दी है। जब आप उन्हें कुछ बताते हैं, तो उनका जवाब होता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश हैं और यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसा किया जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि वहां जो कुछ भी हो रहा है, उसके खिलाफ प्रतिरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा, राजनीति का न्यूटन का नियम लागू होगा।



## रायबरेली में राहुल की राह में रोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली / रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** की रायबरेली सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में राहुल गांधी की राष्ट्रीयता और हाल ही में मानहानि के एक मामले में उनकी दोषसिद्धि पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि चुनाव आयोग उनके नामांकन को कैसे वैध मान सकता है। अनिरुद्ध प्रताप सिंह की ओर से अधिवक्ता अशोक पांडे ने यह शिकायत दर्ज कराई है। अधिवक्ता ने रायबरेली के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कांग्रेस नेता के नामांकन को दो आधारों - उनकी राष्ट्रीयता और उनकी दोषसिद्धि के आधार पर रद्द करने की मांग की गई है। पांडे ने मीडिया से कहा, सबसे पहले, राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई है, वे चुनाव लड़ने



के लिए अयोग्य हैं। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है, लेकिन उसने अफजल अंसारी की तरह कोई फैसला नहीं दिया है कि वे फिर से चुनाव लड़ सकते हैं। चूंकि दोषसिद्धि पर रोक में चुनाव लड़ने की अनुमति शामिल नहीं है, इसलिए उन्हें पीछे हट जाना चाहिए। पांडे ने मीडिया से कहा, दूसरा, 2006 में राहुल गांधी ने एक बार अपनी राष्ट्रीयता ब्रिटिश बताई थी। ब्रिटिश नागरिक होने के कारण, वह संवैधानिक रूप से चुनाव नहीं लड़ सकते... मेरी शिकायत के बाद, राहुल गांधी के प्रतिनिधि को बुलाया गया और मेरी शिकायत स्वीकार कर ली गई है। कांग्रेस नेता अजय पाल सिंह ने राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत के संबंध में एक बयान जारी करते हुए कहा कि उनका नामांकन पहले भी वैध था और अब भी वैध है। अजय ने कहा, एक उम्मीदवार ने शिकायत की अवधि समाप्त होने के बाद राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है... शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने राहुल गांधी की राष्ट्रीयता को चुनौती देते हुए एक रिट दायर की है... राहुल गांधी का नामांकन पहले भी वैध था और अब भी वैध है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया, जिससे उनके अमेठी से फिर से चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया।

## प्रधानमंत्री ने रामलला के किए दर्शन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अयोध्या में भगवान श्री रामलला का दर्शन पूजन किया। बाद में रोड शो किया

## मुश्किल में पुनिया : डोप टेस्ट न कराने पर नाडा ने किया निलंबित

**ऋषभ मलिक।** नई दिल्ली

**भारतीय** पहलवान बजरंग पूनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पूनिया को राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा ) ने आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान ने 10 मार्च में सोनीपत में आयोजित नेशनल ट्रायल्स के दौरान डोप सैम्पल नहीं दिया था, जिसके चलते उनपर यह कार्रवाई की गई हैं। जब तक बजरंग का निलंबन वापस नहीं लिया जाता है तब तक वह किसी भी प्रतियोगिता या ट्रायल्स में भाग नहीं ले सकेंगे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर एक्सपायर हो चुकी किट देने का आरोप लगाते हुए एक्स पर लिखा, मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायर किट लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्वाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए।

नाडा ने आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए पुनिय को मंगलवार तक अपना जवाब देने को कहा है। एक्सपायर किट की चर्चा पिछले साल दिसंबर में हुई थी, जब बजरंग ने एक



वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि नमूना लेने के लिए इस्तेमाल की जा रही किट एक्सपायर नहीं हुई थी। बजरंग के वकील विधुष्पत सिंघानिया ने कहा, केस फाइल देखने की जरूरत है और वह जल्द ही नाडा को जवाब सौंपेंगे।

इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। उन्होंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था। उन्होंने कहा, वे रहने के स्थान संबंधी शर्तों, लंबी सूची (पेरिस ओलंपिक के लिए संभावित दावेदार) आदि जैसे मामलों पर हमारे साथ संवाद करते रहते हैं। यहां तक कि हमने हाल ही में हुए फेडरेशन कप के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने विजेताओं से नमूने इकट्ठा करने के लिए अधिकारियों को भेजा था। ( शेष पेज 9 )

## भाजपा सांसद मनोज तिवारी की बेटी रीति ने भी आरंभ की अपनी राजनीतिक पारी

● **भाजपा में शामिल हुईं, बोली कभी नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी राजनीति में आऊंगी, शायद भगवान की यही योजना थी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सांसद मनोज** तिवारी की बेटी रीति तिवारी भाजपा में शामिल हो गईं हैं। अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए रीति अब राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कभी नहीं सोचा था कि वह इतनी जल्दी राजनीति में आएंगी। शायद भगवान की यही योजना थी। राजनीति में शामिल होना उनके लिए 10-15 साल के बाद की योजना थी लेकिन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जरूर मुझ में कुछ देखा होगा। तभी ये फैसला लिया गया है। वह किसी को भी निराश नहीं करेंगी।

बीजेपी का दामन थामने के बाद रीति तिवारी ने बताया कि वो अभी 22 साल की हैं और गायक हैं तथा एक एनजीओ में काम करती हैं। वह समाज सेवा करना चाहती हैं। अब अचानक राजनीतिक पारी शुरू होने के बाद से वह आश्चर्यचकित हैं। रीति के बारे में कहा जाता है कि वो पहले लाइम लाइट से दूर ही रहना पसंद करती थीं। वह बहुत अच्छा गिटार भी बजाती हैं। रीति ने सोशल मीडिया पर स्टोरी भी शेयर की। रीति मनोज तिवारी की पहली पत्नी रानी तिवारी की बेटी हैं। शादी के 11 साल बाद वर्ष 2011 में मनोज और रानी अलग हो गए। वर्ष 2020 में मनोज सुरभि के साथ दूसरी बार शादी के बंधन में बंधे।

भोजपुरी फिल्म स्टार मनोज तिवारी 2009 में राजनीति में शामिल हुए। उस वक्त उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था। वह अपना पहला चुनाव योगी आदित्यनाथ से



हार गए थे। साल 2014 में, मनोज तिवारी भाजपा में शामिल हो गए और उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा। जैसे ही उन्होंने आम आदमी पार्टी के आनंद कुमार को हराया और सांसद बने। उत्तर पूर्वी दिल्ली में उनका प्रभाव इतना मजबूत हो गया कि पांच साल बाद उन्होंने इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को 3.66 लाख वोटों के अंतर से हराया। इस साल वह कांग्रेस के कन्हैया कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली में लोकसभा चुनाव 25 मई को एक ही चरण में होगा।

## कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा पार्टी से दिया त्यागपत्र

● **कहा, मेरे अध्योध्या जाने का हो रहा था विरोध**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव के बीच कांग्रेस को एक और झटका लगा है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन करने को लेकर उनकी आलोचना इस स्तर तक पहुंच गई कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस कार्यालय में उनके साथ हुई घटना में



उन्हें न्याय देने से इंकार कर दिया गया। छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस की संचार और मीडिया समन्वयक खेड़ा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित अपना इस्तीफा सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया। इस्तीफे में खेड़ा ने लिखा, हर हिंदू के लिए प्रभु श्री राम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ ( शेष पेज 9 )

# रवि काना ने विदेशों में होटल कारोबार में किया निवेश

## स्क्रैप माफिया की आज पूरी हो रही पुलिस रिमांड, काजल झा को फिर भेजा गया जेल, दोनों ने उगले कई राज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सरिया और स्क्रैप माफिया रवि काना की महिला मित्र काजल से रिमांड पर कड़ी शुरू हुई। रिमांड के दौरान स्क्रैप माफिया रवि काना और काजल का आमना-सामना कराया गया। उसके बाद पुलिस को विदेश में संपत्ति होने की जानकारी मिली।

पूछताछ के दौरान गैंगस्टर रवि काना की गर्लफ्रेंड काजल झा करोड़ों की बनाई हुई अपनी संपत्ति का स्रोत नहीं बता सकी है। सूत्रों की मानें तो काजल के नाम पर रवि ने ही करोड़ों की संपत्ति खरीदी है। गैंगस्टर और स्क्रैप माफिया रवि काना की गर्लफ्रेंड काजल को पुलिस शनिवार को जेपी ग्रींस स्थित फ्लैट पर लेकर गई, जबकि रवि काना को नोएडा के सेक्टर-16 के आस-पास ले जाया गया। उसकी वहां भी संपत्ति होने की जानकारी मिली है। रविवार दोपहर 12 बजे रिमांड पूरा होने पर काजल को वापस जेल भेज दिया , जबकि रवि काना का रिमांड सोमवार दोपहर 12 बजे पूरा होगा। अधिकारियों के मुताबिक



काजल से पुलिस ने पूछा कि काले कारोबार से जो पैसा इकट्ठा किया है, वह कहां-कहां निवेश किया है। क्या विदेश में भी निवेश किया है। बताया गया है कि विदेश में होटल कारोबार में गिरोह का निवेश है। पुलिस को पता चला है कि कारोबार का बड़ा हिस्सा बेनामी है। इसमें लेनदेन कैश में हुआ है। इस पूछताछ का विवरण तैयार कर बड़े स्तर पर सौंपे जाने की तैयारी की गई है।

आशंका यह भी है कि रवि ने मुंबई, गोवा में भी निवेश कर रखा है। बता दें कि पुलिस अब तक रवि काना की 250 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। रवि काना से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि उससे कई पुलिस अधिकारी, पत्रकार और राजनेता संपर्क में थे। उनके बीच वॉट्सऐप पर भी बात हुई थी। पुलिस अब इन लोगों की भी प्रॉपर्टी की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस को गैंग के बदमाशों के कई बैंकों के लॉकरों का पता चला है। आशंका है कि इनमें ब्लैक मनी और सोना हो सकता है। इसके अलावा इन लॉकरों में प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी रखे हो सकते हैं। दूसरी ओर उनके खिलाफ भी जल्द कार्रवाई हो सकती है, जिनसे रवि स्क्रैप का माल उठाता था। आपको बता दें कि रवि गिरोह ने कई फर्मों के जरिये ब्लैक मनी को वाइट करने के लिए करोड़ों की संपत्ति खरीदी। कई संपत्तियां रवि ने अपने करीबियों के नाम से खरीदी हुई थी। पुलिस अभी तमाम बैंक अकाउंट के लेनदेन और संपत्ति की जांच में ही उलझी हुई है। जांच में सामने आ चुका है कि गिरोह ने फाइनेंशल फ्रॉड किया है। एक अधिकारी ने बताया कि फाइनेंशल फ्रॉड के कारण मामले में ईडी जांच कर सकती है।

एक महिला द्वारा ग्यारहवां मामला दायर करने से पहले रवि काना के खिलाफ 10 मामले दर्ज थे। यह 30 दिसंबर, 2023 को नोएडा के सेक्टर 39 पुलिस स्टेशन में गैंगस्टर के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि रवि काना उन पांच लोगों में से एक था, जिन्होंने लगभग छह महीने पहले उसके साथ बलात्कार किया और उसे धमकी देने के लिए इस कृत्य का वीडियो बनाया। गिरफ्तारी के डर से काना 31 दिसंबर को अपनी गर्लफ्रेंड के साथ थाईलैंड भाग गया। एक महिला द्वारा रवि काना के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराने के बाद पुलिस ने 1 जनवरी, 2024 को उसकी तलाश जारी कर दी।

# ग्रेनो में 25 झुग्गियां जलकर हुई खाक, सैकड़ों परिवार हुए बेघर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के कुलेसरा गांव के पास बनी झुग्गी-बस्ती में आज दोपहर को अज्ञात कारणों से भयंकर आग लग गई। इस घटना में 25 झुग्गियां, एक बस, एक बोलेरो लोडर जल खाक हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने से सैकड़ों परिवार बेघर हो गए।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि रविवार दोपहर को दमकल पुलिस को सूचना मिली कि कुलेसरा गांव में बनी झुग्गी झोपड़ियों में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि आग की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। सीएफओ ने बताया कि आग 25 झुग्गियों में लगी थी। वहां पर खड़ी एक बस और एक बोलोरो लोडर को भी आग ने अपने कब्जे में ले लिया था। उन्होंने बताया कि झुग्गी बस्ती और दोनों वाहन पुरी तरह से जल गए हैं।

सीएफओ ने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जान नानी नहीं हुई है। गर्मी में झुग्गी बस्ती में लगी आग ने वहां रहने वाले गरीब लोगों को बेघर कर दिया है। आसपास के क्षेत्र में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता वहां पर बेघर हुए लोगों को खाने-पीने का सामान और बर्तन आदि उपलब्ध करवा रहे हैं।

# नोएडा के रेयान इंटरनेशनल स्कूल पर कसेगा शिकंजा, बेसमेंट में चल रही कक्षा होंगी सील

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

छात्रों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोएडा में स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने स्कूल के बेसमेंट में चलने वाली क्लासेज को सील कर दिया है।

यह फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि बेसमेंट में चलने वाली क्लासेस के लिए फायर एनओसी नहीं थी। इसको लेकर पहले भी नोटिस जारी किया गया था, लेकिन स्कूल ने उसके बावजूद भी नियमों का उल्लंघन किया। अब तत्काल इस मामले में एक्शन लिया गया और क्लासेस को सील कर दिया गया है।

गौतमबुद्ध नगर के जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-39 में रेयान इंटरनेशनल स्कूल है। बीते 11 जुलाई 2023 को मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सहायक अभियंता, लोक निर्माण भवन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्कूल में सुरक्षा मानकों की जांच के लिए जायजा लिया।

जांच में पाया गया कि बेसमेंट में 11 क्लासेज चल रही है। उन्होंने बताया कि रेयान इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा जो मानचित्र फायर विभाग की वेबसाइट पर उपलोड किया गया है। उसमें स्कूल ने दिखाया गया है कि स्कूल के बेसमेंट का इस्तेमाल स्टोरेज के लिए किया जाता है, लेकिन जब जांच की गई तो पाया गया कि बेसमेंट में कक्षा का निर्माण किया हुआ है।

जांच में यह भी पता चला है कि स्कूल के बेसमेंट में क्लासेस का निर्माण किया गया। इस मामले में स्कूल को नोटिस भेजा गया और वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए कहा गया। स्कूल के द्वारा भी आश्वासन दे दिया गया था, लेकिन उसके बावजूद काम नहीं किया गया।

## प्राधिकरण की जमीन पर खनन मामले में केस दर्ज

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित क्षेत्र के चिटहेरा गांव में मिट्टी के अवैध खनन को लेकर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है । पुलिस आरोपी की तलाश में लगी है ।

कोतवाली दादरी क्षेत्र के पल्ला व चिटहेरा गांव ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित क्षेत्र अंतर्गत आते हैं। चिटहेरा गाऊ में छतरी वाले मंदिर के समीप अवैध मिट्टी खनन की गतिविधि देर रात में की जा रही है।

चिटहेरा गांव निवासी जतिन अपने साथियों के साथ देर सवेर कर रहे हैं । जिससे प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है । साथ ही भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है ।

# एल्विस यादव के खिलाफ ईडी ने शुरू की जांच

- आरोपी के लग्जरी कारों व महंगे शौक को लेकर जांच एजेंसी को बड़े लेन-देन का शक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रेव पार्टी आयोजित करने और सांपों का जहर सप्लाई करने के आरोपों से घिरे एल्विश यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

नोएडा पुलिस ने एल्विस को गिरफ्तार करने के बाद भले ही इस मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया हो पर यूट्यूबर को अभी भी केस से छुटकारा नहीं मिला है। अब एल्विश



यादव के खिलाफ इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत लखनऊ में केस दर्ज किया है। ईडी को एल्विश के पास कई लग्जरी कारों का काफिला होने की जानकारी मिली है। उसे शक है कि ये गाड़ियों का काफिला लग्जरी लाइफ और महंगे शौक सांपों के जहर से जुड़े मामलों में बढ़े लेनदेन से ही संभव है। इसलिए जल्द ही ईडी एल्विश को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुला सकती है। इस मामले में ईडी ने नोएडा में दर्ज हुई एफआईआर को आधार बनाकर केस दर्ज किया। इस बारे में नोएडा पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इडी ने एल्विश प्रकरण को लेकर संपर्क नहीं किया है। अगर इडी के अधिकारी संपर्क करते हैं तो मामले में पूरा सहयोग किया जाएगा। बिग बॉस ओटीटी-2 विनर एल्विश को सांप के जहर से जुड़े मामले में नोएडा पुलिस ने इसी साल 17 मार्च को गिरफ्तार किया था। 5 दिन जेल में रहने के बाद वह अभी जमानत पर बाहर है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में ईडी मुख्यालय के निर्देश पर लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय ने केस दर्ज करके जांच शुरू की है। दरअसल भाजपा सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल्स फॉर एनिमल्स के अधिकारी गौरव गुप्ता ने एल्विश समेत 6 लोगों के खिलाफ नोएडा सेक्टर-49 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

## संक्षिप्त समाचार



यातायात नियमों की जानकारी देते ट्रैफिक पुलिसकर्मी।

### चलती कार में लगी आग से मचा कोहराम

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के अंतर्गत एडवांट टावर के पास परी चौक से नोएडा की ओर जा रही महिंद्रा एक्सयूवी 300 कार में आग लग गई। इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने कार को सड़क के किनारे रोक दिया और उतर गया। सूचना पाकर पहुंची फायर सर्विस यूनिट ने आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। कार में आग लगने से अल्प समय के लिए यातायात भी बाधित हुआ। एक्सप्रेसवे थाने की टीम ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सामान्य कराया।

### फैक्टी में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

**नोएडा।** थाना फेस -दो क्षेत्र के सेक्टर-80 के डी- ब्लॉक स्थित लिथियम सोलर बैटरी बनाने वाली फैक्टरी की पहली मंजिल पर आग लग गई। अंदर मौजूद करीब 20 लोग आग लगते ही बाहर निकल आए और घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की 5 गाड़ियों मौके पर पहुंच गईं। पांच गाडि?ों की मदद से करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। कंपनी के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया है। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। थाना फेस -2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि आग लगने के बाद अंदर मौजूद लोगों ने इस पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि आग का दायरा बढने् के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। टीम ने पानी का छिड़काव कर आग का दायरा बढने् से रोक दिया वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान स्थानीय थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

### महिला को बाइक सवार ने टक्कर मारकर किया घायल

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित बील गांव कट के पास बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी । महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है । पुलिस बाइक चालक आरोपी की तलाश में लगी है । पुलिस ने बताया कि कोतवाली दादरी क्षेत्र के चिटहेरा गांव निवासी उषा देवी रोजमर्रा की तरह दो मई को घर से बील अकबरपुर गांव स्थित गोदाम पर काम करने पैदल जा रही थी । जब वह बील अकबरपुर गांव कट के पास पहुंची तो बाइक सवार ने तेजी वे लापरवाही से चलाते हुए उषा देवी को टक्कर मार दी । जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई । बाइक सवार वहां से फरार हो गया ।

### चोरी के मामले में एक गिरफ्तार, दो फरार

**नोएडा।** जीटी रोड स्थित धूम मानिकपुर गांव में तीन सप्ताह पूर्व मकान में घुसकर चोरी करने को लेकर पुलिस ने जांच के दौरान एक चोर को गिरफ्तार किया है । जबकि दो चोर मौके से फरार हो गए । पुलिस ने चोर को कब्जे से जेवरात व चोरी करने के उपकरण तथा अन्य कीमती सामान बरामद किया है । फरार चोरों की तलाश में पुलिस लगी है । पुलिस ने बताया कि कूड़ी खेड़ा मोड़ के पास पुलिस जांच कर रही थी । तभी डेरी मच्छा गांव निवासी अरुण व राहुल तथा नोएडा के निठारी गांव निवासी विशाल एक प्लास्टिक का कट्टा लेकर पैदल जा रहे थे । प्लास्टिक का कट्टा अरुण के पास था । पास आते ही पुलिस ने तीनों को रोक लिया । और जैसे ही कट्टे की तलाशी लेकर जांच करने लगे तो इसी दौरान विशाल व राहुल मौके से फरार हो गए । पुलिस ने जब कट्टे की तलाशी ली तो

# ग्रेटर नोएडा में बदला गया ट्रैफिक प्लान, कई रास्ते बंद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- शाहबेरी मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण और आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण की ओर से शाहबेरी मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण और आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में निर्माण कार्य शुरू होने के कारण रोड की मरम्मत होने तक मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा।

ग्रेटर नोएडा में निर्माण कार्य होने के कारण शाहबेरी गांव से क्रासिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की ओर जाने वाले और एनएच-24 तथा एबीईएस कॉलेज गाजियाबाद से शाहबेरी होकर इटेहडा व किसान चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर डायवर्जन रहेगा। आपको बता दें कि ग्रेटर ननोएडा के शाहबेरी में फर्नीचर दुकानदारों ने डिवाइडर को हटाकर मनमुताबिक कट बना रखे है। अभी कट छोटा होने के कारण यहां गाड़ियों को मुड़ने में समय



लगता है। सड़क चौड़ी करने के साथ नालियों को दुरूस्त कर एक बड़ा कट बनाया जाने की जरूरत थी। इसके अलावा बड़ी संख्या में सोसाइटी में रहने वाले लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं, जो बीच सड़क वाहन खड़े कर देते हैं।

इस मार्ग पर पीछे से आ रही गाड़ी जिसे क्रॉसिंग रिपब्लिक की ओर जाना होता है वह जाम में फंस जाती है। यहां पार्किंग के लिए जगह नहीं है। सड़क, नाली और डिवाइडर मरम्मत के बाद जाम की संभावना कम हो सकती है। इसलिए सड़क की मरम्मत का कार्य किया जाना है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव का कहना है कि यातायात डायवर्जन के दौरान इमरजेंसी वाहनों को सकुशल पास कराया जाएगा। कृपया असुविधा से बचने हेतु वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यातायात में असुविधा उत्पन्न होने पर यातायात हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते है।

# छात्रा व उसकी बहन का धर्मांतरण करवाने के प्रयास में 6 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बी-टेक की छात्रा और उसकी कजन बहन को बाइबल पढ़ने के लिए प्रेरित करने और उनके धर्मांतरण करने के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने थाना एक्सप्रेसवे में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना एक्सप्रेसवे में जितेंद्र बहादुर नामक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जेपी विश टाउन सोसायटी में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार उनकी बेटी बी-टेक की पढ़ाई कर रही है। जब वह बस से उतरकर घर आती है तो गुलशन माल के पास इशु, रूथ सहित कई लोग उसे मिलते हैं। ये लोग उसे बाइबल पढ़ने के लिए बुलाते हैं, तथा उससे कहते हैं कि आप हमारे घर पर आओ। पीड़ित के अनुसार उनके साले की बेटी के साथ भी इन्होंने इसी तरह की वारदात की है। आशंका व्यक्ति है कि ये लोग धर्म परिवर्तन कराने का रैकेट चलाते हैं।

## कंपनी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित केआरबीएल कंपनी में कमरे में कर्मचारी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा के जनपद सोनीपत के बुठाना गांव निवासी विनोद कुमार के बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित केबीआर एल कंपनी में कर्मचारी है । शनिवार को ड्यूटी कर अपने कमरे पर चले गए । रविवार को जब उनका सुबह उनके कमरे गेट नहीं खुला तो आसपास के लोगों ने कमरे की कुंडी काफी देर तक बजाने से नहीं खुली। तो घटना की सूचना पाकर पुलिस को दी गई ।

# कूलर नहीं लाने पर पति से हुआ विवाद, पत्नी ने लगा ली फांसी

- डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भीषण गर्मी होने के चलते पत्नी मोनिका ने पति जयभूषण से कूलर लाने के लिए कहा तो दोनों के बीच विवाद हो गया।

नाराज मोनिका ने रविवार सुबह चुनरी से फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका के ही छोटे भाइयों ने यह देखकर शोर मचाया और उसे फंदे से नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मोनिका मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। डेढ़ साल पहले ही उसकी जयभूषण से शादी हुई थी। उनका छह महीने का एक बच्चा भी है। शुरुआती जांच में सामने आया कि मोनिका पति और बच्चे के साथ सुदामापुरी में रहते हैं। साथ में मोनिका के दो छोटे भाई भी रहता है। जयभूषण मजदूरी करता है।

उनका कमरा तीसरी मंजिल पर है। मोनिका कमरे में काफी गर्मी होने की बात कहकर जयभूषण से कई दिनों से कूलर लाने की कह रही थी। जयभूषण ने कुछ दिनों में कूलर की व्यवस्था करने के लिए कहा था। इसी बात पर रविवार सुबह दोनों के बीच झगड़ा हुआ और वह बाहर चला गया।

# नीट की तैयारी नहीं होने से परेशान छात्र ने दी जान

- पिछले दो प्रयासों में रही थी असफल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरौला गांव के पास विष्णु विहार कॉलोनी में नीट की परीक्षा की तैयारी न होने के चलते फंदा लगाकर छात्र ने आत्महत्या कर ली ।

घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में लगी है। पुलिस ने बताया कि जनपद मैनपुरी के घिरोर गांव निवासी विवेक मिश्रा परिवार के साथ बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरौला गांव के पास विष्णु विहार कॉलोनी में रहते हैं। वह पिछले 2 साल से नीट की तैयारी कर रहे थे। रविवार को नीट की परीक्षा थी। विवेक मिश्रा के बाबा की दो दिन पूर्व मौत हो गई थी । जिसके चलते उनके पिता मनीष मिश्रा परिवार के साथ गांव गए हुए थे। और विष्णु मिश्रा घर पर अकेला था।

नीट की परीक्षा की तैयारी पूर्ण नहीं होने के चलते रविवार को परीक्षा देने के लिए नहीं गया । और घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । जब पड़ोसियों ने देखा कि काफी देर से दरवाजा बंद है तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया। लेकिन दरवाजा नहीं खुला । घटना की सूचना पुलिस को दी गई । सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने देखा तो वह फंदे पर लटका था । पुलिस ने फंदे से उतार कर मृतक छात्र के परिजनों को संपर्क कर घटना की सूचना दी । और शव को कब्जे में ले लिया । मृतक छात्र के अन्य रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी अमरीश कुमार का कहना है कि प्रथम जांच में जानकारी मिली कि वह नीट की तैयारी न होने के चलते तनाव था । और तनाव के चलते ही उन्होंने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है ।

# साहिबाबाद स्टेशन पर मिलेगी ई.वाहन चार्ज सुविधा

- आरआरटीएस अन्य स्टेशनों पर भी मिलेगी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर पहला इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। अब यात्री अपने ई-वाहनों को साहिबाबाद स्टेशन पर लाकर आसानी से चार्ज कर सकेंगे। यह ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन के गेट नंबर एक पर बनाया गया है। इस ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन पर विभिन्न प्रकार के ई-वाहनों को चार्ज करने की सुविधा है।

यात्रियों की सुविधा के लिए यहां वाहनों की चार्जिंग के लिए 3.3



किलोवाट की क्षमता वाली तीन धीमी चार्जिंग यूनिट और इसके साथ ही 30 किलोवाट की क्षमता वाली एक तेज चार्जिंग यूनिट लगाई गई है।

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए वाहन मालिकों को एक निर्धारित मोबाइल एप्लिकेशन का प्रयोग करना होगा, जिसमें वाहनों की चार्जिंग के दौरान उपयोग होने वाली विद्युत की खपत की मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। इसके साथ ही इस मोबाइल एप्लिकेशन में वाहन चार्जिंग में उपयोग हुई विद्युत की यूनिट के हिसाब से ऑनलाइन भुगतान करने की भी सुविधा होगी।

एनसीआरटीसी का यह कदम लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के कई उपायों में से एक है। इस स्टेशन पर यात्री अपने चौपहिया वाहनों को फास्ट चार्जिंग यूनिट पर महज एक घंटे में फुल चार्ज कर सकेंगे। वहीं धीमी चार्जिंग यूनिट पर चौपहिया वाहनों के चार्ज होने में लगभग 3 घंटे और दुपहिया वाहनों को लगभग डेढ़ घंटे का समय लगेगा।

यात्री नमो भारत ट्रेनों में यात्रा करने के दौरान अपने वाहनों को चार्जिंग पर लगा सकते हैं और वापसी पर अपने वाहन को फुल चार्ज के साथ घर ले जा सकेंगे। भविष्य में ईवी चार्जिंग सुविधाओं को आरआरटीएस के अन्य स्टेशनों गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नॉर्थ तक भी ब?ाया जाएगा। इस विस्तार से न केवल आरआरटीएस यात्रियों को लाभ होगा, बल्कि स्थानीय निवासी भी इस सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।

# बहन की डोली उठने की तैयारियों के बीच उठ गई भाई की अर्थी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में एक मासूम बच्चे का पांच दिन पहले अपहरण कर लिया गया। किशोर की लाश बुलंदशहर के नहर में मिली है। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस 15 वर्षीय कुणाल शर्मा को सही सलामत बरामद करने में नाकाम रही। गौरतलब है कि कुणाल शर्मा रबूपुरा के मायना गांव का रहने वाला है और एक ढाबा मालिक का बेटा है। मृतक की मां की मौत 15 साल पहले हो चुकी है।

कुणाल शर्मा की बहन की शादी 10 मई को होनी थी। घर में तैयारी चल रही थी। इस सूचना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं। मृतक के परिजन लगातार पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। मृतक कुणाल शर्मा के पिता कृष्ण कुमार का कहना है कि ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा के रहने वाले कृष्ण कुमार अपना रेस्टोरेंट चलाते हैं। वो बेटी की शादी की तैयारियों को लेकर गांव गए हुए थे। बेटी की शादी 10 मई को होनी थी। इस दौरान 1 मई को उनके बेटे कुणाल शर्मा का रेस्टोरेंट के बाहर से अपहरण हो गया। अपहरण की शिकायत थाना बीटा 2 पुलिस को दी थी। उसे ढूंढने के लिए 10 टीमों का गठन किया था। इसके बाद भी पुलिस कुणाल को नहीं खोज पाई। आरोप है कि पुलिस ने तत्परता से मामले की जांच नहीं कि जिसके बाद कुणाल का शव बुलंदशहर के नहर से बरामद हुआ है। परिजनों का कहना है कि इस केस में कदम-कदम पर लापरवाही बरती है।

# काशी के बाद राजधानी में तमिल संगमम

## खानपान और रहन-सहन अलग हो सकता है लेकिन दिल से आवाज निकलती है भारत माता की जय : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा के तमितनाडू प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को तालकटोरा स्टेडियम में उत्तर और दक्षिण की संस्कृति को एकाकार करने वाले दिल्ली-तमिल संगमम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर तामिलनाडू से आ कर राष्ट्रीय राजधानी में बसे परिवारों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को तामिल नाडू भाजपा के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने मुख्य अतिथी के रूप में सम्बोधित किया। दिल्ली भाजपा के तमिलनाडु प्रकोष्ठ के संयोजक के. मुथूस्वामी ने मंच संचालन किया।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि एक साल पहले काशी में तमिल संगमम का आयोजन किया गया था जिसके बाद दिल्ली के अंदर भी तमिल संगमम का आयोजन करने का विचार बनाया और आज इसका सफल आयोजन कर रहे हैं। अन्नामलाई ने तमिलनाडू में भाजपा के कामों को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे खानपान और रहन-सहन अलग हो सकता है लेकिन एक दिल से आवाज निकलती है भारत माता की जय।



राजधानी में आयोजित दिल्ली-तमिल संगमम के दौरान भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा, बांसुरी स्वराज व अन्य।

सचदेवा ने कहा कि जहां झुग्गी वहां मकान, उज्जवला योजना जैसी योजनाओं का लाभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि समाज के सभी वर्गों को मिले। मोदी सरकार ने इन सभी योजनाओं को जमीन पर लाना और सुनिश्चित करना कि इन योजनाओं का लाभ दूर स्थित गांव हो या फिर समाज का कोई भी वर्ग, सबके पास पहुंचे, सिर्फ कहा नहीं करके दिखाया। के. अन्नमलाई ने कहा कि 25 मई को दिल्ली के सभी सातों सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित हो, इसकी तैयारी करनी है। राजधानी में तमिल समाज को ना सिर्फ सम्मान देने का काम प्रदेश अध्यक्ष ने किया है, बल्कि उन्होंने तमिल संस्कृति को अपनाया है वह अपने आप में आदर देने वाला है। स्व. सुषमा स्वराज का जुड़ाव हमेशा से तमिलनाडू से रहा है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी बेटी बाँसुरी स्वराज भी तमिल समाज के लिए काम करेगी। उन्होंने तमिल के लोगों को अपनाया है यह तमिल नाडू के लिए गर्व की बात है। 13 मई के बाद तामिल नाडू के सभी साथी तैयारी कर रहे हैं दिली आने के लिए ताकि 25 तारीख को होने वाले चुनाव में सातों सीटों पर हमारी जीत निश्चित करा सकें। अन्नामलाई ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिल समाज के लोगों को हर जगह सम्मान दिया है। उनके 10 सालों के कार्य में चाहे वह पक्का मकान देना हो, एलपीजी गैस सिलेंडर देना हो या फिर अन्य अन्य योजना हो, बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिला है। लेकिन दिल्ली के अंदर एक ऐसे व्यक्ति की सरकार है जिसको आम जनता की सेवा करनी चाहिए वह लगातार घोटाला कर रहे हैं। जिसके साथ कभी हाथ ना मिलाने की बात कही थी आज उसके साथ सत्ता बनाने की बात कर रहे हैं।



आप प्रत्याशी के समर्थन में देवली विधानसभा में रोड शो करतीं सुनीता केजरीवाल।

# केजरीवाल को दिल्ली के लोगों की जिंदगी बेहतर करने का जुनून है : सुनीता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के देवली विधानसभा में रोड शो किया। यहां से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में आयोजित रोड शो में लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। सुनीता ने भी हाथ जोड़ कर लोगों का आशीर्वाद लिया और जेल का जवाब वोट से देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने हर महिला को एक हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसीलिए विपक्षी पार्टी ने मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया, ताकि महिलाओं को एक हजार रुपए महीना नहीं मिल सके।

उन्होंने दावा किया कि विरोधी कुछ भी कर लें लेकिन केजरीवाल माताओं-बहनों को हजार रुपए महीना देकर ही दम लेंगे। सुनीता ने कहा कि भाजपा ने सीएम केजरीवाल को जबरदस्ती जेल में डाला हुआ है। अभी तक किसी अदालत ने उनको दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है।

क्या यह जांच 10 साल चलेगी तो ये केजरीवाल को 10 साल जेल में रखेंगे। इससे पहले कोई व्यक्ति तब जेल जाता था, जब अदालत उसे दोषी ठहरा देती थी। अभी इन्होंने एक नया सिस्टम निकाला है। ये कहते हैं कि जब तक जांच चलेगी, तब तक जेल में रहना पड़ेगा। यह सरासर गलत और तानाशाही है।

### सीएम को जेल भेजने से लोगों नाराज : राय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को राजेंद्र नगर में जेल का जवाब वोट से अभियान के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने आप का झंडा और सीएम केजरीवाल के कटआउट के साथ शामिल हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा वॉशिंग मशीन का डेमो भी दिखाया कि कैसे इस मशीन में डालने के बाद बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी धुलकर बेदाग हो जाते हैं। वॉकथॉन में आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, लोकसभा प्रत्याशी सोमनाथ भारती, मेयर शैली ओबेरॉय, विधायक दुर्गेश पाठक, विधायक विशेष रवि और विधायक शिव चरण गोयल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि भाजपा ने प्रचंड बहुमत से चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत और एफआईआर के चुनाव के बीच जेल में डाला दिया है। सीएम की गिरफ्तारी के खिलाफ पूरी जनता में काफी गुस्सा है। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों समेत समाज का हर तबका केजरीवाल की गिरफ्तारी से दुखी है।

# देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला

- बोलेः संगठन को मजबूत कर 2025 विधानसभा चुनाव में बहुमत के साथ वापसी कराऐंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को अध्यक्ष पद संभाल लिया। चुनौती पूर्ण समय में पदभार संभालते हुए देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधीका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता कांग्रेस को एक बार फिर बुलंदियों पर लेकर जाऐंगे। इससे पहले रविवार सुबह दस बजे से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी की टोपी पहनकर टोलियों में हाथों में तिरंगा झंडा और ढोल नगाड़ों के साथ राजीव भवन पहुंचने शुरु हो गए थे।

इस दौरान देवेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनौती पूर्ण समय में कांग्रेस नेतृत्व ने उनपर विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी है।

वह विश्वास दिलाते है कि उसे पूरी तरह निभाएंगे। इस कठिन समय में हमें एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस की विचारधारा के अनुरुप काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा उन्हें बड़ी से मिली है उस विचारधारा ने उन्हें संघर्ष करना व ईमानदारी से काम करना सिखाया जिसकी बदौलत कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कभी भेदभाव और बांटने का काम नहीं किया। वह हमेशा सभी को साथ लेकर चलने की कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखते हैं और भविष्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम करेंगे। कांग्रेस 5 न्याय और 25 गारंटी में निर्धारित युवा, नारी, हिस्सेदारी, किसान और श्रमिकों के अधिकारों और हितों के लिए सत्ता में आने के बाद सर्वप्रथम कदम उठाऐगी।

उन्होंने कहा कि हमें हर वर्ग, समुदाय, समाज, गरीब, मध्यम व निम्न वर्ग को साथ लेकर चलना होगा और आने वाले समय में कांग्रेस संगठन को मजबूत करके 2025 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत के साथ वापसी कराऐंगे।

### कोरियाई नागरिक से तीन लाख अमेरिकी डॉलर बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने रविवार को एक कोरियाई नागरिक के पास से तीन लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की नकदी बरामद करने के बाद उसे हिरासत में ले लिया। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सीआईएसएफ के अधिकारी के मुताबिक कोरियाई नागरिक थाई एयरवेज की उड़ान से बैंकॉक जा रहा था और उसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया गया। कोरियाई नागरिक के सामान की तलाशी लेने पर उसमें से 3.39 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 2.80 करोड़ रुपए) की नकदी बरामद की गई।

# गाजीपुर लैंडफिल अग्निकांड में एनजीटी ने सीपीसीबी और एमसीडी से मांगा जवाब

- अधिकरण 21 अप्रैल को आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गाजीपुर लैंडफिल में लगी आग। (फाइल फोटो)

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पिछले महीने गाजीपुर लैंडफिल स्थल (कचरा एकत्रित करने की जगह) पर आग लगने की घटना पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों से पांच सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अधिकरण 21 अप्रैल को पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर भीषण आग लगने की घटना के संबंध में एक अखबार की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा था।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि समाचार रिपोर्ट ने पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। पीठ ने कहा कि 2022 में इस स्थल पर इसी तरह की आग लगी थी और अधिकरण ने अगले साल जनवरी में उपचारात्मक उपाय करने के निर्देश जारी करने के अलावा, दिल्ली सरकार पर 900 करोड़ रुपए का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया था। पीठ ने पिछले साल कहा था कि दिल्ली सरकार और उसके प्राधिकारियों ने आग रोकने के लिए न्यूनतम मानकों का भी पालन नहीं किया है।




उन्नतीस अप्रैल को पारित हुए एक आदेश में अधिकरण ने कहा, उपरोक्त आदेश के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और लैंडफिल स्थलों पर ऐसी आग लगने की घटनाएं अब भी हो रही हैं। पीठ ने इस मामले में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सदस्य, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त और पूर्वी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट को प्रतिवादी के रूप में पक्षकार बनाया है। अधिकरण ने कहा, मामले से जुड़े मुद्दे को ध्यान में रखते हुए हम सभी प्रतिवादियों को पांच सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट या जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हैं। अधिकरण ने डीपीसीसी के वकील की इस दलील पर गौर किया कि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम में संशोधन के कारण समिति के पास पर्यावरणीय जुर्माना लगाने की शक्ति नहीं है।

इसमें कहा गया है, सीपीसीबी को इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों या प्राधिकारी पर लगातार उल्लंघन पर पर्यावरणीय जुर्माना लगाने के मुद्दे की जांच करने और पांच सप्ताह के भीतर न्यायाधिकरण के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया जाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई छह अगस्त को होगी।

# माता-पिता को स्कूल एसी सुविधा का खर्च वहन करना चाहिए : हाईकोर्ट

- अदालत ने कहा कि छात्रों को प्रदान की जाने वाली सुविधा है, जो लैब शुल्क जैसे मद से अलग नहीं है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने कहा है कि स्कूल में वातानुकूलन (एयर कंडीशनिंग) का खर्च माता-पिता को वहन करना होगा, क्योंकि यह छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में वातानुकूलन के लिए प्रतिमाह 2,000 रुपए वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी।

पीठ ने दो मई को पारित अपने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखना चाहिए। याचिकाकर्ता का बच्चा एक निजी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता है।

याचिकाकर्ता ने दलील दी कि छात्रों को वातानुकूलन सुविधा प्रदान करने का दायित्व प्रबंधन का है, इसलिए प्रबंधन द्वारा इसे अपने स्वयं के संसाधनों से प्रदान किया जाना चाहिए। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि फीस रसीद में वातानुकूलन के लिए शुल्क की प्रविष्टि विधिवत दर्ज है। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्कूल द्वारा लगाए गए शुल्क में कोई अनियमितता नहीं है।

# अलीपुर हत्याकांड मामले में दो शूटर समेत तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अलीपुर में बीते 22 अप्रैल की दोपहर एक खड़े टैंपो पर अधाधुंध फायरिंग करके चालक की हत्या और हेल्पर के पैर में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने की वारदात हुई थी।

जिसमें एक युवक किसी तरह से मौके पर से फरार होने में कामयाब हो गया था। अलीपुर और स्पेशल सेल ने सांझा ऑपरेशन के तहत दो शूटरों और एक मुखबिर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो पिस्टल और बाइक जब्त की हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वारदात जितेन्द्र उर्फ गोगी और सुनील ताजपुरिया की मौत होने के बाद उनके करीबी अपने अपने गैंग को नये सिरे से बनाकर और वर्चस्व कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। अलीपुर वारदात अपने गैंग लीडर की मौत हो बदला लेने के लिये जेल में बंद गुर्गो ने हत्या की साजिश रची थी। बीते 22 अप्रैल की दोपहर अलीपुर बस स्टॉप के पास गोलियां चलने की पीसीआर कॉल पुलिस को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। एक टेंपो पर कई गोलियों के निशान थे। पता चला कि दो बाइक पर पांच बदमाशों ने गोलियां चलाई थी। वारदात में टैंपो चालक नरेन्द्र उर्फ ढिल्ला की गोलियां लगने से मौत हो गई थी।

### बाइक सवार को धमकी देकर लाखों का सोना लूटा

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने गर्दन दबाकर जान से मारने की धमकी देकर एक युवक से दो सौ एक ग्राम सोना लूट लिया। जिसकी कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वारदात वाले रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक आदर्श नगर पुलिस को आजादपुर फ्लाईओवर पर बाइक सवार बदमाशों द्वारा एक युवक से लूटपाट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची।

## संक्षिप्त समाचार



राजधानी के स्कूलों में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मेडिकल पात्रता परीक्षा (नीट) देने जातीं छात्राएं। फोटो : रंजन डिमरी

### तीन साल बाद वांछित बदमाश पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक पैरोल जम्पर बदमाश मोहम्मद आलम को तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल रामनिवास को आरोपी मोहम्मद आलम के बारे में पता चला था कि वह जे जे कॉलोनी जहांगीरपुरी इलाके में कहीं पर ठिकाना बनाकर छिपा हुआ है। एसीपी राज कुमार साहा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को जहांगीरपुरी इलाके में घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जमानत के बाद अपना फोन,सिमकार्ड और ठिकाना बार बार बदल रहा था। आरोपी कई बदमाशों के संपर्क में था। उसने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए जहांगीरपुरी और आस-पास के इलाके का समूह बनाया हुआ था।

### करावल नगर में दो फैक्टरी सील, तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** आपकी रसोई में जो पैकेट बंद मसाले हैं वो क्या अच्छी गुणवत्ता सामान से बन रहे हैं। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करावल नगर में एक ऐसी फैक्टरी को सील किया है। जिसमें मसाले बनाने के काम में सड़े हुए चावल, सड़े हुए नारियल, नीलगिरी के पत्ते, सड़े हुए जामुन, लकड़ी की धूल, साइट्रिक एसिड, चोकर, सूखी मिर्च के सिर वहां रंग रसायन आदि का इस्तेमाल किया जा रहा था। आरोपियों की पहचान खुर्शीद मलिक,सरफराज और दिलीप सिंह उर्फ बंटी के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से मसाले बनाने में इस्तेमाल दो बड़ी मशीनें,टेंपो और अन्य सामान के साथ 15 टन मिलावटी भारतीय मसाले एवं कच्चा माल ,जिसमें अखाद्य पदार्थ, प्रतिबन्धित पदार्थ, गन्दा पदार्थ, रसायन, एसिड आदि बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा को दिल्ली एनसीआर में मिलावटी खाद्य मसालों के निर्माता और आपूर्तिकर्ताओं के बारे में जानकारी मिली थी। एसीपी पवन कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में करावल नगर स्थित दो फैक्ट्रियों पर छापा मारा था। जहां से दिलीप सिंह उर्फ बंटी और खुर्शीद मलिक को पकड़ा था।

### दो नाबालिग बच्चों की हत्या के बाद पिता फरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के केशव पुरम इलाके में अपनी दुकान में दो नाबालिग बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने वाला पिता अब भी फरार है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस और अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है। अपने पिता की किराने की दुकान के अंदर शनिवार को एक 13 वर्षीय लड़की और उसका 11 वर्षीय छोटा भाई मृत पाए गए थे। बच्चों के पिता मनीष पर संदेह है कि उसने अपने बच्चों को कोई जहरीला पदार्थ देकर या गला घोंटकर मार डाला है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने मामले की जांच के लिए अपराध शाखा समेत अलग-अलग टीमें बनाई हैं। हम मनीष के मोबाइल फोन लोकेशन की भी जांच कर रहे हैं और यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या वह किसी अन्य नंबर का उपयोग कर रहा है या अपने परिचितों से संपर्क कर रहा है। पुलिस ने बताया कि जब परिवार के अन्य सदस्यों ने शटर खोला तो दोनों बच्चे दुकान में बेहोश पड़े मिले थे जिसके बाद वे उन्हें अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# युवा मतदाता पंजीकरण में हो रही वृद्धि : सीईओ

- बोलेः सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के जरिए बड़ी जागरूकता
- महिलाओं ने बड़ी संख्या में लिया भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मतदाता सूची को संशोधित कर दिया गया है। इसमें 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने बताया कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप ) गतिविधियों के ठोस प्रयासों से युवा मतदाता पंजीकरण में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। 22 जनवरी 2024 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में पहली बार मतदाताओं की संख्या में वृद्धि देखी गई है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि मतदान सूची में पहली बार नामांकित मतदाताओं की संख्या 1,47,074 से बढ़कर लगभग 2.43 लाख हो गई है। सीईओ ने उम्मीद जताई कि पूरक मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अंतिम आंकड़ा लगभग 2.5 लाख तक बढ़ जाएगा। यह उपलब्धि बताती है कि युवाओ को केंद्र में रखकर चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान अपना उद्देश्य हासिल करने मे सफल रहे है।



पी. कृष्णमूर्ति, ने बताया कि चुनावी साक्षरता क्लब, (स्कूल-1003 और कॉलेज-119) चुनाव पाठशाला (11,458), और मतदाता जागरूकता मंच (192), सहित व्यापक भागीदारी पहल युवा, खासकर पहली बार वोट डालने जा रहे (18 से 19) वर्ष के मतदाताओ को, मतदाता सूची में खुद को पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित करने में निर्णायक रहे हैं। दिल्ली स्वीप गतिविधियाँ बड़े पैमाने पर आयोजित की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न जिलों में नुक्कड़ नाटक, ड्राइंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और मतदाता जागरूकता रैलियां जैसी विविध पहल शामिल हैं। इन गतिविधियों ने न केवल जागरूकता को बढ़ावा दिया है बल्कि युवा मतदाताओं में जिम्मेदारी और भागीदारी की भावना भी पैदा की है।

शहर के विभिन्न हिस्सों में स्वयं सहायता समूह की महिला मतदाताओं के लिए विशेष रूप से चुनाव जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से महिला मतदाताओं को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मतदान प्रक्रिया में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए शिक्षित और प्रेरित किया जा रहा है।

# होटल में छापेमारी, कैसिनो सील, पांच आयोजक समेत 22 पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक प्रतिष्ठित होटल में अवैध रूप से खेल जाने वाले कैसीनो का पर्दाफाश करते हुए 5 आयोजकों समेत 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से दाव पर लगे सवा नौ लाख रुपये,160 कैसीनो टोकन, 16 पासे और 16 ताश की गड्डी बरामद की हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसआई आशीष की जानकारी के बाद एसीपी रमेश चंदर लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेन्द्र मोहन और कमल के निर्देशन में एसआई गुलाब, आशीष, अंकित और समय सिंह, एएसआई राकेश, जफरूद्दीन और शैलेन्द्र, एचसी रामकेश, वरुण, शक्ति और कांस्टेबल नवीन को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने रविवार रात दो बजे फाइव स्टार होटल में छापेमारी की। होटल के दो कमरों में कैसिनो खेला जा रहा था। कमरे अतुल सैनी के नाम पर बुक थे। अतुल सैनी,सनी बडजातिया उर्फ बब्लू,अरुण शर्मा और अजीत कुमार कैसिनों के आयोजक थे,जिनको गिरफ्तार कर लिया। पांचवें साथी और मास्टरमाइंड सचिन को उसके कृष्णा नगर, सफदरजंग एन्क्लेव स्थित घर से गिरफ्तार किया। मौके पर से पुलिस ने 17 ओर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि सचिन सैनी ने अपने परिचित ग्राहकों को फोन किया और होटल की व्हाट्सएप लोकेशन भेजी।

# उपायुक्त ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा- लॉक खोलने और बंद होने की वीडियोग्राफी होनी चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने स्थापित ईवीएम के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने स्ट्रॉन्ग रूम लॉगबुक, सीसीटीवी, बैकअप और डीवीआर आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार सभी प्रबंधों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम के लॉक पर सील और सीसीटीवी को भी चेक किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी के वर्किंग होने के साथ साथ उसकी फुटेज की बैक अप सेव होना जरूरी है। इसी प्रकार से स्ट्रांग रूम पर तैनात गार्द का लॉग बुक रजिस्टर पूरी तरह से मेंटेन हो। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार ईवीएम व वीवीपैट स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम खोलते समय निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। उन्होंने मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखने और काउंटिंग की व्यवस्था बारे भी जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम के लिए मार्किंग की जाए। स्ट्रांग रूम में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो। लॉक को खोलने और बंद होने की वीडियोग्राफी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रोंग की पूरी व्यवस्था में जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदान करवाने के लिए ईवीएम डिस्ट्रीब्यूशन और मतदान के बाद ईवीएम जमा किए जाने की व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार व्यवस्थित ढंग से होना चाहिए। इसके लिए ड्यूटी में नियुक्त प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेवार है। इस अवसर पर बादशाहपुर के एआरओ एवं एसडीएम विश्वजीत चौधरी, सोहना के एआरओ एवं एसडीएम सोनू भट्ट, नूंह के एसीयूटी अनिरुद्ध यादव, गुरुग्राम के एआरओ एवं एसडीएम रविंद्र कुमार, पटौदी के एआरओ एवं एसडीएम होशियार सिंह, पटौदी के नायब तहसीलदार सुरजीत सिंह व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



सेक्टर-14 राजकीय कन्या महाविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव।

# नामांकन जमा कराने का आज अंतिम दिन

- गुरुग्राम लोकसभा सीट के लिए अब तक 23 उम्मीदवार जमा करवा चुके हैं नामांकन-पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।




लोकसभा चुनाव-2024 के लिए सोमवार 6 मई को नामांकन-पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे। गुड ?ांव लोकसभा सीट के लिए अभी तक 23 प्रत्याशी अपना नामांकन-पत्र दाखिल कर चुके हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया आरंभ की गई थी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोमवार 6 मई को नामांकन-पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन है। सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक डीसी ऑफिस के कोर्ट रूम में नामांकन-पत्र लिए जाएंगे। उसके बाद कोई उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर सकेगा। गुड ?ांव लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक गुड़गांव लोकसभा सीट के लिए अभी तक 23 उम्मीदवारों ने अपने नोमिनेशन फाइल किए हैं और 33 सैट जमा करवाए गए हैं।

इन 23 में तीन उम्मीदवारों ने कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर अपना नामांकन जमा करवाया है। सात मई को जमा हुए सभी नामांकन पत्रों की जांच और छंटनी करने का कार्य किया जाएगा। किसी नामांकन-पत्र में कोई कमी पाई गई तो उसे रद्द भी किया जा सकता है।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 9 मई को नामांकन पत्र वापस लिए जाने का दिन है। इसका समय दोपहर तीन बजे तक का निर्धारित किया गया है। इसके बाद जो उम्मीदवार शेष रह जाएंगे, उनको चुनाव निशान आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 मई को गुड ?ांव लोकसभा सीट के सभी नौ हलकों के मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

मतदान प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात 4 जून को वोटों की गिनती करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यप्रणाली से करवाया जा रहा है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासन की ओर से पूरी निष्पक्षता बरती जा रही है। इसके अलावा आम नागरिकों को अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# ऐप बताएगा वोटिंग के लिए आपका नंबर कब आएगा

- मतदाताओं की सुविधा के लिए बनाया गया है वोटर इन क्यू एप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

वोटर इन क्यू ऐप...। लोकसभा चुनाव से संबंधित एक ऐसा ऐप, जिससे आप जान सकेंगे कि वोट डालने के लिए आपके बूथ पर आपका नंबर कब तक आएगा।

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक प्रकार की सुविधाएं आम मतदाताओं को प्रदान की जा रही हैं। इनमें से एक वोटर इन क्यू ऐप है। जिसकी सहायता से वोटर घर बैठे यह देख सकता है कि वोट डालने के लिए उसका नंबर कितनी देर बाद आएगा।




गुरुग्राम जिला के बादशाहपुर, पटौदी और गुड़गांव विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग बूथों पर वोटर इन क्यू ऐप की सुविधा रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव के मुताबिक 25 मई को मतदान के दिन गुड़गांव के 367, पटौदी के 250 और बादशाहपुर के 455 पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लाइन को वोटर इन क्यू ऐप के जरिए देखा जा सकता है। मतदाताओं को वोट डालने के लिए अपनी बारी के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए लगी लाइन को देख कर वे अपनी सुविधा के अनुसार मतदान के लिए जा सकते हैं।

वोटर इन क्यू मोबाइल ऐप को भारत निर्वाचन आयोग ने प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। मोबाइल ऐप पर मतदाता को अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर आईडी फीड करने पर एक ओटीपी दिया जाएगा। इस ओटीपी का प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में यह सूचना देगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं। इस मोबाइल ऐप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है।

## चुनाव के दौरान लाइसेंसधारी जमा कराएं हथियार: उपायुक्त

**गुरुग्राम।** लोकसभा के लिए होने वाले आम चुनाव को देखते हुए जिलाधीश एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने जिला के लोगों की सुरक्षा के लिए धारा 144 के तहत निर्देश जारी किए हुए हैं। इसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का हथियार अपने साथ नहीं रख सकता और ये आदेश लोकसभा चुनाव पूरा होने तक लागू रहेंगे।

जिलाधीश के निर्देशों के अनुसार जिला के सभी लाइसेंस हथियार धारकों को संबंधित थानों में हथियार जमा करवाने जरूरी हैं। जिलाधीश के अनुसार जिला का कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का हथियार लिए पाया जाता है तो उसे आम जनता के लिए खतरनाक मानकर अपराध समझा जाएगा।

# 15 गांवों की पंचायत में लिया चुनाव के बहिष्कार का निर्णय

- गांवों में विकास कार्य नहीं कराए जाने से नाराज हैं पटौदी खंड के गांवों के लोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

रविवार को पटौदी हल्के के बिलासपुर में हुई 15 गांवों की पंचायत में निर्णय लिया गया कि इन गांवों से लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किया जाएगा। इस निर्णय को अमलीजामा पहनाने के लिए कमेटी गठित की जाएगी, जो गांव-गांव जाकर लोगों को मतदान नहीं करने के लिए अपील करेगी।

बीते दिनों पटौदी खंड के गांव राठीवास भुडका दिनोकरी में ग्रामीणों ने पंचायत जिला प्रशासन व सरकार द्वारा गांवों में विकास कार्य नहीं कराए जाने को लेकर की थी। पंचायत में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी बात रखी। सभी ने विकास कार्यों को लेकर असंतुष्टि जाहिर की। पंचायत में इसी कारण लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया गया था। अब रविवार को बिलासपुर में 15 गांव की महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत के दौरान तीनों गांव की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही 50 से अधिक गांव के लिए परेशानी का सबब बना बिलासपुर चौक पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर को लेकर भी तेवर ग्रामीणों ने दिखाए। इस पंचायत में कहा गया कि अगर एक सप्ताह में शासन और प्रशासन ने ठोस निर्णय लेकर काम नहीं किया तो अगले सप्ताह 360 गांव की महापंचायत की जाएगी। उस महापंचायत में चुनाव बहिष्कार किए जाने, रोड जाम किए जाने जैसे कड़े निर्णय लिए जा सकते हैं।

एडवोकेट सुंदर सिंह ने बताया कि दिल्ली-जयपुर हाईवे पर केवल बिलासपुर और राठीवास को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर बना दिए गए हैं।



गुरुग्राम के गांव बिलासपुर में हुई पंचायत में भाग लेते ग्रामीण।

# संक्षिप्त समाचार

### एसएमएस भेज, 15 सेकेंड में प्राप्त करें वोट पर्ची: सिंह

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक मतदान करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान के दिन अब घर बैठे ही वोट पर्ची को सिर्फ एक एसएमएस द्वारा प्राप्त करने की सुविधा शुरू की है। अब कोई भी मतदाता अपने मोबाइल फोन से एसएमएस भेज कर मतदान के दिन वोट पर्ची घर बैठे ही प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया की वोट पर्ची प्राप्त करने के लिए मतदाता को अपने मोबाइल के मैसेज बॉक्स में जाकर ईसीआई <स्पेस> (आपका वोटर आईडी नंबर) डाल कर 1950 नंबर पर एसएमएस करना है। एसएमएस करने के मात्र 15 सेकंड में वोट पर्ची मिल जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने का बेहद ही सराहनीय कदम है।

### दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के द्वारा आपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए कोतवाली प्राभारी मनोज कुमार की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अरुण कुमार (39) उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गांव डालिया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पीडिता ने शिकायत में बताया कि आरोपी की पहचान उसके साथ शादी डॉट काम से वर्ष 2023 में हुई थी। जिसके बाद आरोपी के साथ पीडित की 4-5 महिने बात हुई फिर आरोपी जुलाई माह में फरीदाबाद आया और पीड़िता से मिला और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और आरोपी महिला के साथ रहने लगा। जिसने महिला के बच्चो व उसके खर्चा देने की बात कही। आरोपी से महिला ने जब खर्चा मांगा तो आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस टीम एएसआई सोनिका, एएसआई रमेश मुख्य सिपाही अजय ने गिरफ्तारी के लिए आरोपी के गांव में गई जहां से पता चला की आरोपी सीआरपीएफ में नौकरी करता है। जिसकी ड्यूटी जम्मू कश्मीर में है। जहां से पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर फरीदाबाद लाई। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जुलाई माह में एक महिने की छुट्टी आया था जो आरोपी ने छुट्टी पीड़िता के साथ में रह कर बिताई थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### तमंचा व जिंदा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी की टीम ने आरोपी को देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कपिल(27) गांव दीघौट पलवल का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाख टीम मुख्य सिपाही सत्यवान, कृष्ण व सिपाही मनोज और रविन्द्र ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से रेलवे रोड बल्लबगढ़ से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ शहर बल्लबगढ़ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में 15 मुकदमें लूट,चोरी, स्नैचिंग,अवैध हथियार, हत्या के प्रयास के पलवल में दर्ज है। आरोपी देशी कट्टे को किसी व्यक्ति से वारदात में प्रयोग करने व अपने बचाव के लिए 8000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# पहली अरावली गोल्फ लीग की हुई शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

- प्रदेश की कैबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा ने किया शुभारंभ
- एक माह चलने वाली लीग में हिस्सा ले रहे हैं शहर के 36 बेस्ट गोल्फ प्लेयर

जिले में पहली बार गोल्फ के एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर अरावली गोल्फ लीग शुरू की गई है। रविवार सुबह एनआईटी स्थित गोल्फ क्लब में कैबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर इस लीग का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अपनी तरह के पहले टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट से शहर के लोगों में गोल्फ खेल के प्रति समझ बढ़ेगी और लोग इस खेल के बारे में जागरूक होंगे। सीमा त्रिखा ने कहा कि आने वाले दिनों में अरावली गोल्फ क्लब को इंटरनेशनल मानकों के अनुसार विकसित किया जाना है। इसके लिए हरियाणा टूरिज्म ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट भविष्य में हर साल आयोजित किया जाएगा ताकि शहर के लोग गोल्फ खेल को अच्छे से समझ सकें।

बता दें कि अरावली गोल्फ लीग में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, इन टीमों को अलग - अलग नाम दिए गए हैं। इनमें पुट्ट पाइरेट्स, ईगल मास्टर्स, द रॉयल राइडर्स व अरावली गोल्फ टाइगर्स शामिल हैं। पुट्ट पाइरेट्स के कप्तान अभय गुप्ता, ईगल मास्टर्स के कप्तान साहिल रत्तरा, द रॉयल राइडर्स के कप्तान सिद्धार्थ खुराना व अरावली गोल्फ टाइगर्स के कप्तान अजय जुनेजा हैं। कप्तान के अलावा प्रत्येक टीम में आठ-आठ खिलाड़ी और शामिल किए गए हैं, यानी प्रत्येक टीम में कुल 9 खिलाड़ी हैं।

# 85 वर्ष से अधिक उम्र व 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगों को मिलेगी पिक एंड ड्रॉप सुविधा: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को 25 मई को मतदान केंद्र के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा मिलेगी। इससे पहले इन मतदाताओं को घर से भी मतदान की सुविधा दी गई थी, लेकिन अनेक मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान की इच्छा जाहिर की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं की संख्या 50,790 है। घर से वोट डालने के साथ-साथ इन मतदाताओं को पिक एंड ड्रॉप की भी सुविधा मिलेगी। इस श्रेणी के मतदाता जिला निर्वाचन कार्यालय के टोल नंबर 1950 पर कॉल कर जानकारी दर्ज करा सकते हैं। इन मतदाताओं को घर से लाने के लिए एक सरकारी कर्मचारी व एक वालंटियर की ड्यूटी तय की गई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को राजीव चौक फ्लाईओवर पर मतदाता जागरुकता के स्लोगन, सार्वजनिक स्थलों पर ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट के डेमो लगाने, राहगीरी इवेंट व मॉल्स में फ्लैश मॉब इवेंट करवाए जाएंगे।

# ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

- एसोसिएशन में सुनीता देवी को चुना गया राज्य प्रधान

ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नर्सिंग ऑफिसर्स की मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से उन्हें लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव से पहले पूरा करने की मांग की गई।

ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की राज्य प्रधान एवं संस्थापक सदस्य निर्मल ढांडा ने सेवानिवृति के बाद राज्य प्रधान के पद से त्याग पत्र दे दिया। साथ ही एसोसिएशन की ओर से उन्हें चेयरपर्सन चुना गया, ताकि एसोसिएशन में उनकी भूमिका बनी रहे और उनका मार्गदर्शन मिलता रहे।

इस अवसर पर सुनीता देवी को सर्वसम्मति से राज्य प्रधान चुन लिया गया। सभी नर्सिंग ऑफिसर्स एवं पदाधिकारियों ने सुनीता देवी को राज्य के दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही पूर्व राज्य प्रधान निर्मल ढांडा के सुखमय जीवन की कामना की। उन्हें ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी जिला की ओर से सेवानिवृति पर सम्मान दिया गया।

## आईएएस अधिकारी अक्षय कुमार सिंह बने फरीदाबाद के आब्जर्वर

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए सामान्य पर्यवेक्षक (10-फरीदाबाद पीसी) आईएएस अक्षय कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। अगर किसी भी व्यक्ति को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव से संबंधित कोई भी समस्या अथवा शिकायत है तो वह सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में प्रतिदिन दोपहर 12 से 01 बजे तक उनसे मिलकर उनके समक्ष रख सकता है।

इसके साथ ही मोबाइल नम्बर 9205362958 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# चीनी सामान को किया आग के हवाले

- भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने मनाया स्थापना दिवस, चीन के राष्ट्रपति का फूंका पुतला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।



भारत-तिब्बत सहयोग मंच के स्थापना दिवस पर चीनी सामान जलाते मंच से जुड़े लोग।

कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, भारत की सुरक्षा, पर्यावरण की रक्षा। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर देश में काम कर रहे भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से रविवार 5 मई को मंच का रजत जयंती वर्ष मनाया गया। इस दौरान भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत प्रमुख अमित गोयल के नेतृत्व में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का पुतला फूंका गया। इसके साथ ही चीन के सामान का बहिष्कार करते हुए सामान को जलाया। पर्यावरण बचाने का संदेश देने को पौधारोपण किया। शिव चालीसा धार्मिक पुस्तकों का वितरण भी किया। पुतला फूंकने के दौरान काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे और चीन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चीन के राष्ट्पति का पुतला फूंका।

# हर मंच पर देश के युवाओं ने खुद को साबित किया: नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने राजेंद्र पार्क में मनीष कटारिया के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर नवीन गोयल ने जनहित, समाजहित में अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या राजनीतिक क्षेत्र, व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमता से काम करना चाहिए। ईमानदारी सबसे जरूरी है। हम जिस भी काम की शुरुआत करें, उसे अंजाम तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी साथियों का आभार जताया, जो उनकी ओर से शुरू की जाने वाली हर मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने में कदम के साथ कदम मिलाकर काम करते हैं। नवीन गोयल ने युवाओं को देश का कर्णधार बताते हुए कहा कि दुनियाभर में फैले हमारे युवा वहां की खुशहाली में भागीदार है। भारतीय युवाओं के माध्यम से मेनपावर पर दुनिया इतरा रही है। हर मंच पर हमारे युवाओं ने खुद को साबित करके दिखाया है।



कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोलते नवीन गोयल।

तकनीक में तो हमारे युवाओं का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि युवा सशक्तिकरण को लेकर मेरा और कैनविन फाउंडेशन का पूरा फोकस रहा है। आने वाले समय में हम कैनविन रोजगार सेवा केंद्र की भी शुरुआत करेंगे।

# इन्द्रजीत के समर्थन में घर-घर प्रचार अभियान शुरू

- प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत ही हमारा उद्देश्य: संदीप देशवाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

गुरुग्राम में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की जीत के लिए टीम एनआरआई सेल ने रविवार से डोर-टू-डोर अभियान शुरू किया। एनआरआई सेल के 200 से ज्यादा सदस्य एनआरआई सेल की टी-शर्ट पहनकर लोगों में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के लिए वोटों की अपील भी कर रहे हैं।

विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में कमल का बटन दबाकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए लोगों से अपील की। हरियाणा भाजपा एनआरआई सेल प्रदेश प्रमुख संदीप देशवाल की अगुवाई में पूरी एनआर सेल टीम दिन रात मेहनत कर प्रदेश की सभी 10 की 10 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत के लिए प्रयासरत है। संदीप देशवाल ने गुरुग्राम संयोजक सोनू गौड़, प्रदेश सह संयोजक, संजय यादव एवं रजत भार्गव तथा महिलाओं का विशाल समर्थन व सहयोग के लिए सुमन चुघ व सोशल और आईटी हेड कोमल का तहेदिल से धन्यवाद किया। डोर-टू डोर अभियान में लोगों का भारी समर्थन देखने को मिला। साथ ही सुनिश्चित किया कि एक बार फिर मोदी सरकार बनाकर वो विकसित भारत के सपने को पूरा करने में भूमिका निभाएंगे।



डोर-टू डोर अभियान के तहत प्रचार करते भाजपा एनआरआई सेल के प्रदेश प्रमुख संदीप देशवाल।

# इंद्रजीत ने दिल्ली में उठाई मेवात की आवाज: सैनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह।



नूंह में आयोजित विजय संकल्प रैली में मंचासीन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य नेतागण।

रविवार को नूंह में आयोजित विजय संकल्प रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मेवात के लोगों से देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा ने 10 साल में मेवात की तकदीर और तस्वीर बदली है। मोदी सरकार और राव इंद्रजीत सिंह द्वारा कराए गए विकास कार्यों को देखकर एक बार जागो और कमल को जिताकर दिल्ली भेजो।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि यह समझने का समय है कि कांग्रेस ने किस तरह से मेवात को पिछड़ा रखा है। उन्होंने मेवात के लोगों से 2014 और 2024 के मेवात में क्या अंतर आया है, इस हाथ खड़ा करवाकर समर्थन मांगा।

मुख्यमंत्री की बात पर मेवात के लोगों ने खड़े होकर सीएम सैनी की बात का समर्थन किया। गुरुग्राम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में विजय संकल्प रैली में नायब सैनी ने कांग्रेस की पोल खोलते हुए कहा कि कांग्रेस भय और डरा धमका कर वोट बटोरती है। वोट लेने के लिए कांग्रेस ने मेवात की समस्याओं को बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि मेवात के पिछड़ेपन को मैने नजदीक से देखा है। कांग्रेस के नेता मंत्री बनने पर रेस्टहाउस तक सीमित रहते हैं, लोगों की समस्याओं से उन्हें कोई मतलब नहीं रहता।

नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने मेवात के पिछड़ेपन को दूर करते हुए अनकों सुविधाएं दी हैं। डबल इंजन सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया है। पानी की समस्या का समाधान किया है। रेनीवेल वाटर परियोजना से खेतो के लिए भी पानी की व्यवस्था की है। उन्होंने मेवात के लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि 2014 से पहले के मेवात को देखें और अब 2024 के हरे-भरे मेवात को देखें तो आपको पता लगा जाएगा कि भाजपा ने कितना काम किया है।

सीएम सैनी ने कहा कि मेवात के लोग शिक्षित हों इसके लिए विश्वविद्यालय, स्कूल और कालेज खोले हैं। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने मेवात क्षेत्र की आवाज को दिल्ली में उठाया है।

### राव की शानदार जीत होगी: जाकिर हुसैन

पूर्व विधायक जाकिर हुसैन ने कहा कि मेवात के लोग राव इंद्रजीत सिंह को भारी बहुमत से जीतकर दिल्ली भेजेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने जितने काम कराए हैं, कांग्रेस कभी नहीं करा पाई इस बात को मेवात के लोग समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पानी दिया और यहां के युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के सरकारी नौकरी दी। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार ने शानदार काम किए हैं और मेवात से राव इंद्रजीत की जीत भी शानदार होगी।

# भाजपा को जितवाना चाहते हैं हुड्डा: चढूनी

- किसान नेता ने अभय सिंह चौटाला को दिया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरूक्षेत्र


संवाददाताओं के सामने समर्थन का ऐलान करते गुरनाम सिंह।

संयुक्त संघर्ष पार्टी के प्रधान एवं किसान नेता गुरनाम सिंह चढुनी और किसान नेत्री कांता अल्हाड़िया ने रविवार को कुरूक्षेत्र में इनेलो के लोकसभा के उम्मीदवार अभय सिंह चैटाला को लोकसभा चुनाव के लिए अपना समर्थन दिया। चढुनी ने किसान संगठन एसकेएम से भी अपील की कि वो भी अभय सिंह चैटाला को समर्थन दें। अभय सिंह चैटाला ने किसान नेताओं द्वारा समर्थन दिए जाने पर उनका धन्यवाद किया और अभार जताया।

गुरनाम सिंह चढुनी ने कहा कि किसानों के दुख दर्द को इनेलो ने समझा है और किसान आंदोलन में अभय सिंह चैटाला पूरे देश में एक मात्र विधायक थे जिन्होंने अपने विधायक पद से इस्तीफा दिया और आंदोलन को मजबूत किया। आज उस कर्ज को उतारने का समय आ गया है। गुरनाम सिंह चढुनी ने जहां भाजपा को किसानों का दुश्मन बताया वहीं विपक्ष के नेता भूपेंद्र हुड्डा पर निशान साधा और कहा कि भूपेंद्र हुड्डा हरियाणा में भाजपा को जितवाना चाहते हैं और भाजपा और हुड्डा का खेल हरियाणा में चल रहा है। बीजेपी ने हुड्डा के साथ सैटिंग की है जिसका सबूत यह है कि अगर हुड्डा हरियाणा में लोकसभा की दसों सीटें जीतना चाहते तो एक सीट इनेलो और एक सीट हमें देते जिससे दसों सीटें हम सब मिल कर जीतते। पहली सैटिंग बीजेपी ने हुड्डा के साथ यह की कि किसी भी मजबूत पार्टी के साथ समझोता नहीं करना है, दूसरा कमजोर उम्मीदवार देने हैं जैसे कुरूक्षेत्र में सुशील गुप्ता को उतारा। सुशील गुप्ता का हरियाणा में क्या है न तो उनका यहां कोई घर है और न ही यह उनकी जन्म स्थली है। भूपेंद्र हुड्डा और बीजेपी की हरियाणा में मिलीभगत है जो देश और प्रदेश के लिए खतरा है। मैं तो यह कहूंगा कि कांग्रेस पार्टी को सबसे पहले हुड्डा से किनार कर लेना चाहिए और हुड्डा को सभी पदों से मुक्त कर देना चाहिए।

गुरनाम सिंह चढुनी ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दोनो ही पार्टियां कारपोरेट घरानों की एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं और कारपोरेट घरानों के लिए ही कानून बना रहे हैं।

# मोदी के नेतृत्व में देश पांचवें नं. पर पहुंचा: गुर्जर

- किसान सम्मान मजदूर रैली में आए लोगों ने भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए भरी हुंकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


कृष्णपाल गुर्जर का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता, साथ में हैं अजय गौड़।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस की कार्यशैली पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि वर्ष 2014 से पहले देश में घोटालों के अंबार लगे हुए थे, 12 लाख करोड़ के घोटाले हुए, जिनमें मंत्री जेल जा रहे थे, भारत की छवि पूरी दुनिया में धूमिल हो रही थी, उसके बाद नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरी दुनिया में भारत का झंडा बुलंद कर दिया।

इस गरीब और चाय बेचने वाले ने वो कर दिखाया, जो देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह नहीं कर पाए, कांग्रेस राज में विश्व में सबसे शक्तिशाली देशों की श्रेणी में भारत 11वें नंबर पर था, मोदी के नेतृत्व में भारत पांचवें नंबर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि घोटालेबाजों ने 2019 में चौकीदार को चोर बताया था लेकिन जनता ने भी पहली बार से ज्यादा सीटें जिताकर मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाते हुए उनके मुंह पर ताले लगा दिए थे। गुर्जर रविवार को नहरपार खेडी रोड स्थित वीरवती वाटिका में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जैजू ठाकुर द्वारा आयोजित किसान सम्मान-मजदूर रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांडी, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर मौजूद थे। इससे पूर्व जैजू ठाकुर के संयोजन में बड़ी माला व सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर कृष्णपाल गुर्जर व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया और उन्हें प्रतीक चिन्ह के रुप में हल भेंट किया गया। रैली में उपस्थित जनसमूह में कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में हुंकार भरते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार संसद भेजने का विश्वास दिलाया।

इस मौके पर विधायक नरेन्द्र गुप्ता व विधायक राजेश नागर ने संयुक्त रुप से कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की दूरगामी सोच के चलते आज फरीदाबाद विकास के शिखर पर है, यहां युद्धस्तर पर विकास हुए है।

### देश और हरियाणा दोनों में हुआ चहुंमुखी विकास: मांडी

रैली को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांडी ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दस वर्षो के दौरान किए गए विकास कार्यो का ब्यौरा लोगों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश और हरियाणा दोनों ने विकास के नए मुकाम हासिल किए है और आज भारत का जलवा पूरे विश्व में कायम है इसलिए देश में फिर से भाजपा की सरकार बनाए और देश को विकसित भारत की श्रेणी में आगे रखने का काम करे।

# ऑटो मे शराब ले जा रहा तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 प्रभारी तरुण की टीम ने शराब की तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भीम गांव बहरमपुर बल्लभगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचन से रेड के दौराना गांव लहडोली से ऑटो में शराब ले जाते हुए काबू किया है। आरोपी से मौके पर चेक करने पर 336 देशी शराब की बोतल व 120 अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लबगढ में शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# पूर्व विधायक ने किया कांग्रेस को समर्थन का ऐलान

- महापंचायत में सुभाष चौधरी बोले, पलवल में भाजपा को हराएंगे

**पायनियार समाचार सेवा।** पलवल


भाजपा के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को समर्थन का ऐलान करते हुए।

जिले में भाजपा को उस समय करारा झटका लगा जब पलवल में पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष चौधरी ने एक बड़ी महापंचायत का आयोजन कर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को हजारों लोगों की उपस्थिति में अपने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया।

रविवार को पलवल के सांची ग्रीन में आयोजित इस महापंचायत में मिले समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को जिले में बड़ी राजनैतिक ताकत मिली है। महापंचायत की अध्यक्षता पतराम चौहान मित्रोल ने की। वहीं महापंचायत को जिले की विभिन्न पालों से आए पंचों ने भी संबोधित किया।

महापंचायत में भाजपा के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर जमकर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है, जनहित में कोई काम नहीं किया। जिससे पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता इनसे परेशान है। इसलिए उन्होंने भी कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया है।

# कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पृथला में उमड़ा जनसैलाब

- प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने भरी सत्ता परिवर्तन की हुंकार, पूर्व विधायक रघुबीर को बताया जननेता
- सांसद बनते ही क्षेत्र का विकास होगी पहली प्राथमिकता: महेन्द्र प्रताप सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने रविवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र से सत्ता परिवर्तन की हुंकार भरते हुए हरियाणा में कांग्रेस की बड़ी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा में बनने वाली कांग्रेस सरकार में इस बार पृथला क्षेत्र का बड़ा महत्व दिखेगा। वह यहां फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थन में पृथला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक चौधरी रघुबीर सिंह तेवतिया के संयोजन में खोले गए चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर क्षेत्र के सभी 104 गावों के हजारों की संख्या में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत कर अपने खुले समर्थन का ऐलान कर भारी बहुमत से जिताने का आश्वासन दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने लोगों की भारी भीड से गदगद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया को सही मायनों में जननेता की संज्ञा देते हुए कहा कि उपस्थित जनता की मुस्कान और उत्साह बता रहा है कि है कि यहां कि जनता लोकसभा और विधानसभा दोनों में बदलाव चाहती है। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश-प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने विकास पर फोकस रखा। उन्होंने कहा कि अगर वह सांसद बने तो आपके सम्मान को झुकने नहीं देंगे और विकास ही उनकी प्राथमिक्ता होगी।

सभा के आयोजक पृथला के पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने हजारों की संख्या में मौजूद लोगों का आभार व्यक्त करते प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को विश्वास दिलाया कि पृथला क्षेत्र की जनता बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष सबसे अधिक मतों से विजय दिलाएगी।

# देश व प्रदेश में लगातार बढ़ रहा कांग्रेस का जनाधार: अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि अबकी बार प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी को हरियाणा से चलता करने का काम करेगी। हरियाणा की जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है और कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। रोजाना लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। वह अपने निवास स्थान पर सैंकड़ों युवाओं को कांग्रेस में शामिल करने के बाद बातचीत कर रहे थे। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव हिमांशु अरोड़ा के प्रयासों से युवा नेता कुलदीप हथीरा के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं को कांग्रेस में ज्वाइन करवाया। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी युवाओं को पटका पहनाया और विश्वास दिलाया कि कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी युवाओं का पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। इस दौरान कमल सहारन, धोला राम, करमजीत सिंह, अमन सिंह आजाद नगर, गोल्डी सिंह, साहिल, रवि चौधरी, पंकज घराडसी, रोहित चौधरी ज्योतिसर समेत गांव घराडसी, आकाश नगर, कल्याण नगर व गांव खिदरपुरा से सैकड़ों युवाओं ने जजपा, इनेलो, भाजपा पार्टी को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा।

# केयू यूआईईटी संस्थान ने विद्यार्थियों के लिए आयोजित की एलुमनाई परिचर्चा

- ऐसी परिचर्चा से स्टार्टअप, उद्यमिता व प्लेसमेंट का दायरा होता है विकसित : ढींगरा

**पायनियर संवाददाता।** कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में यूआईईटी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के लिए एलुमनाई परिचर्चा कार्यक्रम आफलाइन व ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि एलुमनाई परिचर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है क्योंकि विद्यार्थी इसके माध्यम से उनके जीवन की सफलता एवं संघर्ष के बारे में जानकर निश्चित रूप से प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परिचर्चा द्वारा स्टार्टअप, उद्यमिता व प्लेसमेंट का दायरा विकसित होता है।

तकनीकी विद्यार्थियों को शिखर तक ले जाने व आज के समय में स्टार्टअप उद्यमिता को मल्टी नेशनल कंपनी और प्लेसमेंट को अधिक मजबूत करने के लिए एलुमनाई की का कार्य करते हैं।

# 'घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं वोटर कार्ड'

- चुनाव तहसीलदार सरला बोलीं, मतदान करने के लिए पूरी तरह से मान्य है यह डिजिटल मतदाता पहचान पत्र

**पायनियर संवाददाता।** कुरुक्षेत्र

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा हेतु भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से विभिन्न डिजिटल पहल की गई हैं। इनमें सबसे प्रमुख है ई-एपिक यानि फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र को डिजिटल तरीके से प्राप्त करना।

अब मतदाता घर बैठे ही अपना वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यदि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स. ईसीआई.जीओवी.इन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि यह डिजिटल वोटर कार्ड मतदान करने के लिए पूरी तरह से मान्य है। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। यह ई-एपिक ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के इस पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है। डिजिटल कार्ड को डाउनलोड करने के लिए पंजीकृत मतदाता को राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल पर जाना होगा।

नए यूजर को अपने आपको रजिस्टर करना होगा। इसके बाद ई-एपिक डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। फिर अपना एपिक यानि वोटर कार्ड नंबर या फॉर्म रेफरेंस नंबर को दर्ज करें। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इसके बाद ई-एपिक डाउनलोड होगा।

# भाजपा प्रत्याशी जिंदल ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

- कहा, कोरोना फैला तो हम दे रहे थे ऑक्सीजन और वे पिला रहे थे शराब

**पायनियर संवाददाता।** कुरुक्षेत्र


रक्तदान शिविर के दौरान नवीन जिंदल, सुभाष सुधा व अन्य।

कुरुक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने थानेसर विधानसभा क्षेत्र के गांवों और कॉलोनियों में लोगों से जनसम्पर्क के दौरान कहा कि हम तो सेवा करने आए हैं क्योंकि यही हमारा संस्कार है। जब देश में जनता कोरोना से त्राहि-त्राहि कर रही थी तब हमने लाखों लोगों की जान बचाने के लिए ऑक्सीजन बांटी पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार दारू बांट रही थी। अपने रोड शो में भी उन्होंने अपने वर्कर्स को खूब शराब बांटी।

आज उसी शराब के चक्कर में वे जेल में हैं। जिंदल ने आज खेड़ी मारकंडा, समसीपुर, दयालपुर, मिर्जापुर कॉलोनी, मिर्जापुर गांव, कैंथला खुर्द, बारवा, घराड़सी, झिंझरपुर, पिंडारसी, बारना, डेरा राम नगर, हथीरा, किरमच, रावगढ़, इंदबड़ी, मुंडाखेड़ा, ज्योतिसर और थानेसर के विभिन्न कॉलोनियों में जनसम्पर्क के दौरान कहा कि जब 2014 में पराजय का सामना करना पड़ा तो उन्हें बड़ा दुख हुआ। संत निरंकारी भवन-थानेसर में आज रक्तदान शिविर में नवीन जिन्दल ने कहा कि यह पुण्य का कार्य है।

# कमल का बटन दबाएं, नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं: गर्ग

- भाजपा नेता ने अरविंद केजरीवाल को बताया बयान बदलने वाला

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर गर्ग संवाददाताओं को संबोधित करते हुए।

दिल्ली के त्रिनगर के पूर्व विधायक और भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य नंदकिशोर गर्ग ने आज आम आदमी पार्टी की जमकर बखिया उधेड़ी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश तोड़ने वाली शक्तियों के सामूहिक प्रतीक हैं क्योंकि उनके ऊपर सीआईए का सक्रिय एजेंट होने और संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, हांगकांग से पैसे लेने का आरोप है।

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि व्यास और सतलुज का पानी पाकिस्तान जा रहा है लेकिन हरियाणा के एसवाईएल को पानी देने के नाम पर उनकी भौहें तन जाती हैं। कुरुक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल, नवीन भारत के निर्माण में अग्रणी भागीदार हैं। कुरुक्षेत्र और देश को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं तो 25 मई को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से जिताएं और पूरे विश्व में भारत की गरिमा स्थापित करने के लिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं।

गर्ग रविवार को यहां भाजपा के चुनाव कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे।

नंद किशोर गर्ग ने कहा कि सुशील गुप्ता ने जब कांग्रेस से चुनाव लड़ा था तब केजरीवाल पर आरोपों की झड़ी लगा दी थी। पूछा था- उत्तराखंड त्रासदी के लिए धन इकट्ठा किया तो वे पैसे कहां गए? कुमार विश्वास का वह आरोप कि 50 करोड़ देकर राज्यसभा सीट खरीदी, निश्चित रूप से एक गंभीर विषय है। अरविंद केजरीवाल को बयान बदलू बताते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो वे कोरोना के टीके का विरोध कर रहे थे, लेकिन बाद में एक खास कंपनी के टीके के पैरोकार बन गए।

### 'जिन्दल परिवार ने लाखों लोगों को रोजगार दिया'

गर्ग ने कहा कि वे नवीन जिन्दल के परिवार को 50 साल से जानते हैं। नवीन जिन्दल ने तिरंगे की लड़ाई लड़ी। लाखों लोगों को रोजगार दिया, समाज सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहे, स्टील उत्पादन में 100 साल पुरानी कंपनी टाटा को पीछे छोड़कर अग्रणी स्थान बनाया। हाल में इंग्लैंड की सबसे पुरानी मोटर कार कंपनी एमजी, जिसको चीन ने खरीद लिया था, उसे सज्जन जिन्दल ने ऊंचे दाम पर खरीद कर भारत का मान-सम्मान बढ़ाया। ओलंपिक खेलों के लिए 200 खिलाड़ियों का खर्च जिन्दल परिवार वहन कर रहा है। नवीन जिन्दल देश के अग्रणी खिलाड़ी हैं जिन्होंने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में हजारों युवाओं खेल संसाधन उपलब्ध कराए और शाहाबाद हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रो टर्फ बिछाई। नवीन जिन्दल को ईडी से किस बात कर डर? वे सांसद भी तो नहीं थे।

# नशे के इंजेक्शन सहित एक दबोचा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपी आमिर गांव धौज का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम सब इंस्पेक्टर सुनिल,एएसआई अमित, सिपाही अमित और सिपाही संदीप ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से अल्फला कॉलेज के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 5 इंजेक्शन बरामद हुए हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को हमारे मुवक्किल **श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री विजय बहादुर** निवासी मकान नंबर SK3, ब्लॉक-SK, ऊपरी भूतल दायां भाग, नागिया पार्क के पास, चौकी नंबर 2, सिंधोरा कलन सिटी, VTC-अशोक विहार, PO-अशोक विहार, जिला उत्तर पश्चिम दिल्ली-110052 की ओर से सूचित किया जाता है कि ("बंधककर्ता"), श्री विशाल शर्मा (अविभाजित 50% शेयर) और श्री धर्म दत्त @ धरम दत्त (अविभाजित 50% शेयर) अनुसूचित संपत्ति के मालिक थे, और श्री विशाल शर्मा (अविभाजित 50% शेयर) और श्री धर्म दत्त @ धरम दत्त (अविभाजित 50% शेयर) ने बिक्री विलेख दिनांक 06.11.2023 दस्तावेज़ नंबर 2023/19/I/12717, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 10102, पृष्ठ संख्या 135-150, दिनांक 14.11.2023 को **SRO-I, कश्मीरी गेट** के माध्यम से अनुसूचित संपत्ति **श्रीमती सुमन देवी** को बेच दी थी। इसी अनुसूचित संपत्ति को **श्रीमती सुमन देवी** (बंधककर्ता) ने फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड कीर्ति नगर शाखा, नई दिल्ली के पास गिरवी रखनी है। यदि कोई व्यक्ति अनुसूचित संपत्ति को गिरवी रखने के लिए कोई आपत्ति उठाता है **तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर दस्तावेजी प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है**

**संपत्ति की अनुसूची**

संपूर्ण ऊपरी (भूतल, और प्रथम तल) बिना छत अधिकार के दक्षिणी भाग ("कहा गया भाग") का निर्माण-संपत्ति संख्या SK-3, क्षेत्रफल-50 वर्ग गज, यानी 41.8 वर्ग मीटर, पुराना प्लॉट नंबर 64, ग्राम सिंधोरा कलन, चौकी नंबर 2, दिल्ली-110052 में स्थित है। इसके बाद इसे "उक्त संपत्ति" के रुप में जाना जाएगा।

सचिन माहेश्वरी एंड एसोसिएट्स (एसएमए) लॉ ऑफिस
सचिन माहेश्वरी, एडवोकेट
आफिस:1531/4,भूतल, प्रो फिटनेस जिम के पास,प्रथम 60 फुटा रोड, मोलरबैंड एक्सटेंशन, बदरपुर बॉर्डर, नई दिल्ली.
फोन 011-69653588, मो.-9911380328

**PUBLIC NOTICE**

Smt. Simmi Katyal wife of Shri Rajeev Katyal resident of GD-133, Pitampura, Delhi-110034 is daughter of my client Smt. Kamlesh Chhabra wife of Late Shri Krishan Lal Chhabra resident of 155, Tagore Park. Delhi-110009. The said Smt. Simmi Katyal, her husband and children have become disobedient and are harassing my said client for their greed from last several years. Therefore, my above said client Smt. Kamlesh Chhabra has severed all kinds of relationship with her daughter Smt. Simmi Katyal, husband and children of said Smt. Simmi Katyal and has disowned them and debarred them from inheriting any kind of movable and immovable property owned by my above said client. Any person dealing with them will do so at their own risk.

**FANISH K. JAIN ADVOCATE D-847.**
**BASEMENT SARASWATI VIHAR Delhi-110034**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किल श्रीमती सरला गोयल ने दुकान नंबर 11, मार्केट नंबर 1, आर. के. पुरम , सेक्टर - 7, नई दिल्ली 110022 के मालिकाना हक के लिए अर्जी दर्ज की है। यदि श्रीमती दर्शन गुप्ता ( मूल आवंटित ) या संपत्ति में हित का दावा करने वाला उसका कोई कानूनी उत्तराधिकारी 21 दिनों के भीतर उपनिदेशक को अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है । आयुक्त भूमि संपदा विभाग, सातवीं मंजलि, केन्द्र मिंटो रोड , नई दिल्ली -110002 ।

हिमांशु ( एडवॉकेट ),
दिल्ली हाई कोर्ट
E. No. D/715/2021,
Mob. No. 9873343801

# फिलिस्तीन का समर्थन

## विश्वविद्यालयों में आंदोलन

**फिलिस्तीन-समर्थक विरोध प्रदर्शन** करने वालों ने दुनिया के अनेक विश्वविद्यालयों में आंदोलन छेड़ दिए हैं। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस व अन्य देशों में ज्यादा से ज्यादा छात्र इज़राइल-विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हो रहे हैं। इससे शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक विचारधाराओं और विश्व दृष्टिकोण बदलने में उनकी भूमिका के बारे में बहस छिड़ गई है। सवाल है कि छात्रों को राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं। परिसरों में इज़राइल-विरोधी परिघटना को अलग-थलग कर नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह वयापक भू-राजनीतिक सोच तथा सामाजिक आंदोलनों को अभिव्यक्ति देती है। लेकिन ऐसे विरोध प्रदर्शनों के लिए खासकर शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने से विश्वविद्यालयों के उद्देश्य तथा 'कट्टरता' फैलाने के मुकाबले बेहतर रचनात्मक संवाद विकसित करने की जिम्मेदारी पर भी महत्वपूर्ण सवाल उठ रहे हैं। इस घटनाक्रम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा समावेशन व विविधता को प्रोत्साहन के बीच टकराव पैदा हो गया है। यदि इज़राइल-विरोधी प्रदर्शन सम्मानपूर्ण ढंग से न हों तथा ये संवाद के बजाय टकराव पर केन्द्रित हो जाएं तो इनसे छात्रों के एक तबके का हाशियाकरण होगा। इज़राइल-समर्थक प्रदर्शन भी सबसे पहले अमेरिका के कुछ विश्वविद्यालयों में दिखे थे। इज़राइल द्वारा आत्मरक्षा में गाजा पर हमले के बाद इन विश्वविद्यालयों में एक समानान्तर अभियान छेड़ा गया। वास्तव में अमेरिका और यूरोप में इज़राइल-समर्थक भावनायें भी बहुत बढ़ गई हैं। इसका कारण यह है कि इज़राइल की तरह उन्होंने अपने खिलाफ भी आतंकी, कट्टरपंथी व जिहादी हमले देखे हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि संभवत: नवीनतम इज़राइल-विरोधी प्रदर्शनों के पीछे भी ऐसे तत्व शामिल हैं। इज़राइली भी अपने देश के खिलाफ जिहादी भावना से किए जाने वाले हमलों के खिलाफ मजबूती से नेतनयाहू के पक्ष में एकजुट हो रहे हैं।




संस्कृत में कहावत है, 'या विद्या स विमुक्तये', अर्थात शिक्षा मुक्तिदाता है। यह सार्वभौम तथ्य है, इसलिए मुक्ति सबसे पहले छात्रों के व्यवहार से दिखनी चाहिए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि विरोध की कोई सीमायें नहीं होती हैं और ऐसे प्रदर्शनों में हिंसा की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। छात्रों को कालेज परिसरों में अपने अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि उनसे इसकी ही उम्मीद की जाती है। लेकिन यदि वे अपने आसपास की घटनाओं से अनभिज्ञ हों तो यह भी शिक्षा के लिए अनुचित होगा। इसी प्रकार उनसे अपने आसपास होने वाली गड़बड़ियों पर प्रतिक्रिया की भी उम्मीद की जाती है। यह भी समान रूप से सच है कि वे अपने आसपास के सामाजिक बदलाव से अप्रभावित नहीं रह सकते हैं। अपने देश में हमें नहीं भूलना चाहिए कि जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में छात्र आंदोलन ने आपातकाल का विरोध किया था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी अनेक नेताओं ने कालेज छोड़ दिए थे और स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे। भगत सिंह ने छात्रों के राजनीति में शामिल होने के सवाल पर लिखा था, 'क्या इंग्लैंड और जर्मनी के छात्रों द्वारा कालेज छोड़ कर युद्ध में शामिल होना राजनीति नहीं है? ऐसे में उपदेशक कहां थे? उन्होंने छात्रों से पढ़ने को क्यों नहीं कहा? केवल छात्रों और नौजवानों के प्रयासों से ही आज अनेक देश स्वतंत्र हुए हैं।' हालांकि, यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि इज़राइल हमेशा से अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करता रहा है और हमास आतंकियों द्वारा उस पर हवा, धरती व समुद्र से किया हमला द्वितीय विश्वयुद्ध के समय हुए 'यहूदी नरसंहार' के बाद सबसे बड़ा था।

# भू-राजनीति पर आतंकवाद का प्रभाव

भू-राजनीतिक उथलपुथल तथा क्षेत्रीय टकरावों के इस युग में आतंक का खतरा बढ़ रहा है। यह सीमाओं को पार कर पूरे दुनिया के स्थायित्व को खतरे में डाल रहा है।



**सुधीर हिंदवान**
(लेखक, रणनीति विशेषज्ञ हैं)



आज दुनिया की राजनीति अनेक क्षेत्रीय टकरावों का सामना कर रही है। इसमें इज़राइल-फिलिस्तीन व रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पाकिस्तान, अफगानिस्तान व ईरान में उथलपुथल के साथ वैश्विक आतंकवाद पिछले कुछ सालों में सुर्खियों में आया है। इसी प्रकार घरेलू स्तर पर सीमापार के आतंकी संगठनों ने कश्मीर में आतंक छेड़ रखा है तथा वे हत्यारों के गिरते मनोबल को थामने के लिए मीडिया में सुर्खियां जुटा रहे हैं। इसी के साथ ही दुनिया भर में आतंकी षडयंत्र सामने आए हैं जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान, लाल सागर, इज़राइल, फिलिस्तीन, स्कैंडनेवियाई देश, मध्य एशिया व रूस शामिल हैं।

पिछले कुछ दिनों में विद्रोहियों ने अनेक निरपराध लोगों की जान ली है तथा जम्मू कश्मीर व भारत के अन्य घरेलू मोर्चों पर अनेक सैनिकों ने शहादत दी है। हालांकि, घरेलू आतंक की तुलना में अंतरराष्ट्रीय आतंक में तुलनात्मक रूप से थोड़ी कमी आई है, पर सरकारों के लगातार मुकाबले के प्रयासों के बावजूद इसने सारी सीमायें पार की हैं। अमेरिका में वर्ड ट्रेड सेंटर व पेंटागन पर आतंकी हमलों के बाद काफी खून बहा है और इसके बाद विश्व स्तर पर आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। पिछले वर्षों में बार-बार होने वाले आतंकी हमलों में कभी थोड़ी कमी आई, पर इनसे सुरक्षा और खुफिया नेटवर्कों की कमियां भी उजागर हुई हैं। इसके साथ ही इस विभीषिका से निपटने में आधुनिक राष्ट्रों का विश्वास भी प्रभावित हुआ है। आतंकवाद चाहे क्षेत्रीय, स्थानीय, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो, यह लंबे समय तक बिना अंतरराष्ट्रीय समर्थन या सहयोग के जीवित नहीं रह सकता है। वैश्वीकृत दुनिया में सत्ता के खेल स्पष्ट दिखाई देते हैं तथा अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का असमान ढांचा दुनिया के विभिन्न भागों में सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और परस्पर संबंधों में ज्यादा से ज्यादा स्पष्ट होता जा रहा है। शीतयुद्ध के पश्चात अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक-आर्थिक व्यवस्था अब भी सत्ता का खेल बनी हुई है। हिंसा और आतंक पर अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की राय है कि पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र में वर्चस्ववादी नेटवर्क लगभग सभी राष्ट्रों में विपक्षी शक्तियों का सामना कर रहे हैं।

इस प्रकार समाजों का वैश्वीकरण हुआ है, पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपारदर्शिता बढ़ी है जिसके कारण गरीब देशों में लोग अपनी खराब सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के लिए बड़ी शक्तियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। शीतयुद्ध ने अफगानिस्तान, दक्षिण-पूर्व एशिया, खाड़ी और लैटिन अमेरिकन देशों में हस्तक्षेप किया था जिसके परिणामस्वरूप खास किस्म के परिवर्तन हो रहे हैं तथा आंतकी गतिविधियां फलने-फूलने का मैदान साफ हो रहा है। यदि शक्तिशाली देश शुरुआत से ही ठीक काम करते तो अफगानिस्तान के तालिबानीकरण की नौबत न आती। शुरुआत में आतंकवाद की सामाजिक बीमारी की पहचान में विफलता के कारण अनेक देश संकट में फंस गए हैं।

तथाकथित दुष्ट देशों पर हथियार और आर्थिक प्रतिबंध लगाने के कारण पिछले कुछ वर्षों में नकारात्मक नतीजे निकले हैं और इन देशों को अंतरराष्ट्रीय हमदर्दी मिलने में आसानी हुई है। हालांकि, आतंकवादी समस्या के स्थाई समाधान की उम्मीद अभी बहुत दूर है, पर उम्मीद है कि शक्तिशाली देश आतंकवाद के प्रति बेहतर समझदारी विकसित करेंगे जो खतरनाक आयाम धारण करती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय परिवहन में तेजी आने तथा एके47 जैसे संवेदनशील हथियारों व प्लास्टिक विस्फोटकों-आरडीएक्स के प्रचार ने दुनिया भर में आतंकवादी नेटवर्कों के विस्तार में मदद की है। इसके साथ ही आतंकियों के नए आत्मघाती दस्तों ने राज्यों के पूरे सुरक्षा नेटवर्कों को गंभीर खतरे में डाल दिया है। हालिया घटनाओं को अलग-थलग कर नहीं देखा जा सकता है।

एक प्रमुख आतंकवाद-विरोधी विशेषज्ञ ब्रायन जेन्किन्स का विश्वास है कि पुलिस व खुफिया विकभाग के बीच बेहतर समन्वय तथा प्रयास तेज करने से संभावित आतंकी हमलों की जानकारी मिल सकती है, पर अभी भी इस बात पर भ्रम है कि क्या ऐसी व्यवस्था कट्टरपंथ से संचालित आतंकियों से निपटने में सक्षम होगी। धीरे-धीरे धर्म विश्व स्तर पर आतंकवाद की मुख्य प्रेरक शक्ति बनता जा रहा है। आतंकवादियों तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित अपराधी नेटवर्कों के बीच गठजोड़ मजबूत हो रहा है। संगठित अपराध और राजनीतिक हिंसा पर ब्रिटिश विश्लेषक एलीसन जैमीसन का कहना है कि हाल में आतंकवाद तथा संगठित अपराध के बीच विभाजक रेखायें बहुत धुंधली हो गई हैं।

इटली में संगठित अपराध विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नेस्टो ने कहा था, 'आतंकी का लक्ष्य वैचारिक होता है, जबकि संगठित अपराधी का वित्तीय, लेकिन दोनों का उपकरण एक है। इन दोनों को पैसे और हथियारों की जरूरत होती है।' श्रीलंका में तमिल टाइगर्स अपने संघर्ष के लिए पैसा जुटाने हेतु नशीले पदार्थों का व्यापार करते हैं तथा पूर्वोत्तर भारत में गुरिल्ली चाय बागान मालिकों का अपहरण कर उनसे पैसा वसूलते हैं ताकि अलगावाद के लिए संघर्ष चलाया जा सके। चेचेन्या में अलगाववादी नशे के व्यापार में अत्यधिक संलिप्त हैं। इन दिनों आतंकवादी जोखिम वाले बिंदुओं तक पहुंचने में पहले की तुलना में ज्यादा विश्वास से भरे हैं। वे हमले करने के पहले उनकी योजना बनाते हैं तथा नायक के रूप में उनको उचित ठहराते हैं। इस प्रकार वे अपने कृत्यों के माध्यम से अनेक उद्देश्य प्राप्त करने के लिए भय पैदा करते हैं तथा कुछ लोगों को प्रेरित भी करते हैं। इसलिए प्रभावी प्रशासनिक उपायों के लिए हमें पहले आतंकवादियों के विभिन्न स्रोतों का पता लगाना चाहिए। सरकारी स्तर पर सचमुच प्रभावी तैयारी कार्यक्रम जरूरी हैं। सबसे पहले हमें यह समझना चाहिए कि आतंकी गतिविधियों में कौन लोग शामिल हैं और उनकी प्रेरणा क्या है। आतंकी घटना से निपटने तथा उसके प्रभावों को समाप्त करने के लिए सतर्कता से योजना बनानी होगी। आतंकी-प्रभावित क्षेत्र के बारे में समुचित डेटा से बहुत सहायता मिलती है। खुफिया तंत्र को आतंकी लक्ष्यों, समय और स्थलों के बारे में पहले से ही सूचनायें उपलब्ध करानी चाहिए। लेकिन अकेले सरकार ही आतंकवादी घटनायें रोकने में सक्षम नहीं हो सकती है। सुरक्षा की सामान्य स्थितियों में सुधार के लिए लोगों और व्यक्तियों को महत्वपूर्ण योगदान करना होगा। इसके साथ ही ऐसी संवेदनशील सुरक्षा प्रक्रियाओं की जरूरत है जो हवाईअड्डों पर स्क्रीनिंग के साथ ही सीमा क्षेत्रों में स्क्रीनिंग तक प्रभावी हों।

एक प्रकार के सकारात्मक कार्यक्रमों की भी जरूरत है जो आतंकियों में निराशा का स्तर बढ़ सकें। ऐसे कार्यक्रम प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। इसके साथ ही राजनीतिक संस्थानों समेत ऐसे संस्थान खोलने की जरूरत है जो नस्ली, धार्मिक व राजनीतिक दबावों को सहन कर आतंकियों को अपनी भावनायें समुचित तरीके से व्यक्त करने का अवसर दे सकें। इससे उनको अपनी सोच बदलने तथा शांतिपूर्ण तरीके से अपने मतभेद दूर करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। वर्तमान युग में आतंकी एक दशक पहले के अपने समकक्षों की तुलना में बहुत संगठित तथा ज्यादा पेशेवर होते हैं, इसलिए सुरक्षा और संरक्षा की नई अवधारणायें विकसित करने की जरूरत है। इसके साथ ही सतर्क व अत्यधिक प्रभावी पुलिस व अर्धसैनिक नेटवर्क बनाना भी जरूरी है।

आशंका है कि जैविक व रासायनिक हथियारों की उपलब्धता के साथ ही आतंकी अपना अभियान और जोश के साथ चलाएंगे। कोई भी सभ्य राजनीतिक व्यवस्था उस समय तक प्रगति नहीं कर सकती है, जब तक आतंकवाद का उस समय तक उन्मूलन न कर दिया जाए जब तक इसका राजनीतिक समाधान सामने न आए। समय की आवश्यकता है कि आतंकवाद पैदा करने वाली समस्याओं के समाधान हेतु राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित की जाए। आतंकवाद से प्रभावित राज्यों को विवादों के बातचीत से समाधान के रास्ते खोलने चाहिए। इसके साथ ही लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति भी प्रदर्शित करनी चाहिए।

# डिजिटल जगत की सुरक्षा

> "डिजिटल परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, साइबर खतरे अधिक परिष्कृत और व्यापक होते जा रहे हैं।"

**शायनी शर्मा**
(लेखिका, शिक्षा प्रदाता हैं)



कनेक्टेड डिवाइस, क्लाउड कंप्यूटिंग और विभिन्न अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रसार के साथ, व्यक्तिगत हैकर्स से लेकर संगठित साइबर आपराधिक समूहों तक के खतरों की आक्रमण सतह में काफी विस्तार हुआ है। इस युग में, जहां प्रौद्योगिकी हमारे जीवन के हर पहलू में व्याप्त है, साइबर सुरक्षा के महत्व को कम नहीं किया जा सकता है और प्रौद्योगिकी के आगमन के साथ, इसे नए खतरों का उद्भव माना गया है।

साइबर सुरक्षा उपाय, जैसे एन्क्रिप्शन, पहुंच नियंत्रण और डेटा हानि की रोकथाम, अनधिकृत पहुंच, चोरी और गोपनीय जानकारी के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं। व्यापक डिजिटल कनेक्टिविटी के युग में, गोपनीयता बनाए रखना, व्यक्तिगत जानकारी और संचार को अनधिकृत निगरानी से सुरक्षित रखना, चोरी और आक्रामक डेटा संग्रह प्रथाओं की पहचान करना न केवल व्यक्तियों के लिए बल्कि संगठनों के लिए भी महत्वपूर्ण है। आदर्श वाक्य यह है कि हमारी डिजिटल दुनिया की रक्षा करना एक जिम्मेदारी है जिसे हम सभी साझा करते हैं।

साइबर सुरक्षा शोधकर्ता विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करते हैं, चाहे वह साइबर विरोधियों की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं (टीटीपी) को समझना हो या सॉफ्टवेयर विकास जीवनचक्र में सुरक्षा को एकीकृत करने के लिए कार्यप्रणाली, उपकरण और सर्वोत्तम प्रथाओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना हो; इसका उद्देश्य डिजिटल संपत्तियों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में वर्तमान और उभरती चुनौतियों का समाधान करना है। साइबर सुरक्षा शोधकर्ता उनके मूल कारणों को समझने के लिए सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर कमजोरियों की जांच करते हैं।



चाहे व्यवसाय हो या शिक्षा, कार्य के सभी क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा की सुरक्षा करना अनिवार्य है। साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा रणनीतियों का अभिन्न अंग है, क्योंकि साइबर खतरे भारत की आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को आकार देने में संप्रभुता, आर्थिक स्थिरता और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करते हैं, विशेष रूप से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में, भारत सरकार ने विभिन्न पहल और नीतियां लागू की हैं जैसे साइबर सुरक्षित बारात; भारत में साइबर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर स्वच्छता केंद्र और कई अन्य। इन पहलों का उद्देश्य नवीनतम साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करना, उपकरणों से दुर्भावनापूर्ण कार्यक्रमों का पता लगाना और हटाना और अंतत: एक सुरक्षित साइबर पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर साइबर खतरों से निपटना है।

डिजिटल परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, साइबर खतरे अधिक परिष्कृत और व्यापक होते जा रहे हैं। खतरे का पता लगाने, घटना की प्रतिक्रिया और भेद्यता प्रबंधन सहित साइबर सुरक्षा उपाय मैलवेयर, फ़िशिंग, रैंसमवेयर और सेवा से इनकार करने वाले हमलों जैसे साइबर खतरों को पहचानने, कम करने और नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

प्रभावी साइबर सुरक्षा ग्राहकों, भागीदारों, निवेशकों और बड़े पैमाने पर जनता सहित हितधारकों के बीच विश्वास और विश्वास पैदा करेगी। साइबर सुरक्षा की सर्वोत्तम प्रथाओं और नियमों के अनुपालन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करके, संगठन डिजिटल बाज़ार में अपनी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता बढ़ाते हैं।

उभरते खतरे के परिदृश्य, तकनीकी प्रगति, डिजिटल परिवर्तन पहल, नियामक आवश्यकताओं, भू-राजनीतिक तनाव और डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर सामाजिक निर्भरता के कारण साइबर सुरक्षा की आवश्यकता बढ़ गई है। साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा के बारे में नहीं है बल्कि यह डिजिटल युग में विश्वास, गोपनीयता और स्वतंत्रता की सुरक्षा के बारे में है। साइबर खतरों से उत्पन्न उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी, नीतियों, शिक्षा, सहयोग और निवेश को शामिल करते हुए एक व्यापक और सक्रिय दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

ऑनलाइन स्थान को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्ति को सतर्क, सूचित और सक्रिय रहने की आवश्यकता है। मजबूत पासवर्ड, नियमित अपडेट और फ़िशिंग प्रयासों से सावधान रहना साइबर लचीले समुदाय की ओर बस कुछ ही कदम हैं। प्रगति के बावजूद, साइबर सुरक्षा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें साइबर खतरों का निरंतर विकास, कुशल साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी और साइबर अपराध की वैश्विक प्रकृति शामिल है।

## आप की बात

### रायबरेली से राहुल

**रायबरेली** से राहुल गांधी के नामांकन से की नयी रणभूमि ष् सम्बंधित है। इससे हफ़्तों का सस्पेंस समाप्त हुआ लेकिन अमेठी के बजाय रायबरेली को चुन कर राहुल गाँधी ने अपने दृष्टिकोण से अच्छा कदम उठाया है। उनके लिए तुलनात्मक दृष्टि से रायबरेली काफी आसान सीट है, क्योंकि अमेठी में स्मृति ईरानी उनको कड़ी टक्कर दे सकती थीं। अगर गाँधी परिवार से कोई भी सदस्य अमेठी या रायबरेली से नहीं लड़ता तो एक गलत राजनैतिक सन्देश जाता और इसके अतिरिक्त कांग्रेस के उत्तर प्रदेश कार्यकर्ताओं में निराशा की लहर दौड़ जाती। 25 वर्षों में पहली बार अमेठी से गाँधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा। भाजपा राहुल गांधी के वायनाड के बाद अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ने को पलायन बता रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने मजाक उड़ाते हुए-डरो मत, भागो मत कहा है। हालांकि, चुनाव परिणाम 4 जून को सामने आएंगे, लेकिन फिलहाल सवाल है कि क्या राहुल गांधी मतदान के बाद वायनाड में हार की आशंका से रायबरेली आए हैं अथवा उनका इरादा हिंदी क्षेत्र में कांग्रेस में जान डालना है। देखना होगा कि क्या इससे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को आबंटित 17 सीटों पर उसके प्रदर्शन में कुछ सुधार आएगा और राहुल-अखिलेश संयुक्त चुनाव प्रचार करेंगे या नहीं।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### कांग्रेस में घबराहट

**पिछले काफी समय** से कांग्रेसी दलबदल कर रहे हैं। लेकिन अब कांग्रेस के सामान्य से लेकर विशिष्ट नेता तक संसद में अपनी जगह बनाने के लिए स्थान तक बदल रहे हैं। जन-आशीर्वाद से हमेशा लोकसभा पहुंचने वाली सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा पहुंची। राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा पहुँचते रहे, पर पिछले चुनाव में वे वायनाड से लोकसभा सदस्य बने और इस बार तो उन्होंने गजब कर दिया। वायनाड के साथ ही वे अमेठी से भी नामांकन भरने वाले थे। लेकिन अचानक मन बदल कर माताजी और बहनजी के साथ दादी इंदिरा गांधी की विरासती सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। आखिर कांग्रेस पार्टी में घबराहट क्यों बढ़ती जा रही है? कांग्रेस बरसों सत्तासीन रही है और ग्राम पंचायतों से लेकर संसद तक उसका एकछत्र शासन भी रहा है। तब पिछले दस साल में ही इतनी घबराहट क्यों पैदा हो गई है? भाजपा भी तो बरसों सत्ता से बाहर रही, पर उसमें इतनी घबराहट व बेचैनी कभी पैदा नहीं हुई। कांग्रेस को समझ लेना चाहिए कि जिस प्रकार जनसंघ व भाजपा के पास कांग्रेस को सत्ता से हटाने का कोई शार्टकट नहीं था, उसी तरह मोदी के नेतृत्व में भाजपा को भी सत्ता से हटाने का कोई शार्टकट नहीं है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### ऋषि सुनक का भविष्य

**देखना है** कि ऋषि सुनक का बोझ कन्जरवेटिव पार्टी कितने दिनों तक उठा सकती है? हो सकता है इस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आगामी आम चुनाव तक सुनक को ही 10 डाउनिंग स्ट्रीट में बनाए रखे ताकि पार्टी की संभावित ऐतिहासिक पराजय का ठीकरा भी उनके माथे पर फोड़ा जा सके। कन्जरवेटिव पार्टी ने ब्रेक्सिट का जो फायदा बताया था उसका ठीक उल्टा हो रहा है। दो महीने में तीन प्रधानमंत्री आए, लेकिन सुनक अभी पद पर बने हुए हैं। लेकिन स्थानीय चुनाव के नतीजे ने पार्टी की नींद उड़ा दी है। कंजरवेटिवों को पिछले कुछ वर्षों में सबसे खराब स्थानीय चुनाव परिणामों का सामना करना पड़ा है। लेबर पार्टी शुरू से ही ब्रिटेन के यूरोपीय संघ-ईयू से अलग होने का विरोध करती रही है। चुनाव में विजय के बाद वह फिर ब्रिटेन को ईयू में शामिल कर सकती है। हालांकि, यह प्रक्रिया बहुत आसान नहीं होगी और काफी कुछ अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम, अमेरिका-ईयू संबंधों तथा उस समय वैश्विक स्थितियों पर निर्भर करेगा। ऋषि सुनक के भविष्य से उन लोगों की भावनायें भी प्रभावित होंगी जो भारतीय मूल के व्यक्ति के ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने पर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे और इसे असाधारण प्रगति मानते थे।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### आत्मविश्वास की भावना

**कांग्रेस** ने रायबरेली से राहुल गांधी को चुनाव में उतारने का फैसला किया है। लंबे समय से यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। इसके बावजूद वर्तमान माहौल में यहां राहुल को कड़ी टक्कर का सामना करना होगा। सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा में जाने के करण अब कांग्रेस यहां से एकतरफा जीत की उम्मीद नहीं कर सकती है। यदि ऐसा होता तो राहुल गांधी वायनाड से भी क्यों चुनाव लड़ते? आत्मविश्वास की भावना नरेन्द्र मोदी में कूट-कूट कर भरी है जो प्रधानमंत्री पद पर रहने के बावजूद मोदी जी केवल बनारस की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जाहिर है कि उनको उन्हें यहां से पिछली बार से भी अधिक वोटों से जीत का पूरा विश्वास है। नेताओं में आत्मविश्वास की भावना का खामियाजा देश की जनता तथा सरकारी खजाने को भुगतने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। पहले कोई उम्मीदवार कई सीटों से चुनाव लड़ सकता था, पर बाद में इसे केवल दो सीटों तक सीमित किया गया। समय आ गया है कि अब निर्वाचन आयोग किसी भी उम्मीदवार के केवल एक सीट से लड़ने का प्राविधान करे। इससे नेता ज्यादा गंभीर बनेंगे।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# ईमानदारी से लोगों की सेवा करना मेरा धर्म रहा है: मोदी

● सपा-कांग्रेस अपने बच्चों के लिए लड़ रहे तो मोदी-योगी आपके बच्चों के भविष्य के लिए खप रहे: प्रधानमंत्री



**लखनऊ/इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इटावा में आयोजित जनसभा के माध्यम से एक साथ तीन लोकसभा क्षेत्रों (इटावा, मैनपुरी और कन्नौज) के मतदाताओं को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। इस दौरान पीएम मोदी के निशाने पर सपा और कांग्रेस गठबंधन रहा। उन्होंने कहा कि मोदी अपने 10 साल के कार्यकाल के बाद फिर एक बार आपसे आशीर्वाद मांगने आया है। आप सबने मेरी मेहनत देखी है, ईमानदारी से आप लोगों की सेवा करना, ये मेरा धर्म रहा है। अब मोदी भारत के लिए आने वाले 5 साल ही नहीं 25 साल का रास्ता बना रहा है। भारत एक हजार साल के लिए सशक्त हो, मोदी उसकी नींव तैयार कर रहा है। मोदी ये सब क्यों कर रहा है, क्योंकि मोदी रहे या न रहे देश हमेशा रहेगा। दूसरी तरफ ये सपा और कांग्रेस वाले क्या कर रहे हैं, ये चुनाव लड़ रहे हैं अपने भविष्य के लिए, अपने बच्चों के भविष्य के लिए। वहीं मोदी-योगी खप रहे हैं आपके बच्चों के लिए, आपके बच्चों का भविष्य बनाने के लिए। पीएम मोदी ने कहा कि मैनपुरी से जयवीर सिंह, इटावा से रामशंकर कठेरिया और कन्नौज से सुब्रत पाठक को चुनेंगे तो मोदी सशक्त होगा। आप सिर्फ सांसद नहीं चुनेंगे, आप भारत की सरकार चुनेंगे। उन्होने कार्यकर्ताओं से अपील की कि आप घर-घर जाइएगा और ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों को प्रेरित कीजिएगा। साथ ही उनसे कहिएगा कि मोदी जी ने आपको जय श्री राम कहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि इन परिवारवादियों की विरासत गाड़ी, बंगला, राजनीतिक रसूख है। कोई मैनपुरी, कन्नौज, इटावा को अपनी जागीर मानता है, कोई अमेठी रायबरेली को अपनी जागीर मानता है। लेकिन मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर है, मोदी की विरासत देश की करोड़ो माताओं-बहनों को मिला शौचालय है, मोदी की विरासत दलित गरीबों को मिली बिजली, गैस, नल की सुविधा है। मोदी की विरासत गरीबों को मिला मुफ्त राशन है, मुफ्त इलाज है, मोदी की विरासत आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बनाई गई नई शिक्षा नीति है, मोदी की विरासत तो सबकी है, सबके लिए है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा, बेटी प्रधानंत्री बने, मुख्यमंत्री बने। शाही परिवार का वारिस ही पीएम और सीएम बनेगा, ये कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी है।

## भारत की सुरक्षा, विकास और विश्वास का प्रतीक है मोदी का परिवार: मुख्यमंत्री योगी

● सीएम ने इटावा लोस क्षेत्र में पीएम की उपस्थिति में जनसभा को किया संबोधित

**लखनऊ/इटावा।** देश में एक परिवार ऐसा है, जो अपने स्वार्थ के लिए भारत की सुरक्षा में सेंध लगाता है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है। भ्रष्टाचार ही इनका संस्कार है। यह गरीब कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को वंचित करने का कार्य करते हैं। वहीं दूसरी ओर भारत की सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के लिए काम करने वाला भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में मोदी का परिवार है। देश की विरासत, विकास और विश्वास का प्रतीक मोदी का परिवार एक बार फिर भाजपा सरकार के निर्माण की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी आह्वान के साथ इटावा की पावन धरा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इटावा



लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा इटावा के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया, कन्नौज सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक तथा योगी सरकार के मंत्री-मैनपुरी के लोकसभा प्रत्याशी जयवीर सिंह ने अंगवस्त्र भेंटकर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दो चरण संपन्न हो चुके हैं। वहीं तीसरे चरण के लिए 7 मई और चौथे चरण के लिए 13 मई को वोटिंग होगी। ऐसे में आप सभी को लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनकर भारत के भविष्य के लिए चुनाव में वोट करना है। सीएम योगी ने कहा कि इटावा में लोग कहते थे कि अयोध्या में एक भी परिंदा पर नहीं मार सकता है, लेकिन आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो गये हैं। वह हम सभी को दर्शन दे रहे हैं। यह हम सबके जीवन में एक नया भोर है क्योंकि इससे पहले यहां क्या स्थिति थी, आप सभी अच्छे से जानते हैं। प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हुए थे। प्रदेश में अराजकता और गुंडागर्दी का माहौल था। इसकी वजह से हमारी बहू-बेटियां और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। नए भारत में आज हर तरफ सुरक्षा है। सभी को सम्मान भी मिल रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए विकसित भारत की संकल्पना में आप सभी को सहभागी बनना है।

# योगी आज उन्नाव, हरदोई और शाहजहांपुर में करेंगे जनसभा

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी फर्रुखाबाद में

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार 06 मई को उन्नाव, हरदोई और शाहजहांपुर के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी दोपहर 12:05 बजे आर.आर. बी.एन. इण्टर कालेज भगवंतनगर, उन्नाव में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 01:40 बजे बड़ी फील्ड, शाहबाद, हरदोई में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। दोपहर 03 बजे लक्ष्मीपुर बांगर, खुदागंज, कटरा, शाहजहांपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सोमवार 06 मई को फर्रूखाबाद के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 10:15 बजे जिला भाजपा कार्यालय, फर्रूखाबाद में संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे एवं सुबह 11:15 बजे नारायण आश्रम, फर्रूखाबाद युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद सोमवार 06 मई को बलरामपुर व बहराइच के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12 बजे छोटा परेड ग्राउण्ड, बलरामपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 01:30 बजे उर्रा बाजार कारीकोट बाग बहराइच में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार 06 मई को अमेठी के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11 बजे गोसाईगज बाजार, अमेठी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे शाहगढ, गौरीगंज, अमेठी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा सोमवार 6 मई को बदायू के प्रवास पर रहेंगे। बीएल वर्मा बदायू में जनसम्पर्क करेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही सोमवार 6 मई को महराजगंज के प्रवास पर रहेंगे। सूर्य प्रताप शाही दोपहर 2 बजे प्रिन्स मैरिज लॉन, महराजगंज में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश सरकार में मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह सोमवार 06 मई को महाराजगंज और सिद्धार्थनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे ड्रीम मैरिज हॉल, परतावल, पनियरा, महाराजगंज में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 2 बजे संगम मैरिज हॉल, सिसवां चौराहा, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री श्री दयाशंकर सिंह सोमवार 06 मई को अयोध्या के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह सुबह 11 बजे रामबली इण्टर कालेज, गोसाईगंज, अयोध्या में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी सोमवार 6 मई को प्रतापगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी सुबह 11 बजे आद्विक मैरिज हॉल, पट्टी, प्रतापगढ़ में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश सरकार में मंत्री श्री गिरीश यादव सोमवार 06 मई को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। गिरीश यादव दोपहर 01 बजे आर.पी.एम. मैरिज हॉल तरवा, मेंहनगर, आजमगढ़ में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के सम्बोधित करेंगें। प्रदेश सरकार के मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम सोमवार 6 मई को बलिया के प्रवास पर रहेंगी। विजय लक्ष्मी गौतम सुबह 11 बजे राधिका मैरिज हॉल, बेल्थरा रोड, बलिया में आयोजित अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगी। प्रदेश सरकार के मंत्री श्री रामकेश निषाद सोमवार 6 मई को महोबा के प्रवास पर रहेंगे। रामकेश निषाद सुबह 11 बजे टूरिस्ट बंगला महोबा में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश राठौर 6 मई को अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे। राकेश राठौर सुबह 11 बजे एस.डी. मैरिज हॉल, नरियांव, आलापुर, अंबेडकरनगर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 3 बजे मौर्या मैरिज हॉल, टांडा, अंबेडकरनगर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

# अखिलेश की मौजूदगी में हुआ महाराणा प्रताप का अपमान: भूपेन्द्र

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि मैनपुरी में सपा प्रमुख अखिलेश द्वारा डिंपल यादव के प्रचार के लिए हुए रोडशो में जिस प्रकार सपा कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप का अनादर किया गया वह नाकाबिले बर्दाश्त है। उन्होंने यह भी कहा कि सपा प्रमुख की उपस्थिति में जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी दिवंगत माता के प्रति जो अपमानजनक टिप्पणी की गई उस पर भी अखिलेश यादव को माफी मांगनी चाहिए। सपा कार्यकर्ताओं की यह हरकत उनकी पार्टी की रीति और नीति की परिचायक है।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रनायकों को अपमानित करने की सपा और कांग्रेस की पुरानी नीति है। महाराणा प्रताप ने भारत की अस्मिता और मान सम्मान की रक्षा के लिए मुग़लों से बड़ी लड़ाइयाँ लड़ी थीं। उन्होंने घास की रोटियाँ खाना स्वीकार किया लेकिन मुग़लों के आगे नहीं झुके। उन्होंने मुगलों की पराधीनता स्वीकार नहीं की, लेकिन अल्पसंख्यक तुष्टिकरण और वोट बैंक के लालच में सपा के नेता और कार्यकर्ता राणा प्रताप को भी अपमानित करने से नहीं चुके वह भी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ तुष्टिकरण की अंधी रेस में सपा कार्यकर्ताओं की यह हरकत निंदनीय है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रोडशो के दौरान इस कृत्य को रोकने का भी प्रयास नहीं किया गया। जो यह दर्शाने के लिए पर्याप्त है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रत्येक महाराणा प्रताप के प्रति वे क्या भाव रखते हैं। अपने इस कृत्य के लिए भी सपा प्रमुख को अविलंब माफी माँगनी चाहिए। रोडशो में उनके समर्थकों द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति अमर्यादित शब्दावली का इस्तेमाल किया गया। उनकी दिवंगत मां के प्रति भी अपशब्द कहे गये वह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हैं। सपा प्रमुख को अपने कार्यकर्ताओं के आचरण पर संपूर्ण देश से माफी माँगनी चाहिए।

चौधरी ने यह भी कहा कि महलों में रहने वाले शहजादे की यह नफरत गरीबी और पिछड़े समाज से आने वाले पीएम मोदी जी के प्रति ही नहीं है, बल्कि वे हर उस गरीब और पिछड़े तबके के व्यक्ति के प्रति उनकी घृणा को दर्शाता है जो समाज का नेतृत्व करना चाहता है। गरीबी और पिछड़ेपन से निकलकर मुख्यधारा में आने का सपना संजोये है। उन्होंने कहा कि सपा और उसके नेता पीडीए की बात करते हैं लेकिन पिछड़ों और दलितों के मान सम्मान और स्वाभिमान के संरक्षण के लिए काम करने वाले मोदी से नफ़रत करते हैं। इनके लिए पिछड़ों का कल्याण भी केवल पारिवारिक व्यक्तियों का विकास ही है।

कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार अपमानित कर रहे हैं। निजी कटाक्ष कर रहे हैं, गालियाँ दे रहे हैं जो उनकी हताशा और निराशा को प्रकट करता है। उन्हें 4 जून को परिणाम के दिन अपनी पार्टी और गठबंधन की हार साफ दिखाई पड़ रही है। इसलिए वे सभी विक्षिप्त व्यक्तियों की तरह आचरण कर रहे हैं। जनता जनार्दन सपा के चाल, चरित्र और चेहरे को जानती और पहचानती है। वह इनका हिसाब अपने वोट की चोट से कर देगी।

# जनता महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएगी: अविनाश पांडे

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने रविवार को अपने पूर्व निर्धारित चुनावी दौरा कार्यक्रम के आज दूसरे दिन प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र (फूलपुर) प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, मछली शहर, एवं जौनपुर पहुंचकर लोकसभा कोऑर्डिनेटर, जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, प्रदेश प्रभारी उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिवों, फ्रंटल संगठनों/विभागों/प्रकोष्ठों के जिला/शहर अध्यक्षों/प्रमुखों, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों एवं इंडिया गठबंधन के घटक दलों समाजवादी पार्टी, लोकदल, आम आदमी पार्टी, किसान यूनियन के नेताओं प्रभारियों व पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों के सड्डुबन्ध में लोकसभावार बैठकें करीं।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे ने समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के संविधान, जनता का अधिकार, वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है। बेरोजगारी एवं महंगाई के खिलाफ जनता इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है।

पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार में किसानों के खिलाफ तीन काले क्रूर कृषि कानून लाये गये थे, उन काले कानूनों के विरोध में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी के नेतृत्व मे विरोध किया गया जिस पर भाजपा सरकार को उन काले कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा। पांडे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 'अग्निपथ योजना' को तुरंत रद्द कर पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू करायेगी। पांडे ने कहा कि अब भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। बीजेपी ने जनता को सिर्फ जुमला ही दिया है। महंगाई और बेरोजगारी एवं उद्योग धंधे चौपट होगये हैं अब जनता इंडिया गठबंधन के तरफ देख रही है।

# केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि दस साल की सरकार में भाजपा ने जनता के साथ सिर्फ भेदभाव किया है। उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया लेकिन किसानों की कोई मदद नहीं की। किसानों का कोई कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा सरकार ने ऐसी नीति बनायी जिसमें पांच करोड़ रूपये से ज्यादा कर्ज लेने वाले उद्योगपतियों और व्यवसायियों के कर्ज माफ हो जाय। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में लाखों करोड़ रूपये के कर्ज माफ कर दिए लेकिन हजार और लाख रूपये लोन लेने वाले किसानों को प्रताड़ित किया जाता है। भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लाकर किसानों की जमीन और फसल उद्योगपतियों के हाथों में सौपने की साजिश रची। किसानों ने आंदोलन किया। हजारो किसान शहीद हुए। यूपी विधानसभा चुनाव में हार सामने देख भाजपा सरकार ने तीनों काले कानून वापस लिए लेकिन किसानों को




फसलों के लिए एमएसपी का अधिकार नहीं दिया। भाजपा ने किसानों को अपमानित किया।

रविवार को आगरा लोकसभा क्षेत्र के जलेसर में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुरेश चन्द्र कर्दम के समर्थन में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसान, नौजवान, आम जनता भाजपा के खिलाफ है। जनता भाजपा के विरोध में वोट कर रही है। केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों का सभी कर्ज माफ होगा। किसानों के फसलों को एमएसपी की गारन्टी का कानून बनाया जायेगा।

पहले, दूसरे चरण के बाद तीसरे चरण में भी भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। पीडीए परिवार भाजपा की सरकार पलटने जा रहा है। देश में परिवर्तन होने जा रहा है। भाजपा से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। बीजेपी सरकार संविधान और जनता के जान के पीछे पड़ी है। पिछड़े, दलितों के आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। बहुत अन्याय, अत्याचार किया है। इस सरकार ने जनता की कभी नहीं सुनी। देश की 140 करोड़ जनता पर अपने मनमाने फैसले थोपे हैं। सरकारी संस्थानों का निजीकरण किया। नोटबंदी की। व्यापारियों पर जीएसटी थोपा। जनता में भाजपा सरकार को लेकर बहुत नाराजगी है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार ने हर चीज की महंगाई बढ़ा दी है। डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस, रिफाइंड तेल, दाल, नमक, सब चीज के दाम बढ़ा दिए। इतनी महंगाई पहले कभी नहीं थी भाजपा ने जनता से वादे किए लेकिन महंगाई कम नहीं की। किसानों के साथ नौजवानों से झूठे वादे किये। हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन भाजपा सरकार के फैसलों से युवाओं की नौकरियां छिन गयी। बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हुए है। आज गांव-गांव में बड़ी संख्या में पढ़े लिखे युवा बेरोजगार हैं।

## विपक्षी नेता हताशा-निराशा में अमर्यादित बोली बोल रहे: केशव

**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को आगरा में फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार राजकुमार चाहर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर महान दल ने भी भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मोदी की लहर चल रही है और विपक्षी नेता हताशा-निराशा में अमर्यादित बोली बोल रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि वह दिन लोग आज तक नहीं भूले हैं, जब नारा प्रचलित था, जिस गाड़ी पर लगा सपा का झंडा-उस पर बैठा सत्ता का गुंडा। सपा के शासन में प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। बमों की फैक्ट्रियां लगती थीं। गुंडे माफियाओं को पूरा संरक्षण मिलता था। आज ऐसा नहीं है, आज गुंडे माफिया थाने में जाकर सरेंडर कर रहे हैं। माफियाओं को जेल की हवा खानी पड़ रही है। दंगे करने वाले अपने बिलों में घुस चुके हैं। प्रदेश का माहौल बिगाड़ने की कोई सोच भी नहीं सकता।

## भाजपा के प्रति लोगों में विश्वास है:धर्मपाल सिंह

**लखनऊ/वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को मछली शहर लोकसभा के पिंडारा विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सहभागिता की। उन्होंने पन्ना प्रमुखों को मतदान ब ढ़ाने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मतदान से पहले सभी बूथ अध्यक्ष समेत उनके कमेटी के सभी सदस्य और पन्ना प्रमुख अपने-अपने क्षेत्र के सभी घरों में कम से कम दो-तीन बार संपर्क जरूर करें। साथ ही अपने साथ घर के हर सदस्य को मोदी की गारंटी पत्र देकर उसके बारे समझाएं भी। कहा कि पन्ना प्रमुख ही भाजपा को इस चुनाव में भारी मतों की जीत दिलायेंगे। धर्मपाल सिंह ने पन्ना प्रमुखों के साथ ही मतदान प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों को हर बूथ पर जीत का मार्जिन बढ़ाने का टास्क दिया। कहा की पन्ना प्रमुख सुबह 7 बजे ही अपने परिवार और पड़ोसियों के साथ मतदान करें। इसके बाद अपने पन्ने के हर वोटर को पोलिंग बूथ तक ले जायें।

# तृतीय चरण की दस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

● मतदान मंगलवार सात मई को

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 07 मई, को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 06 मई, 2024 (सोमवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए तृतीय चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृतीय चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8-सम्भल, 16-हाथरस (अ0जा0), 18-आगरा (अ0जा0), 19-फतेहपुर सीकरी, 20-फिरोजाबाद, 21-मैनपुरी, 22-एटा, 23-बदायूं, 24-ऑवला तथा 25-बरेली लोकसभा सीट प्रदेश के 12 जनपदों में मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली आते हैं। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग की जा सके।

## पाँचवें चरण के लिए हुए नामांकन में 149 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया संचालित है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के पांचवे चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 296 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 04 मई को नामांकन पत्रों की जांच में 149 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज किये गये। इसी प्रकार 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल 06 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 04 मई को नामांकन पत्रों की जांच में 02 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज किये गये।

● मतदान 20 मई को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में पाँचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 04 मई को नामांकन पत्रों की जांच में 149 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज किये गये,जिसमें मोहनलालगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें शत्रुहन लाल रावत, विनय कुमार रावत, अखिलेश, सीताराम, सुशील कुमार, संदीप कुमार रावत, विजय कुमार, संतोष कुमार, दिशा गौतम, राजरानी हैं।

लखनऊ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 31 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें गोपाल प्रसाद जायसवाल, पंकज कुमार सिंह, अवनीश चन्द्र जैन, विवेक कुमार झा, शालिनी अस्थाना, मनीष मौर्या, नीलम शर्मा, विमल कुमार शर्मा, सैय्यद अली हुसैन, सौरभ कुमार शुक्ला, सुमल वर्मा, आरती, सुनील कुमार यादव, कविता निगम, मो0 अकरम अंसारी, सौन्दर्य रंजन, रेखा भारती, विद्या शंकर वर्मा, डा0 आशुतोष वर्मा, भगवानदीन, सैय्यद जिशान अहमद, मोहम्मद रईस, पीसी कुरील, राघवेन्द्र कुमार सैनी, निरंजन कुमार पाण्डेय, मृदुल कुमार श्रीवास्तव, किरन दुबे, विनय कुमार श्रीवास्तव, पारस पाण्डेय, लोकेश श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार मिश्रा हैं। रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 16 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें चन्द्रेश शुक्ला, छोटेलाल, राजेश कुमार, सुमित्रा देवी, बृजेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, पार्थ सारथी, अनिरूद्ध सिंह, मनोज कुमार सोनकर, राजेश बिहारी लाल श्रीवास्तव, सागिर हसन, प्रदीप सिंह, सूर्यभान सिंह, शुभम सिंह, शिखर अवस्थी, आरती, जय सिंह हैं। अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 31 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 18 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें गोपाल स्वरूप गांधी, सुनील कुमार तिवारी, प्रदीप, अजय कुमार, जय सिंह, तनवीर अहमद, राजेश बहादुर सिंह, सुरेश कुमार मौर्य, मिथुन जायसवाल, अखिलेश, पुत्ती लाल, रचना वशिष्ठ, रामवरन, चन्द्रेश प्रताप सिंह, पारस कुमार नानू भाई गुमानी, रामलखन, विनीत श्रीवास्तव, श्रीपति सहाय नागर हैं। जालौन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 05 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें गंगा सिंह, चन्द्रभान, दल सिंह, धर्मेन्द्र, बृजबिहारी हैं। झांसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें रोहिणी प्रजापति, शिरोमण सिंह, संजय कुमार, अविनाश पाठक, कमल किशोर, पूरनलाल, प्रदीप कुमार गुप्ता, फूल चन्द्र जैन, बृषभान अहिरवार, सतीष यादव, हीरालाल हैं। हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 02 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें पारथ सिंह, सारथ कुमार व्यास हैं। बांदा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें शिवशंकर, चन्द्रभवन, बलबन खान गोरी, राजबहादुर, मोहन लाल, प्रकाश चन्द्र जायसवाल, अब्दुल सुभान नोमानी हैं।

# तालाबों का एडवांस भुगतान करके एक्सईएन ने शासनादेश को दी चुनौती

**●सीडीओ ने जांच कराने का दिया आश्वासन**

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जिले** के लघु सिंचाई विभाग का गोरखधंधा जगजाहिर है। विभाग ने लाखों रुपये लागत के बनाये गये टेढ़ा व इसुई के तालाबों की खुदाई का बजट पूरी तरह विभाग ने ठेकेदार को भुगतान कर दिया है। मगर तालाब अभी भी खोदे जा रहे हैं। चेकडैमों में रिपेयरिंग के नाम पर खानापूरी कर लाखो रुपये ठिकाने लगा दिये गये है। विभाग में गौतम ट्रेडर्स व यश कन्ट्रक्शन दो कार्यदायी संस्थाओं को ही पूरा काम दिया जाता है जिससे विभाग की कार्यप्रणाली में बराबर प्रश्नचिंह लगते जा रहे है मगर उच्चाधिकारी इस मामले में कोई कार्यवाही नही करते है।

जानकारी के मुताबिक भ्रष्टाचार का पर्याय लघु सिचाई(एमआई) की परत दर परत धांधली खुलती जा रही है। लाखों रुपये के चेकडैम व तालाबों की काम कराने में अधिशासी अभियंता एसबी सिंह फतेहपुर की दो कार्यदायी संस्थाओं को ही प्राथमिकता देते है। पिछले वित्तीय वर्ष केवल एक साल की जांच यश कंट्रक्शन व गौतम ट्रेडर्स की जांच कराली जाये तो चौकाने वालें तथ्य सामने आयेगे।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक सुमेरपुर क्षेत्र में इसुई व टेढ़ा गांव में बीस से पच्चीस लाख कीमत के तालाव जल स्तर बढ़ने के उद्देश्य से खुदवाये जा रहे है। नियम व शर्तों के अनुसार दोनो तालाब माह मार्च के पहले ही निर्मित हो जाना चाहिये मगर दो माह व्यतीत हो जाने के बाद तालाब अभी भी खुदवाये जा रहे है। गौतम ट्रेडर्स इसुई गांव के तालाब का निर्माण करा रहा है और समस्त भुगतान पहले ही हो चुका है। बजट सिलेंडर न हो इसलिये कार्यदायी संस्था को बिना नियम के भुगतान कर दिया गया है। टेढ़ा गांव के तालाब का भुगतान पहले ही ठेकेदार केडी सिंह को कर दिया गया है। बताया जाता है कि जबसे एसबी सिंह ने अधिशासी अभियंता का कार्यभार ग्रहण किया तब से विभाग में धांधली चरम पर पहुच गयी है। यही नही जब भी कोई जन प्रतिनिधि अधिशासी अभियंता से मिलने जाता है तो मिलने से साफइंकार कर दिया जाता है।

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) चंद्रशेखर शुक्ला का कहना है कि मामला गंभीर है. मामले की जांच करायी जायेगी। वही सांसद प्रतिनिधि राज्यसभा अशोक तिवारी का कहना है कि मामले की सीधे शिकायत विभाग के केविनेट मंत्री से की जायेगी ताकि विभागीय अभियंता गरीबों का हक न डकार सके।

# सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश के लिये चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत



**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव का समर चल रहा है। तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। तीसरे चरण के बाद चौथे चरण में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में मतदान 13 मई को होगा। जैसे-जैसे मतदान की तिथि निकट आ रही है वैसे-वैसे सियासी गर्मी भी बढ़ती जा रही है।

उत्तर प्रदेश में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की चर्चा जोरों पर है। यहां से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। जिसको लेकर सफाई पूरी ताकत झोंकने में जुटे हैं तो वहीं अन्य पार्टी के समर्थक भी चुनाव प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। रविवार को रसूलाबाद क्षेत्र के मिर्जापुर लकोठिया, पछायेंपुरवा कोला, बंदराहा, फ़त्तेपुर, बकोठिया, डिब्बापुरवा, अजीमाबाद सहित कई गांव में वरिष्ठ सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह यादव ने तूफानी जनसंपर्क कर अखिलेश यादव के लिए वोट मांगे। पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हुए सब सपा कार्यकाल में हुए जो अखिलेश यादव ने कराये। सिकंदरपुर में बना विद्युत सब स्टेशन सपा सरकार में बना जो इस क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित कर रहा है और भरपूर विद्युत आपूर्ति भी मिल रही है।

# आ गया है विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का समयः अजय मिश्र 'टेनी'

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ



**भारतीय** जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने विधानसभा गोला गोकर्णनाथ के गोला नगर के दिव्य मैरिज लॉन में कार्यकर्ता बैठक, गोला नगर के उमा देवी चिल्ड्रेन्स एकेडमी में कार्यकर्ता बैठक एवं गोला नगर के पंजाब कालोनी में जनसम्पर्क आदि सायंकाल कार्यक्रमों में उपस्थित रहे।

कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि यही वह समय है जहां से यह देश विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। भारतीय जनता पार्टी पिछले 10 वर्षों से काम कर रही है और उसने बहुत अच्छे और सकारात्मक परिणाम दिये है। 13 मई को अबकी बार पूरे देश के लोग मतदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 2014 से पहले आमतौर पर मतदाता में निराशा बहुत होती थी मैंने भी कई चुनाव लड़े है विधायक भी रहा और सांसद भी हूं। उस दौरान हम लोग जब लोगों से कहते थे जो अपना काम कर रहे होते थे काम करते करते ही कहते थे ठीक है जब मतदान होगा तो कर आएंगे।

हमको तो मतदान ही करना है सब नेता एक जैसे होते है सब पार्टी एक जैसी होती है ऐसी एक भावना उनके द्वारा प्रकट होती थी जो उनकी हताशा और निराशा को व्यक्त करती थी। 67 वर्षों से लगातार 2014 से पहले लोग मतदान कर रहे थे लेकिन लोगों को उन सरकारों से कोई संतुष्टि नहीं मिलती थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 2014 से सरकार बनने के बाद लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। अब लोगों में मतदान करने को लेकर उत्साह है और मुझे पूरी उम्मीद है कि 13 मई को आप लोगों के द्वारा पूरे उत्साह के साथ शत-प्रतिशत मतदान किया जाएगा। इसके साथ ही नगर भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद लखीमपुर के मोहल्ला द्वारिकापुरी में जनसम्पर्क किया।

# डीएम-एसपी ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने दलबल के साथ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वल्नरेबल मतदान स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान भ्रमण कर मतदाताओं से वार्ता करते हुयें निष्पक्ष मतदान हेतु आश्वस्त करनें के उपरान्त अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रविवार को क्षेत्र के ग्राम डुंडबाबुजुर्ग स्थित कम्पोजिट विद्यालय पहुंचे जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व सीओ सदर कमलेश द्वारा मतदान स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होनें बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होने गांव में भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया साथ ही लोगों को निष्पक्ष व निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, उपनिरीक्षक विनय शर्मा, राजेश प्रताप सिंह, देवीचरण साहू आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाने को चलाया अभियान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आबकारी** आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व मे सामान्य निर्वाचन लोकसभा के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले भर में प्रवर्तन अभियान चलाया।

अभियान के अंतर्गत रविवार को सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 16 अभियोगो को पंजीकृत किया। 315 लीटर अवैध शराब और 1380 किग्रा लहन बरामद की।

जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने ग्राम अटउआपुरवा थाना फरधान में दबिश दी। तत्पश्चात क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक द्वारा ग्राम लोनपुरवा थाना खीरी में दबिश के दौरान 01 अभियुक्त को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक श्री ह्रदय नारायण क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने ग्राम राम नगर कालोनी थाना मोहम्मदी में दबिश दी। आबकारी निरीक्षक मनोज यादव क्षेत्र 3 निघासन ने ग्राम झउआपुरवा, मदनापुर थाना निघासन में दबिश के दौरान 02 अभियुक्तों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक प्रभात तिवारी क्षेत्र 4 पलिया ने ग्राम गजरौला जंगल थाना पलिया में दबिश दी। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने ग्राम मुड़ासरकरा थाना हैदराबाद, ग्राम सरकारपुर, खुशहालपुर, अन्नापुर थाना मैलानी में दबिश दी। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम कचियानी, ललहौआ थाना मैलानी में दबिश दी। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अजीज क्षेत्र 7 धौरहरा ने ग्राम हरदुआ नाला थाना धौरहरा में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब सहित लहन बरामद की।

# इलाज के दौरान प्रसूता की मौत पर परिजनों का हंगामा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एक निजी हास्पिटल में इलाज दौरान प्रसव बाद प्रसूता की मृत्यु हो गई। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के परिजनों नें चिकित्सकों पर लापरवाही पूर्ण ढंग से इलाज करने के कारण मृत्यु हो गई। परिजनों ने हंगामा काटते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना बेवर निवासी मुकेश चंद्र गुप्ता पुत्र महेश गुप्ता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की सुबह रामगंज स्थित अमन हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा लापरवाही से इलाज करनें के कारण प्रसव के बाद उसकी 33 वर्षीय पत्नी जूली गुप्ता की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने मृतका के शव पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## क्विक न्यूज

### यूनियन बैंक में लगी आग, लाखों का नुकसान

**कन्नौज।** संदिग्ध अवस्था मे अचानक बंद बैक मे आग लग गई। आग देखकर ग्रामीणो में हडकंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाडियों ने आग पर बामुश्किल काबू पाया। थाना ठठिया के पट्टी गांव मे यूनियन बैंक है। रविवार को अवकाश के चलते बैंक बंद थी। करीब दस बजे बैंक से अचानक धुंआ निकलने लगा। जिसे देखकर ग्रामीणों मे हडकंप मच गया। आग ने थोडी देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख लोगों ने पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आसपास के निजी संसाधनों से आग बुझाने की कोशिश करने लगी। थोड़ी देर में आई दमकल की एक गाड़ी आग बुझाने में नाकाम साबित हुई तो दो गाड़ियां और बुलाई गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### डंपर पलटने से चालक की मृत्यु

**राठ हमीरपुर।** चिकासी थाने के टोला खंगारन गांव की धसान नदी की मौरंग खदान से मौरंग भरकर आ रहा डंपर के पलटने से चालक की मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक शनिवार की देर रात मौरंग से भरा डंपरबंगरा के पास पलटने से चालक केविनमें बुरी तरह फस गया जिसे उसकी दर्द नाक मौत हो गयी चालक फिरोजाबाद के जफरा गांव निवासी राहुल(26) पुत्र महिपाल सिंह के रुप में शिनाख्त की गयी है। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि राहुल गांव के शैलेश खलासी के साथ मौरंग भरने के लिए चिकासी थाने के टोला खंगारन में डंफर लेकर आया था। मृतक अपने पीछे एक पुत्र दो वर्षीय आयुष, चार वर्षीय पुत्री प्राची छोड़ गया है।

### भाजयुमो की विशाल बाईक रैली आज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में सोमवार की सुवह दस बजे तिर्वारोड स्थित बृहमदेव मंदिर से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के नेतृत्व में विशाल बाईक रैली निकाली जायेगी जो कि नगर से होते हुये मोहल्ला गोपालनगर स्थित पेट्रोल पम्प के निकट जाकर समाप्त होगी। यह जानकारी भातयुमों नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता नें दी। उन्होनें भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों से समय से पहुंचनें की अपील की है।

# राम रहीम की आस्थाओं का देश संविधान और मोहब्बत से ही चलेगा: अंशू तिवारी

**संवाददाता।** फतेहपुर




**भारत** राम रहीम का देश है जो संविधान और मोहब्बत से चलेगा। आज़ादी के इतने वर्षों के बाद भी किसी भी धर्म को दूसरे धर्म से खतरा महसूस नहीं हुआ। पीएम की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति सत्ता पाने के लिए ओछी बाते कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन संविधान कायम रखने के लिए दूसरी आज़ादी की लड़ाई लड़ रहा है। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव व जनपद के लोकसभा प्रभारी अंशु तिवारी ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। रविवार को सपा के जिला कार्यालय में आयोजित गठबंधन दलों की समन्वय समिति की बैठक के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की ओर से लोकसभा प्रभारी व उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अंशु तिवारी ने केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पाने के लिए पीएम की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति द्वारा ओछी बाते की जा रही हैं। आज़ादी के इतने वर्ष बीतने के बाद कभी किसी धर्म को किसी दूसरे धर्म से खतरा नहीं महसूस हुआ। कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद कोई भी व्यक्ति सदन में केवल देश का पीएम होता था किसी दल का नहीं। उन्होंने बीजेपी के चार सौ पार वाले नारे का उपहास उड़ाते हुए कहा कि गृहमंत्री अमित शाह राजनैतिक शंकराचार्य हैं। सीटो की संख्या तय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दंगा कराने वाले आज सत्ता में है। युवा, किसान परेशान है, बेरोजगारी महंगाई के चलते आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है।

भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ध्रुवीकरण के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम व धार्मिक उन्माद की बाते कर मर्यादा लांघी है। चुनाव आयोग को कार्रवाई करते हुए भाजपा की सदस्यता रद्द कर देनी चाहिए। कहा कि राम रहीम की विचारधारा रखने वाला भारत देश संविधान और मोहब्बत से चलेगा तुष्टीकरण और नफरत से नहीं।

# पांच सुतली बमों के साथ पुलिस ने दो को दबोचा

**फतेहपुर।** मलवां थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राहुल कुमार पांडेय अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि दो लोग बमों के साथ चक्की नाका ओवर ब्रिज के नीचे किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी करके दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की तलाशी ली गई तो उनके पास से पांच सुतली बम बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम हासीद पुत्र हासीम अली व भुट्टो पुत्र अजीज निवासीगण चखेड़ी थाना मलवां बताया। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफपुलिस ने 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार त्रिपाठी, कांस्टेबल लवकुश, नीरज कुमार गौड़, सचिन चौधरी भी शामिल रहे।

# जनसेवा केंद्र संचालक की हत्या कर शव बोरी में डालकर फेंका



**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद थाना पुलिस ने आज रविवार को एक जन सेवा केंद्र संचालक की गला दबाकर हत्या करने के बाद फेके गए बोरी में बंद शब को बरामद किया। मोहम्मदाबाद पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सुतहडी का निवासी अजहरुद्दीन उम्र करीब 25 वर्ष कस्बा रोशनाबाद में एक जन सेवा केंद्र का संचालक था। शनिवार सायंकाल अजहरुद्दीन अपना जन सेवा केंद्र बंद करके निकला और इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने देर रात तक उसकी खोजबीन की लेकिन पता न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रविवार प्रात: ग्राम अदूपुर के निकर्ट मक्का खेत के निकट गला दबाकर हत्या करने के बाद एक बोरे में बन्द कर फेके गए युवक का शव बरामद किया, जिसकी पहचान जनसेवा केंद्र संचालक अजहरुद्दीन पुत्र अफसर अली के रूप में की गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद बताया कि हत्याकांड का जल्द से जल्द पर्दाफाश कर हत्यारे गिरफ्तार होंगे।

# मंदिर से चुराई घंटियों के साथ तीन चोर गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस भी बरामद

**फतेहपुर।** किशनपुर थाने के उपनिरीक्षक इंद्रपाल सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे, जब पुलिस टीम खेमकरनपुर रारी मोड़ के समीप पहुंची और चेकिंग करने लगी तो एक बाइक पर सवार तीन लोग पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके तीनों को दबोच लिया।

पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से त्रिलोचनपुर मोड़ पर स्थित मंदिर से चोरी की गई घंटिया व तमंचा-कारतूस बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम अमित सोनकर पुत्र गनेश सोनकर निवासी कोट थाना खखरेरू, अमित सोनकर पुत्र रतीभान सोनकर निवासी एकडला थाना किशनपुर व प्रमोद रैदास पुत्र लक्ष्मण रैदास निवासी जनानतारा मजरे गढ़ा थाना किशनपुर बताया। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 29 अप्रैल को राजेंद्र प्रसाद पुत्र स्व. रामस्वरूप निवासी कस्बा किशनपुर की सूचना पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुकान में पीछे के रास्ते से छत पर चढ़कर चोरी का प्रयास करने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। वहीं एक मई को थाना खागा के अंतर्गत त्रिलोचनपुर चौराहा के समीप स्थित मंदिर से घंटिया चोरी के संबंध में सुभाष कुमार पुत्र स्व. संतोष कुमार निवासी त्रिलोचनपुर की सूचना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

उन्होने बताया कि प्रमोद रैदास अभी हाल में ही जमानत पर जेल से रिहा हुआ है। पुलिस ने तीनों के खिलाफसुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक इंद्रपाल के अलावा उपनिरीक्षक शशिकांत सरोज, महेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल विवेक कुमार शुक्ला, सर्वेश कुमार यादव, तपेंद्र कुमार बघेल भी शामिल रहे।

# पाण्डु नदी पर लकड़ी के पुल से आवागमन को मजबूर हैं ग्रामीण

**संवाददाता।** रसूलाबाद, कानपुर देहात



**लकड़ी** का पुल ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। प्रदेश में कई सरकारें आई कई सरकारें गई। वही कई जनप्रतिनिधियों ने जनता को आश्वासन दिया लेकिन सब हवा हवाई साबित हुए तब गांव वासियों ने मिलकर पांडू नदी पर आरसीसी के खंभे खड़े करके लकड़ी का पुल बना दिया। मई माह की तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच राजनीतिक सरगर्मी दिनों दिन बढ़ रही है।

लोकसभा चुनाव की सरगामी तेज है वहीं ग्रामीण इलाकों में आज भी ऐसे मुद्दे हैं जिन मुद्दों पर जनता अपनी बात कह रही है। ऐसा ही मामला है रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर लकोठिया ग्राम पंचायत का मजरा बंदरहा में जहां पांडु नदी में पुल न बनने से ग्रामीणों ने स्वयं अपने पैसों से लकड़ी मंगवाकर लकड़ी का पुल ही बना डाला। जिससे उनका आवागमन होता है। आसपास गांव के लोगों की बाजार व स्कूल औसेर,सिमरिया में है। बन्दरहा गांव से पांडु नदी पार करके औसेर और सिमरिया करीब पड़ता है।

इसके चलते कई बार ग्रामीणों ने पुल बनवाने की जिम्मेदारों से मांग की जब पुल नहीं बना तो उन्होंने स्वयं चंदा करके के आरसीसी के पिलर पर लकड़ी का पुल बना डाला जो अस्थायी रूप से ग्रामीणों के काम आ रहा है लेकिन बारिश के समय मे पानी पुल के ऊपर चलता है तो उन दिनों आवागमन बंद कर दिया जाता है। ग्रामीणों की माने तो कई बार जनप्रतिनिधियों से समस्या को अवगत कराया गया लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

ग्रामीणों धन सिंह, रामशरण, चंद्रपाल, गंगाराम, शिवराम, गीता देवी, सोनी, मीना देवी, प्रशांत, हरिओम, मनोज आदि ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी हम लोग लकड़ी के पुल से ही गुजर रहे हैं। यदि हमारी समस्या का निदान नहीं हुआ तो चुनाव बाद जन आंदोलन करेंगे।

# पीतांबरा देवी के वार्षिक उत्सव में भंडारे का किया गया आयोजन



**बिंदकी, फतेहपुर।** पीतांबरा देवी के द्वितीय वार्षिक उत्सव के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर व क्षेत्र से आए हजारों की संख्या में लोगों ने बगलामुखी पितांबरा देवी के दर्शन किये और पूजा आरती किया तथा प्रसाद पाया। नगर के मोहल्ला नजाही बाजार स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में रविवार को बगलामुखी पीतांबरा देवी के दूसरे वार्षिक उत्सव के मौके पर आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र से आए लोगों ने बगलामुखी पितांबरा देवी तथा राम-जानकी के दर्शन करके धन्य हुए बताया जाता है कि राम जानकी मंदिर स्थित बगलामुखी पीतांबरा देवी के जो भी भक्त दर्शन करता है और मन्नत मांगता है, देवी उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती है। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी मंदिर परिसर में किया गया जिसमें नगर व क्षेत्र से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत स्वामी श्री श्री 1008 स्वामी उदय दास ने बताया कि राम-जानकी मंदिर प्राचीन मंदिर है और इसमें स्थापित बगलामुखी पीतांबरा देवी का विशेष महत्व है, उनके दूसरे वार्षिक उत्सव में भंडारे का आयोजन किया गया है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर पदाधिकारियों ने बनाई रणनीति

**संवाददाता।** फतेहपुर



**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन को लेकर बिंदकी विधानसभा के भाजपा चुनाव कार्यालय में विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति, पन्ना प्रमुखों को चुनावी जनसभा में लाने की योजना बनाई गई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए यह संचालन समितियां महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ काम करें। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी लाभार्थियों तक पहुंचकर उनको सभी योजनाओं के लाभ मिल सके और योजनाओं के लाभार्थियों से गांव और बस्तियों में जाकर संपर्क अभियान में भी जोर दिया जाए। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि आगामी नौ मई को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आगमन हो रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदकी शहर के रामलीला मैदान में एक बड़ी विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमे ज्यादा से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे।

लोकसभा चुनाव प्रभारी राजेश चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। साथ ही सभी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम करे। साथ ही सभी चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारी अपने प्रमुखता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक दिनेश बाजपेई, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह जैकी, भूपेंद्र त्रिपाठी, बलराम चौहान, आशीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे, अजीत कुमार सैनी, पवन मिश्रा, मधुराज़ विश्वकर्मा, रमनजीत सिंह, पिंटू सिंह गौतम, स्वरूपराज सिंह जूली, मंजू शुक्ला, मौजूद रहे।

# कांग्रेस का एजेंडा दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना है: नड्डा

**भाषा। सूरजपुर** (छत्तीसगढ़)

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का एजेंडा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना है। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक, धर्म और जाति की राजनीति करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण करने के लिए दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है। यह उनका एजेंडा और उद्देश्य है। नड्डा ने दावा किया, (पूर्व प्रधानमंत्री) मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। क्या आप ऐसी सरकार चाहते हैं? क्या आप उन्हें सबक सिखाएंगे? उन्होंने कहा, भीम राव अंबेडकर ने कहा था और यह संविधान में लिखा है कि आरक्षण धर्म पर आधारित नहीं होगा। इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना और सामाजिक व्यवस्था की रक्षा करना है, लेकिन कांग्रेस आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों का कोटा छीनकर मुसलमानों को देने की कोशिश कर रही है। नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी कभी भी दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण किसी को छीनने नहीं देंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 10 साल पहले, देश में वोट बैंक, धर्म



और जाति की राजनीति होती थी लेकिन मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया। यह मतदान सिर्फ एक सांसद चुनने के लिए नहीं है बल्कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए है। नड्डा ने कहा, मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम किया। उन्होंने कांग्रेस पर भगवान राम और सनातन विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा वह देश विरोधी लोगों के साथ खड़ी है। नड्डा ने कहा, संप्रग शासन के दौरान जब सोनिया गांधी संप्रग अध्यक्ष थीं, तब उन्होंने अदालत में एक हलफनामा दिया था कि भगवान राम काल्पनिक हैं और उनका कोई ऐतिहासिक और वैज्ञानिक आधार नहीं है। कपिल सिब्बल (तत्कालीन कांग्रेस नेता और वकील) ने अदालत से कहा था कि राम जन्म भूमि फैसले को स्थगित कर दिया जाए, अन्यथा इस मामले में फैसले का लाभ भाजपा को मिलेगा। उन्होंने (राम मंदिर निर्माण में) बाधा डालने का काम किया। भाजपा नेता ने कहा, राम हमारे लिए चुनाव का विषय नहीं बल्कि आस्था, जीवन और संस्कृति का विषय हैं। उन्होंने (कांग्रेस) भगवान राम पर भी राजनीति की। नड्डा ने कहा, वे सनातन विरोधी हैं। कांग्रेस के गठबंधन सहयोगी और द्रमुक नेता स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन सनातन को डेंगू और मलेरिया बताते हैं। एक अन्य द्रमुक नेता ए. राजा ने सनातन को एचआईवी से जोड़ा लेकिन राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका ने (ऐसी टिप्पणियों पर) कुछ नहीं बोला और चुप्पी साधे रहे। क्या इन लोगों को समर्थन मिलना चाहिए? उन्होंने आरोप लगाया, वे राष्ट्र-विरोधी भी हैं। बेंगलुरु से चुनाव लड़ रहे उनके सांसद डी.के. सुरेश ने कहा है कि कि दक्षिण भारत को एक अलग देश बनाया जाना चाहिए।

## प्रियंका रायबरेली और अमेठी में कांग्रेस के प्रचार अभियान की कमान संभालेंगी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी मे लोकसभा चुनाव प्रचार का नेतृत्व करेंगी तथा दोनों सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सोमवार से उत्तर प्रदेश के इन संसदीय क्षेत्रों में डेरा डालेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कई दिनों से जारी असमंजस को खत्म करते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पिछले दो दशकों से उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। वही, गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। प्रियंका गांधी ने पहले ही प्रचार अभियान की कमान संभाल ली है और सोमवार से चुनाव खत्म होने तक वह रायबरेली तथा अमेठी मे डेरा डाले रहेंगी। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रियंका अपने भाई राहुल गांधी और शर्मा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आक्रमक तरीके से प्रचार करेंगी। राहुल गांधी के पूरे भारत मे प्रचार करने के साथ, प्रियंका गांधी ने परिवार के दोनों गढ़ मे प्रचार अभियान की कमान संभालने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने रायबरेली से बड़े अंतर से जीत सुनिश्चित करने और अमेठी मे फिर से पार्टी को विजय दिलाने का संकल्प लिया है। अमेठी मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव मे राहुल गांधी को हराया था। इस संबंध मे एक सूत्र ने कहा, वह (प्रियंका गांधी) अमेठी और रायबरेली मे प्रचार अभियान की अगुवाई करेंगी। वह दोनो निर्वाचन क्षेत्रों मे चुनाव होने तक वही रहेंगी। सूत्रों ने कहा कि प्रियंका गांधी सैकड़ों नुक्कड़ सभाएं, बैठकें करने के साथ घर-घर जाकर प्रचार करेंगी। उन्होने कहा, केंद्र रायबरेली होगा, जहां वह एक अतिथि गृह मे ठहरेंगी।

## बंगाल को बदनाम करने वाले लोगों को हराएं : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि लोगों को उनके खिलाफ वोट करना चाहिए, जो पश्चिम बंगाल की छवि खराब करना चाहते हैं। तृणमूल कांग्रेस की कृष्णानगर लोकसभा सीट से उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के समर्थन में नदिया जिले के कालीगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित एक कथित वीडियो का जिक्र किया और दावा किया, यह पूरी तरह से साबित हो गया है कि भाजपा किस तरह पश्चिम बंगाल की छवि खराब करने का अथक प्रयास कर रही है। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए दावा किया कि इस वीडियो ने टीएमसी के इस रुख की पुष्टि की है कि संदेशखालि घटनाक्रम के पीछे भाजपा का हाथ था। तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी कथित वीडियो में संदेशखालि में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता को यह कहते सुना जा सकता है कि भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाने के लिए इलाके की महिलाओं को पैसे दिए थे। हालांकि, पीटीआई-भाषा तृणमूल कांग्रेस द्वारा साझा किए गए वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करती है। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा, चंद वोटों की खातिर बंगाल को बदनाम और उसकी छवि बिगाड़ने वाले लोगों को हराएं। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोप सामने आए हैं। बनर्जी ने कहा, कृष्णानगर के लोगों ने लोकसभा में अपने प्रतिनिधि के रूप में मोइत्रा को वोट दिया था, लेकिन भाजपा ने उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर दिया था। क्या उसके खिलाफ कोई उचित जांच हुई थी। सरकार संसद में अवैध रूप से प्रवेश करने वालों के खिलाफ कार्वाई करने में विफल रही। उन्होंने कहा, भाजपा विभाजनकारी राजनीति के बीज बो रही है। अब जनता को करारा जवाब देते हुए उन्हें पहले से भी अधिक मतों से जिताकर दोबारा संसद में भेजना है। तृणमूल नेता ने दावा किया कि कुछ ही समय की बात है, भाजपा का राज्य से सफाया हो जाएगा।

## भाजपा मुसलमानों को निशाना बना रही है



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला किया और आरोप लगाया कि यह मुसलमानों को निशाना बना रही एवं उनका अपमान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के अल्पसंख्यक समुदाय को कमजोर करने के लिए नए कानून लाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग एक बहुत मुश्किल समय से गुजर रहे हैं, क्योंकि हमारे होंठ सील दिए गए हैं, हमारी आवाज नहीं सुनी जा रही और हमारे सरकारी कार्यालय बाहरी लोगों से भर दिए गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पहली चुनावी रैली के तहत, श्रीनगर के हवल इलाके में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा मुसलमानों को निशाना बना रही है और उनका अपमान कर रही है। नेकां नेता ने आरोप लगाया, ...भाजपा का एजेंडा नफरत पर आधारित है। उन्होंने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पेश करने को लेकर भाजपा की आलोचना की। उन्होंने यह दावा भी किया कि कश्मीरी-तिब्बती उनकी रैली में नहीं आएंगे, क्योंकि सीएए उन्हें इसकी अनुमति नहीं देगा। अब्दुल्ला ने कहा, यह वही शेर-ए-खास (श्रीनगर) है, जिसने हमें (राजनीतिक) गुलामी से आजादी दी है। उन्होंने दावा किया, लेकिन आज, हम उसी स्थिति में हैं।

# राहुल ने बता दिया कि वह क्यों पहनते हैं सफेद टी-शर्ट



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी हमेशा ही सफेद टी-शर्ट क्यों पहनते हैं? कांग्रेस नेता के पास इसकी एक नहीं, बल्कि दो वजह है--यह पारदर्शिता और सादगी का संदेश देती है। राहुल, कांग्रेस के सोशल मीडिया चैनलों द्वारा जारी दो मिनट से अधिक के एक वीडियो में इस तरह के हल्के-फुल्के सवालों का जवाब देते देखे जा सकते हैं। कर्नाटक में प्रचार का एक दिन। कुछ हल्के-फुल्के सवाल और कुछ बहुत शानदार जवाब शीर्षक वाले वीडियो में राहुल ने विचारधारा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा, मेरे विचार से, विचारधारा की स्पष्ट समझ के बिना आप एक बड़े संगठन के रूप में सत्ता की ओर नहीं बढ़ सकते। हमें लोगों को अपनी विचारधारा को समझाना होगा जो गरीब समर्थक और महिला समर्थक है तथा सभी के साथ समान व्यवहार करने का समर्थन करती है। राहुल ने कहा, इसलिए संगठनात्मक स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर लड़ाई हमेशा से विचारधारा को लेकर रही है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के समय से सफेद टी-शर्ट राहुल की विशेष वेशभूषा रही है। यह पूछे जाने पर कि वह हमेशा इसे क्यों पहनते हैं, राहुल ने कहा, पारदर्शिता और सादगी...और मैं कपड़ों के बारे में ज्यादा परवाह नहीं करता। मैं इसे साधारण रखना चाहता हूं। चुनाव प्रचार के सर्वश्रेष्ठ क्षणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, जब यह समाप्त होता हैउ राहुल ने कहा कि वह 70 दिनों तक सड़क पर थे, जिसकी शुरूआत भारत जोड़ो यात्रा से हुई थी। उन्होंने इस बारे में स्पष्ट किया कि यह प्रचार अभियान नहीं था बल्कि यह कहीं अधिक कठिन कार्य था। उन्होंने वीडियो में कहा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान भाषण देना पसंद करते हैं क्योंकि यह लोगों को इस बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है कि देश को किस चीज की जरूरत है। वीडियो में, राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से पूछा कि चुनाव प्रचार में उन्हें क्या पसंद या नापसंद है। खरगे ने कहा, कुछ भी बुरा नहीं है। यह अच्छा है क्योंकि हम देश के लिए यह कर रहे हैं।

## मोदी 14 मई को वाराणसी सीट से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 मई को वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शहर इकाई के अध्यक्ष विद्यासागर राय ने रविवार को यह जानकारी दी। राय ने बताया कि मोदी 13 मई को निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो करेंगे और इसकी तैयारी जारी है। उन्होंने कहा, रोड शो का मार्ग तय कर लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी 14 मई को वाराणसी सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। कांग्रेस ने वाराणसी से अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के प्रमुख अजय राय और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अतहर जमाल लारी को मैदान में उतारा है।वाराणसी में आम चुनाव के सातवें और आखिरी दौर में एक जून को मतदान होगा।

# गुजरात: लोस चुनाव लड़ रहे 35 मुस्लिम उम्मीदवारों में से कांग्रेस ने एक को भी टिकट नहीं दिया

**अहमदाबाद।** गुजरात में मुस्लिम समुदाय के 35 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने इस बार अपनी परंपरा तोड़ दी है और राज्य में इस समुदाय से एक भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया है।

कांग्रेस ने तर्क दिया है कि भरूच लोकसभा सीट इस बार विपक्षी इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के घटकों के बीच सीट बंटवारे के समझौते के तहत आम आदमी पार्टी (आप) के पास चली गई है। कांग्रेस भरूच से परंपरागत रूप से किसी मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में उतारती थी। राष्ट्रीय दलों में केवल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने गांधीनगर से एक मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। राज्य में सात मई को मतदान होगा। बसपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भी पंचमहल से एक मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में उतारा था। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इस बार गुजरात की 26 में से 25 लोकसभा सीट पर होने वाले चुनाव में 35 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 2019 में इस समुदाय से 43 उम्मीदवार मैदान में थे। समुदाय के अधिकतर उम्मीदवार या तो निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं या छोटे दलों द्वारा मैदान में उतारे गए हैं। कांग्रेस की गुजरात इकाई के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष वजीर खान पठान ने पीटीआई-भाषा से कहा, "पार्टी पारंपरिक रूप से राज्य में लोकसभा चुनाव में मुस्लिम समुदाय से कम से कम एक उम्मीदवार को मैदान में उतारती रही है, खासकर भरूच से, लेकिन इस बार यह संभव नहीं था क्योंकि यह सीट आप के पास चली गई" उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने गुजरात में एक सीट से उम्मीदवार खड़ा करने की पेशकश की थी, लेकिन समुदाय के सदस्यों ने जीत की कम संभावना को देखते हुए इससे इनकार कर दिया। पठान ने कहा, "किसी अन्य सीट से मुस्लिम उम्मीदवार के चुनाव लड़ने की कोई गुंजाइश नहीं है। बड़ी मुस्लिम आबादी वाली दो सीट- अहमदाबाद पश्चिम और कच्छ- अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। भरूच के अलावा कांग्रेस ने अतीत में नवसारी और अहमदाबाद (जब इसे अहमदाबाद पूर्व और पश्चिम सीट में विभाजित नहीं किया गया था) से मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था।मायावती के नेतृत्व वाली बसपा ने इस बार मोहम्मद अनीस देसाई को गांधीनगर से टिकट दिया है, जहां उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से है। गुजरात की जिन 25 लोकसभा सीट पर चुनाव होने हैं उनमें से गांधीनगर में सबसे ज्यादा आठ मुस्लिम उम्मीदवार हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, जामनगर और नवसारी में पांच-पांच, पाटन और भरूच में चार-चार, पोरबंदर और खेड़ा में दो-दो और अहमदाबाद पूर्व, बनासकांठा, जूनागढ़, पंचमहल और साबरकांठा में एक-एक मुस्लिम उम्मीदवार हैं।अधिकांश उम्मीदवार निर्दलीय हैं, जबकि कुछ छोटे दलों, जैसे- राइट टू रिकॉल पार्टी , भारतीय जन नायक पार्टी , सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी , गरीब कल्याण पार्टी और लोग पार्टी ने विभिन्न सीट से मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।भरूच के जंबूसर तालुका के सरोद गांव के सरपंच इस्माइल पटेल भरूच लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2022 में राज्य में हुए विधानसभा चुनावों के लिए भी टिकट की कोशिश की थी, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

# रिकार्डतोड़ चुनावी खर्च का महत्वपूर्ण हिस्सा की ग्रामीण आबादी के पास जाएगा: विशेषज्ञ

**कोलकाता।** वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव शुरू होने के साथ ही न केवल राजनीतिक परिदृश्य में बल्कि अर्थव्यवस्था पर इसके असर को लेकर भी उम्मीदें बनी हुई हैं, खासकर भारत के ग्रामीण क्षेत्र में, क्योंकि विशेषज्ञों ने इस चुनाव को देश के इतिहास में अब तक लड़ा गया सबसे महंगा चुनाव बताया है।
सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष और 35 वर्षों से चुनाव खर्च पर नज़र रखने वाले एन भास्कर राव ने इस चुनाव में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपए का खर्च होने का अनुमान लगाया है। व्यावसायिक घरानों का मानना है कि चुनाव के दौरान खर्च की गई राशि का महत्वपूर्ण हिस्सा भारत की ग्रामीण आबादी के पास जाएगा जिससे बिक्री में बढ़ोतरी होगी। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 2019 के लोकसभा चुनाव में लगभग 35



प्रतिशत चुनावी खर्च अभियान और प्रचार पर किया गया था। राशि का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मिला था, जिसमें प्रमुख माध्यम श्रमिकों को काम पर रखना, अभियान सामग्री खरीदना, मुफ्त उपहार और कुछ मामलों में प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण थे। उद्योग जगत के लोगों को उम्मीद है कि चुनाव में होने वाले खर्च का अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, खासकर भारत के ग्रामीण इलाकों में। भारत की शीर्ष प्लाईबोर्ड निर्माता कंपनी सेंचुरी प्लाईबोर्ड के कार्यकारी निदेशक केशव भजंका ने पीटीआई-भाषा को बताया, आने वाले दो तीन महीनों में अनुमानित भारी चुनावी खर्च से ग्रामीण खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि होगी" उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं की बढ़ती प्राथमिकताओं और जरूरतों के अनुरूप अपने उत्पाद की पेशकश और विपणन रणनीतियों को अपनाकर इस अवसर का लाभ उठाना है। भजंका ने कहा, "कंपनी अपने वितरण जाल का विस्तार करने और ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने के अपने प्रयासों को तेज करने की भी योजना बना रही है ताकि चुनाव के बाद अपेक्षित बाजार में वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा हासिल किया जा सके। अन्नपूर्णा स्वादिष्ट के प्रबंध निदेशक श्रीराम बागला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान समग्र रूप से फ़ास्ट मूविंग कंज़्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) क्षेत्र की ग्रामीण मांग थोड़ी कम रही है। बागला ने कहा, हम चुनाव संबंधी खर्चों पर अधिक खर्च के मद्देनजर ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों की मांग में सुधार होने की उम्मीद कर रहे हैं।

# पेज 1 का शेष

## लोस चुनाव...

बदायूं से अपना राजनीतिक डेब्यू कर रहे हैं। वहीं बसपा उम्मीदवार मुस्लिम खान हैं। एटा में भाजपा के राजवीर सिंह जो कल्याण सिंह के बेटे हैं, ने 2014 और 2019 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। पार्टी ने उन्हें 2024 में फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। देवेश शाक्य सपा उम्मीदवार हैं जबकि बसपा ने मोहम्मद इरफान को अपना उम्मीदवार बनाया है। तीसरे चरण में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की भूमिका प्रमुख होगी, जिसमें यादव, लोध और कच्छी/शाक्य/मुराव समुदाय प्रमुख रूप से शामिल हैं, जो विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में निर्णायक कारक के रूप में प्रभाव डाल रहे हैं। साथ ही, मुस्लिम और जाट जनसंख्या का स्थायी प्रभाव चुनिंदा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बना हुआ है। तीसरे चरण में सभी दलों के नेताओं द्वारा कुछ ज़ोरदार अभियान भी देखे गए हैं। कर्नाटक में कलबुर्गी लोकसभा क्षेत्र को वर्षों से कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन पार्टी के दिग्गज नेता एम मल्लिकार्जुन खड़गे के इस सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद, राजनीतिक अंकगणित बदल गया। इस बार कलबुर्गी, या गुलबर्गा फिर से सुर्खियों में है क्योंकि यहाँ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे नहीं बल्कि उनके दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद उमेश जी जाधव से होगा। छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र माने जाने वाले रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा (अनुसूचित जाति आरक्षित), कोरबा, सरगुजा (एसटी) और रायगढ़ (एसटी) में भी 7 मई को मतदान होगा। तीसरे चरण में, 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 93 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, जिसमें असम (4 सीटें), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (7), गोवा (2), गुजरात (26), कर्नाटक (14), मध्य प्रदेश (8), महाराष्ट्र (11), उत्तर प्रदेश (10), पश्चिम बंगाल (4), दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव (2) शामिल हैं। हालांकि, कनेक्टिविटी को प्रभावित करने वाली विभिन्न रसद, संचार और प्राकृतिक बाधाओं के कारण जम्मू और कश्मीर में अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीटों के लिए मतदान की तारीख पुनर्निर्धारित की गई है। मतदान की तिथि 25 मई तय की गई है, तथा मतगणना 4 जून को होगी। इस चरण में, गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, जिसके बाद महाराष्ट्र में 11 पीसी से 519 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, जिसके बाद छत्तीसगढ़ में बिलासपुर पीसी में 68 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए।

## दहशतगर्दों....

चार अन्य घायल वायुसेना कर्मियों का उधमपुर के एक कमांड अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, सीएएस एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और भारतीय वायुसेना के सभी कर्मी बहादुर कॉर्पोरल विक्की पहाड़े को सलाम करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में पुंछ सेक्टर में सर्वोच्च बलिदान दिया। शोक संतप्त परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम इस दुख की घड़ी में आपके साथ मजबूती से खड़े हैं। ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय सेना ने वन क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध कर्मियों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी बनाए रखने के लिए एक हेलीकॉप्टर का उपयोग करके हवाई निगरानी की। संभावित भागने के रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को आतंकियों के मोर्चे वाले स्थल पर भेजा गया। इसके अलावा, क्षेत्र में सामान्य अलर्ट जारी कर दिया गया है और भयभीत निवासियों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए वाहनों और संदिग्ध कर्मियों की आकस्मिक जांच की जा रही है। शनिवार देर शाम से ही सुरक्षा बल हमले के पीछे आतंकवादियों के भागने पर नज़र रख रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि जिले भर में वाहनों की जांच तेज कर दी गई है, जहां 25 मई को लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान होना है। पुंछ अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। स्थानीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि आतंकवादी हमले के तुरंत बाद बिना किसी कड़े प्रतिरोध का सामना किए गायब हो गए। निकटतम बस्ती उस क्षेत्र से 1 किमी से भी कम दूरी पर स्थित थी, जहां हमला हुआ था, जो सनाई टॉप के रास्ते में था। सुरक्षा बलों को संदेह है कि क्षेत्र में सक्रिय स्थानीय कार्यकर्ताओं ने इन विदेशी आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान की होगी, साथ ही उन्हें पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर अपने आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए सुरक्षित आश्रय और अन्य सहायता प्रदान की होगी। अब तक स्थानीय पुलिस राजौरी और पुंछ के इन सीमावर्ती जिलों में संवेदनशील ग्रामीण इलाकों में सुरक्षित ठिकानों का पता लगाने के लिए कोई मानवीय खुफिया जानकारी जुटाने में विफल रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अक्टूबर 2021 से 4 मई, 2024 के बीच, जम्मू क्षेत्र में 'आतंक का घेरा' फैलाने के लिए पीर पंजाल के दक्षिण के इलाकों में किए गए इन घातों में भारतीय सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ा। पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध ने भी सुरक्षा परिदृश्य को प्रभावित किया, क्योंकि ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्र में भारतीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में सैनिकों को स्थानांतरित किया गया। आंकड़ों से पता चला है कि इसी अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर में विभिन्न लक्षित हमलों में कुल 35 सैन्यकर्मी 'कार्रवाई में मारे गए'। इसके विपरीत, इन अभियानों में केवल पांच आतंकवादी मारे गए। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि विदेशी आतंकवादियों ने इन 'दुस्साहसिक' हमलों में एक ही कार्यप्रणाली अपनाई। उन्होंने पहले एक स्थानीय गाइड या किसी ओवर-ग्राउंड वर्कर की मदद से पूरे इलाके की टोह ली, जिसमें इसकी स्थलाकृति, नागरिक आंदोलन का पैटर्न और काफिले की आवाजाही का संभावित कार्यक्रम शामिल था। दूसरे, वे आतंकी साजिश को अंजाम देने के बाद भागते समय सुरक्षा बलों के रडार पर आने से बचने के लिए हमले वाले स्थल के पास ही रुके। सड़क के बीचों-बीच हुए इन सभी आतंकी हमलों में विदेशी आतंकवादियों ने घातक चोटों को पहुंचाने के लिए इसी तरह के गोला-बारूद और स्वचालित राइफलों का इस्तेमाल किया। शुरुआत में, आतंकवादियों ने वीडियो भी रिकॉर्ड किए और भारतीय सशस्त्र बलों को निशाना बनाकर दुष्प्रचार चलाने के लिए उन्हें विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया।

## मुश्किल में..

उन्होंने कहा, उन्होंने हमें बजरंग पुनिया के निलंबन के बारे में नहीं बताया। मैंने आज सुबह नाडा अधिकारियों को फोन किया और उनके पास मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। अब मैं नाडा को पत्र लिखने और वाडा को इस बारे में सूचित करने की योजना बना रहा हूं। इससे पहले ऐसी खबरें आई थी कि विनेश फोगाट ने भी पटियाला में महिलाओं के 50 किग्रा का ट्रायल जीतने के बाद शुरू में अपना नमूना देने से इनकार कर दिया था। संजय ने कहा, हमें किसी ने भी यह नहीं बताया कि ट्रायल (सोनीपत और पटियाला में) के बाद किसके नमूने लिए गए थे और उन नमूनों से क्या निकला। जरा कल्पना करें कि अगर बजरंग फेडरेशन कप में प्रतिस्पर्धा करने आए होते तो हमने उन्हें अनुमति दे दी होती क्योंकि हमारे पास कोई जानकारी नहीं थी कि उन्हें निलंबित कर दिया गया है। ओलंपिक के लिए विश्व क्वालीफायर्स का आयोजन नौ मई से तुर्किए में होगा। भारतीय पहलवानों के लिए पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। भारत की चार महिला पहलवानों ने अब तक ओलंपिक कोटा हासिल किए है। इसमें विनेश अंतिम पंघाल, अंशु मलिक और रितिका हुड्डा का नाम शामिल है। पुनिया उस समय चर्चा में आए जब वे भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वालों प्रमुख सदस्यों में से एक थे। भूषण पर महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। जिसके चलते भूषण को आगामी लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा ने टिकट काट दिया है।

## कांग्रेस प्रवक्ता....

बहुत मायने रखती है। रामलला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है, वहीं कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए, जहां एनएसयूआई से लेकर एआईसीसी के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया, आज वहां ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है, क्योंकि अयोध्या में राम लला के दर्शन से खुद को रोक नहीं पाई। उन्होंने कहा, मेरे इस पुनीत कार्य का विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए घटनाक्रम में मुझे न्याय देने से इंकार कर दिया गया। खेड़ा ने कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दे रही हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि 30 अप्रैल को रायपुर में पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा के दौरे को लेकर खेड़ा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार प्रकेष्ठ के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के बीच बहस हुई थी। बाद में खेड़ा का एक वीडियो भी सार्वजनिक हुआ था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनके साथ अभद्र बर्ताव किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 6 मई 2024



# पांच साल में एक देश एक चुनाव लागू करेंगे : राजनाथ

## आंध्र प्रदेश की रैली में भरी हुंकार

**भाषा।** अमरावती (आंध्र प्रदेश)



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के केंद्र में दोबारा सत्ता में आने पर पूरे देश में एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रणाली लागू करेगा। कडप्पा जिले के जम्मलमाडुगु में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि उसकी भ्रष्ट प्रथाओं के कारण राज्य 13.5 लाख करोड़ रुपए के कर्ज में डूब गया है। वाईएसआरसीपी पर निशाना साधते हुए, सिंह ने कहा कि लोग बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण सत्तारूढ़ दल से तंग आ चुके हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) आंध्र प्रदेश में सत्ता में आता है, तो राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्त कराया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के साथ ही लोकसभा चुनाव भी हो रहे हैं। हमारी प्रतिबद्धता है कि हम अगले पांच वर्षों में पूरे देश में एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू करेंगे ताकि समय और ऊर्जा की बचत हो। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी देश के राजनीतिक परिदृश्य से उसी तरह गायब हो जाएगी, जैसे डायनासोर धरती से गायब हो गए। उन्होंने उपहास करते हुए कहा, दस साल बाद आप किसी भी बच्चे से पूछेंगे, वह कहेगा कि कांग्रेस पार्टी क्या है। राहुल गांधी की पाकिस्तान में प्रशंसा होने का आरोप लगाते हुए, उन्होंने कहा कि गांधी परिवार को भारत में राजनीति करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव को नजरअंदाज किया, लेकिन यह राजग था जिसने उन्हें सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह मोदी के कारण ही था कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध साढ़े चार घंटे तक रुका रहा ताकि भारत अपने 22,000 नागरिकों को निकाल सके। भाजपा नेताओं ने कहा कि जब कांग्रेस पहले सत्ता में थी तो भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे, जबकि अटल बिहारी वाजपेई या मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 को हटाने और तीन तलाक को खत्म करने जैसे वादे पूरे किए।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन : अर्थशास्त्री भल्ला

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के पूर्व कार्यकारी निदेशक सुरजीत भल्ला ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत आधार पर रिकॉर्ड संख्या में रोजगार का सृजन हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले सात-आठ साल में यह आंकड़ा करीब एक करोड़ तक पहुंच गया है। भल्ला ने कहा कि 2004-13 (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल) के दौरान सबसे कम नौकरियां पैदा हुईं और तभी रोजगार रहित वृद्धि शब्द आया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत रोजगार सृजन ऊंचे स्तर पर रहा है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ एक वीडियो साक्षात्कार में कहा, भारतीय इतिहास में पहले कभी औसत आधार पर इतनी अधिक नौकरियां पैदा नहीं हुईं। पिछले 7-8 वर्षों में लगभग एक करोड़ नौकरियां पैदा हुईं।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के पूर्व सदस्य भल्ला ने जोर देकर कहा कि अटल बिहारी वाजपेई और मोदी के कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक नौकरियां पैदा हुईं। वह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा युवा बेहतर नौकरी की तलाश कर रहे हैं। ऐसे में दुनिया में हर जगह युवाओं द्वारा नई नौकरी तलाशने की वजह से बेरोजगारी अधिक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 2014 में सत्ता में आई और 2019 के आम चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ इसने फिर वापसी की। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की गति धीमी होने पर भल्ला ने कहा कि भारत में एफडीआई में गिरावट का एक महत्वपूर्ण कारण सरकार की नई नीति को माना जा सकता है, जिसमें कहा गया है कि यदि निवेश से संबंधित कोई विवाद है, तो उसे भारत में ही सुलझाना होगा। उन्होंने कहा, अब, अगर मैं एक विदेशी निवेशक हूं, तो मुझे यह जोखिम क्यों लेना चाहिए? और मुझे नहीं लगता कि दुनिया में कहीं और ऐसा है। भल्ला के मुताबिक, विदेशी निवेशक अपना प्रत्यक्ष निवेश नहीं बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपना पोर्टफोलियो निवेश बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि नई सरकार जो भी होगी वह इस नीति पर दोबारा विचार करेगी। हालांकि, मुझे विश्वास है कि नई सरकार भाजपा की होगी।

## सीआईएससीई की 10वीं, 12वीं कक्षा के नतीजे आज होंगे घोषित

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने रविवार को बताया, आईसीएसई (10 वीं कक्षा) और आईएससी (12वीं कक्षा) के परिणाम की घोषणा छह मई को दिन में 11 बजे की जाएगी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। बोर्ड ने इस सत्र से 10 वीं और 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा बंद करने का भी निर्णय लिया है। इमैनुएल ने कहा, जो अभ्यर्थी परीक्षा के एक ही वर्ष मे अपने अंक या ग्रेड मे सुधार करना चाहते है, वे अधिकतम दो विषयो मे सुधार परीक्षा दे सकते है। अंक सुधार परीक्षा जुलाई मे आयोजित की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के रियासी में हत्या के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के एक दूरदराज के गांव मे 45 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के आरोप मे चार लोगो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक हत्या का यह मामला करीब पांच महीने पहले का है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद रफीक (45) नामक एक व्यक्ति नौ दिसंबर को जिले के चासाना इलाके मे जिया बग्गो दास गांव के बाहर मृत पाया गया था। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि रफीक के पड़ोसियो नजीर अहमद रसूला, शब्बीर अहमद, नजीर अहमद और फारूक अहमद की गिरफ्तारी से मामला सुलझ गया। अधिकारियो ने कहा कि आरोपियो मे से एक की पत्नी के साथ कथित तौर पर अवैध संबंध होने के कारण रफीक पर हमला किया गया था। अधिकारियो ने कहा कि रफीक की हत्या करने के बाद आरोपियो ने पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को अपराध स्थल से लगभग 500 मीटर दूर एक सड़क के किनारे फेंक दिया।

## बिरला कॉर्प ने शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में अपनी मजबूत ग्रोथ को जारी रखा और मार्च तिमाही में बिक्री और शुद्ध लाभ में अच्छी खासी बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। वित्तवर्ष के अंत में कंपनी ने सभी पैमानों पर सफलता हासिल की है। वहीं रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री के साथ ही कंपनी के ओवरऑल प्रदर्शन को भी बेहतर किया है। ये सभी सफलताएं बाजार में असामान्य रूप से कमजोर हालात के बावजूद हासिल की गई हैं। मुकुटबन यूनिट में लगातार वृद्धि के बादए कंपनी के सीमेंट डिवीजन ने मार्च तिमाही के लिए 97 प्रतिशत की क्षमता उपयोग हासिल किया . जो एक और बड़ी उपलब्धि है। कंपनी चेयरमैन श्री हर्ष वर्धन लोढ़ा ने कहा कि श्वित्त वर्ष 2023.24 में बिरला कॉर्पोरेशन का प्रदर्शन संचालन के सभी क्षेत्रों में प्रदर्शन में चौतरफा सुधार का परिणाम है। कंपनी द्वारा दी गई गाइडेंस से पहलेए कंपनी के फंक्शनल वर्टिकल्स में क्षमता निर्माण में लगातार निवेश किया गया और इससे मुकुटबन यूनिट का काम तेजी से हुआ और वहां पर अच्छे परिणाम मिले।

## ओडिशा: करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**जाजपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के जाजपुर जिले मे रविवार को 62 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके 28 वर्षीय बेटे की खेत मे करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब गणेश मंडल, उनकी पत्नी तुलसी और उनका बेटा आशुतोष सुबह स्थानीय बाजार मे बेचने के लिए सब्जियां इकट्ठा करने दंगडी ब्लॉक के बेगापतिया गांव मे अपने खेत मे गए थे। उन्होने बताया कि पिता-पुत्र दोनो एक हाई-टेंशन बिजली के तार के संपर्क आ गए। तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था।

# सरकार बनी तो आतंकवाद-निरोधक ग्रिड को मजबूत करेंगे : रमेश

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस ने** रविवार को कहा कि पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुआ हमला क्षेत्र में आतंकी हमलों की चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है और लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद, पार्टी और इंडिया गठबंधन के उसके सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-विरोधी ग्रिड को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शाहसितार के पास शनिवार शाम हुए हमले में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए थे जिनमें से एक ने सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का सफाया करने के लिए शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शीनदारा टॉप समेत कई इलाकों में सेना व पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र के साथ एकजुट होकर खड़े हैं। रमेश ने दावा किया कि 2007 और 2014 के बीच इस क्षेत्र में आतंकवाद की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सुरनकोट आतंकवादी हमला, नियंत्रण रेखा के पास स्थित पहाड़ी राजौरी-पुंछ क्षेत्रों में विशेष रूप से सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ आतंकवादी हमलों की चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, यह गंभीर चिंता का विषय है कि एक जनवरी 2023 से अब तक राजौरी-पुंछ क्षेत्र में हमारे 25 बहादुर सुरक्षाकर्मी और आठ निर्दोष नागरिक अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके विपरीत, 2007 से 2014 के बीच इस क्षेत्र में आतंकवाद की कोई बड़ी घटना नहीं हुई थी। रमेश ने कहा कि चार जून के बाद, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उसके सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-विरोधी ग्रिड को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, हमारा दृष्टिकोण धार्मिक और जातीय संबंधों से परे राजनीतिक वर्ग और नागरिक समाज को लगातार सशक्त बनाना होगा। राजौरी-पुंछ एक विशाल और पहाड़ी क्षेत्र है और वहां आतंकवादियों के खिलाफ सामूहिक सामाजिक प्रतिरोध स्थापित करने के हमारे बहादुर सुरक्षाबलों के प्रयासों का समर्थन किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करती है तथा आतंकवाद के खिलाफ देश के साथ एकजुट होकर खड़ी है। खरगे ने अपने पोस्ट में कहा, सर्वोच्च बलिदान देने वाले वायुसेना के बहादुर योद्धा के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं। हम आशा करते हैं कि घायल वायु योद्धा जल्द से जल्द ठीक हो जाएं और उनके बेहतरी के लिए प्रार्थना करते हैं। भारत अपने सैनिकों के लिए एकजुट है।

## मोदी सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की मांग पर कोई कार्वाई नही की है। इसने कहा कि मराठी की 2,200 वर्षों की समृद्ध साहित्यिक परंपरा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि संबंधित मांग पिछले 10 साल से मोदी सरकार के पास लंबित है। उन्होने रेखांकित कि पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने प्रख्यात विद्वान प्रोफेसर रंगनाथ पठारे की अध्यक्षता में मराठी भाषा विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी गई थी और पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने तत्कालीन संस्कृति मंत्री श्रीपद नाइक को पत्र लिखकर जुलाई 2014 में मांग को पूरा करने का अनुरोध किया था। उन्होने दावा किया, दस साल बाद, मोदी सरकार ने इस मोर्चे पर शून्य प्रगति की है। साल 2004 से 2014 के बीच मनमोहन सिंह की सरकार ने तमिल (2004), संस्कृत (2005), कन्नड़ (2008), तेलुगु (2008), मलयालम (2013) और उड़िया भाषा (फरवरी 2014) को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने किसी भी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा नही दिया है। रमेश ने कहा कि मराठी मे 2,200 वर्षों की समृद्ध साहित्यिक परंपरा है और मराठी में सबसे पहला शिलालेख (जिसे महाराष्ट्री प्राकृत कहा जाता है। पहली शताब्दी ईसा पूर्व का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह निश्चित रूप से किसी अन्य भाषा की शाखा नही है और स्थानीय बोलियो से स्वतंत्र रूप से विकसित हुई है।

# अंगदान दर में सुधार के लिए आईसीयू में मस्तिष्क मृत्यु के मामलों की निगरानी करें: केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने राज्यों से कहा है कि वे गहन चिकित्सा कक्षा (आईसीयू) में भर्ती मरीजों का मस्तिष्क मृत होने के मामलों पर नजर रखें, क्योंकि ऐसे मामलों की खराब पहचान एवं खराब प्रामाणीकरण के कारण देश में अंगदान की दर निम्न स्तर पर बनी हुई है। राज्यों को दी गई सलाह का उद्देश्य देश में अंगदान की दर को बढ़ाना है। यह दर प्रति दस लाख की आबादी पर एक दाता से भी कम है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने राज्यों को लिखे पत्र में कहा, भारत में अंगदान की दर लगातार कम (एक वर्ष में प्रति दस लाख जनसंख्या पर एक दाता से भी कम) बनी हुई है। पत्र में कहा गया कि आईसीयू में भर्ती मरीजों का मस्तिष्क मृत होने से जुड़े मामलों पर नजर रखी जाए, क्योंकि ऐसे मामलों की खराब पहचान एवं खराब प्रामाणीकरण के कारण देश में अंगदान की दर निम्न स्तर पर बनी हुई है।मानव अंग ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार, आईसीयू में संभावित मस्तिष्क मृत्यु के मामलों की पहचान करना आवश्यक है।

# राजभवन के कर्मचारी पुलिस के किसी भी समन को नजरअंदाज करें : सीवी बोस

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने रविवार को राजभवन के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे उनके खिलाफ एक महिला कर्मचारी की छेड़छाड़ की शिकायत के संबंध में कोलकाता पुलिस के किसी भी पत्राचार को नजरअंदाज करें। यह निर्देश कोलकाता पुलिस द्वारा राज्यपाल के खिलाफ महिला के आरोप की जांच के लिए एक जांच दल गठित करने के बाद आया है। बोस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह स्पष्ट है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 361(2) और (3) के मद्देनजर, राज्य पुलिस किसी भी तरह से माननीय राज्यपाल के खिलाफ पूछताछजांचाकिसी भी प्रकार की कार्यवाही शुरू नहीं कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। राजभवन के कर्मचारियों के लिए एक विज्ञप्ति के रूप में तैयार किए गए पोस्ट में राज्यपाल ने कहा, उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत से गिरफ्तारी या कारावास की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। उन्होंने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर कहा, यह स्पष्ट है कि राज्य मशीनरी राज्यपाल के खिलाफ किसी भी प्रकार की आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं कर सकती है। बोस ने पोस्ट में कहा, मीडिया की खबरों से संकेत मिलता है कि पुलिस ने घटना की जांच करने का प्रस्ताव रखा है और वे राजभवन के कर्मचारियों की जांच करेंगे।

## लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामले में युवकों को सामुदायिक सेवा की सजा दी गई

**अलाप्पुझा।** केरल के अलाप्पुझा जिले में लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद राज्य के मोटर वाहन विभाग ने इस सिलसिले में पांच युवाओं को सजा के रूप में सामुदायिक सेवा करने को कहा है। वीडियो में युवक चलती हुई कार की खिड़कियों पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। मावेलिक्कारा संयुक्त सड़क परिवहन अधिकारी ने कार चालक का लाइसेंस निलंबित कर दिया है और आरोपी युवकों को सामुदायिक सेवा में भाग लेने के लिए सोमवार से चार दिनों के लिए अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज में रिपोर्ट करने को कहा है। संयुक्त आरटीओ एम जी मनोज ने मीडिया से कहा, मोटर वाहन दुर्घटना पीड़ितों की पीड़ा को समझाने के लिए आरोपी युवकों को अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग में सामुदायिक सेवा का काम सौंपा गया है। इसके बाद युवकों को सामुदायिक सेवा गतिविधि के हिस्से के रूप में पथानापुरम गांधी भवन भी भेजा जाएगा

# पन्नीरसेल्वम ने कांग्रेस नेता की हत्या को लेकर द्रमुक सरकार पर साधा निशाना

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु के** पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम ने कांग्रेस पार्टी की तिरुनेलवेली पूर्वी जिला इकाई के अध्यक्ष केपीके जयकुमार धनसिंह की हत्या की निंदा करते हुए रविवार को मांग की कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन राज्य में कानून व्यवस्था के मुद्दों पर विशेष ध्यान दें तथा दोषियों के खिलाफ कार्वाई करें। अखिल भारतीय अन्नाद्रमुक मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की कार्यकर्ता अधिकार पुनर्प्राप्ति समिति के प्रमुख पन्नीरसेल्वम ने द्रमुक सरकार पर इस घटना के सिलसिले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है, जिससे राज्य असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। पन्नीरसेल्वम ने दावा किया, कांग्रेस नेता को जलाकर मार दिया जाना इस बात को साबित करता है कि राज्य असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि धनसिंह ने अपनी जान पर खतरे को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन, इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी के नेता की हत्या कर दी गई और यह द्रमुक शासन के दौरान लापरवाही की हद को दर्शाता है। पन्नीरसेल्वम ने मांग की कि मुख्यमंत्री कानून और व्यवस्था के मुद्दों पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दें, अपराधियों पर सख्ती से लगाम लगाएं और धनसिंह की हत्या के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएं। उन्होंने कहा, यदि पुलिस ने कांग्रेस नेता को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई होती तो उनकी हत्या नहीं होती लेकिन द्रमुक सरकार अपराध को रोकने में विफल रही।

# मणिपुर में युवाओं ने गांवों की रक्षा के लिए उठाए हथियार

**भाषा।** इंफाला-चुराचांदपुर




**मणिपुर के** कौट्रुक गांव के आसपास हर दिन सुबह और रात की पाली में हथियारबंद युवाओं का समूह सड़कों पर गश्त करता है। उनका मकसद पिछले साल से मेइती और कुकी के संघर्षरत गुटों से निवासियों को सुरक्षित रखना है। इन युवाओं में अधिकतर 20 से 30 वर्ष की आयु के बीच के हैं। वे अपने को स्वयंसेवक करार देते हुए कहते हैं कि उन्होंने अपने लोगों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी ली है क्योंकि सुरक्षा बल हमारी रक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा सके। इंफाल घाटी में स्थित कोट्रुक राज्य के कई गांवों में से एक है, जिसकी रक्षा का जिम्मा ग्राम स्वयंसेवक , ग्राम स्वयंसेवक बल , ग्राम रक्षा बल और ग्राम सुरक्षा बल नामक समूह संभाल रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ए समूह किसी सुरक्षा एजेंसी या सशस्त्र बलों से नहीं जुड़े हैं। बुनियादी युद्ध रणनीति में प्रशिक्षित, ग्रामीण बलों ने अपने क्षेत्रों को जातीय हिंसा से सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है। पिछले साल से हिंसा में कई लोग मारे गए, घायल हुए और विस्थापित हुए। घाटी के गांवों और पर्वतीय इलाकों में चुराचांदपुर में उनकी उपस्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वे वर्दी में रहते हैं और उन्हें रेत की बोरियों से बने बंकरों पर मोर्चा संभाले या हथियारों के साथ गश्त करते देखा जा सकता है। वे लाठी, डंडों और राइफल से लैस रहते हैं। इनमें से कुछ हथियार देश-निर्मित और कुछ चोरी या तस्करी करके लाए गए हैं। गश्ती ड्यूटी पाली के माध्यम से सौंपी जाती है। प्रत्एक पाली छह से सात घंटे के बीच होती है, जिसमें पांच से छह लोगों के छोटे समूह राजमार्गों, गांव की सड़कों और पर्वतों तथा घने जंगलों से गुजरने वाले संकीर्ण रास्तों पर नजर रखने के लिए भेजे जाते हैं। एक गांव के स्वयंसेवक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, स्पष्ट रूप से हमारे (सुरक्षा) बल हमारी रक्षा के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर सके। अब, हम जानते हैं कि हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के कार्य में उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। इसलिए, हमें इसे खुद करना है और हमने अपनी क्षमता के मुताबिक ऐसा करने का निर्णय लिया.।



पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## क्विक न्यूज

### मणिपुर की राज्यपाल ने राहत शिविरों में रह रहे बच्चों के लिए स्कूल ऑन व्हील्स की शुरुआत की

**इंफाल।** मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में राहत शिविरों में रहने वाले छात्रों तक पहुंचने के लिए रविवार को स्कूल ऑन व्हील्स पहल शुरू की। राजभवन के एक बयान से यह जानकारी मिली। बाल विद्या मंदिर परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान उइके ने कहा कि स्कूल बस एक पुस्तकालय, स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर और खेल सामग्री से सुसज्जित है। इसमें एक शिक्षक भी मौजूद रहेंगे। यह बस राहत शिविरों में जाएगी। राज्यपाल ने कहा, पिछले साल तीन मई को शुरू हुई घटनाओ ने राज्य के हजारों लोगों, विशेषकर छात्रों, को प्रभावित किया। स्कूल ऑन व्हील्स योजना छात्रों तक पहुंचेगी और उन्हें आवश्यक शिक्षा प्रदान करेगी। राज्यपाल ने कहा कि यह पहल विद्या भारती शिक्षा विकास समिति द्वारा शुरू की गई है, जिसने निर्णय लिया है कि राहत शिविरों में रहने वाले बच्चो को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नही करना चाहिए। लगभग 18,000 छात्र वर्तमान में 480 राहत शिविरों में रह रहे है। पिछले साल तीन मई को जातीय झड़पों की शुरुआत के बाद से 219 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग घरों से विस्थापित हो गए थे।

### त्रिपुरा में चार बच्चों समेत 11 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला।** वैध दस्तावेजो के बिना देश मे प्रवेश करने के आरोप मे त्रिपुरा के धलाई जिले के एक दूरदराज के सीमावर्ती गांव से चार बच्चों सहित 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेशी नागरिक धलाई जिले के गंडाचेर्रा उपमंडल से होकर अपने घर (बांग्लादेश) जा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक खुफिया जानकारी पर कार्वाई करते हुए गंडाचेर्रा पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) पलाह दत्ता के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम ने शनिवार को धलाई जिले के सीमावर्ती गांव मचकुमीर में छापेमारी की और 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। ओसी ने कहा,"हमने भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और जांच जारी है" उन्होने कहा कि वे लगभग एक महीने पहले गंडाचेर्रा क्षेत्र मे भारतीय सीमा मे घुसने के बाद बेंगलुरु गए थे। उन्होंने बताया,"हमने सियालदह से अंबासा तक के ट्रेन टिकट जब्त किए है, जिससे पता चलता है कि वे बेंगलुरु से कोलकाता के रास्ते लौट रहे थे"

### झारखंड: रामगढ़ जिले में 19-वर्षीया लड़की से दुष्कर्म के आरोप में हिरासत में लिए गए चार लड़के

**रामगढ़ (झारखंड)।** झारखंड के रामगढ़ जिले मे 19-वर्षीया एक लड़की के साथ दुष्कर्म करने और इस कृत्य का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप मे चार किशोरों को हिरासत मे लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, यह घटना 21 अप्रैल को हुई थी, लेकिन पीड़िता ने पुलिस मे इसकी शिकायत दर्ज नही कराई, क्योंकि लड़कों ने धमकी दी थी कि अगर उसने अपनी आपबीती किसी को बताई तो वह दुष्कर्म का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी लड़कों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि लड़कों ने कथित तौर पर तीन मई को सोशल मीडिया पर यह आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया था। पुलिस अधीक्षक ने कहा, पीड़ित लड़की के परिवार ने चार मई को रामगढ़ पुलिस थाने मे इस घटना की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर सभी चार आरोपियो को पकड़ लिया गया और सुधार गृह भेज दिया गया। लड़की ने अपनी शिकायत में कहा है कि यह घटना 21 अप्रैल को हुई जब चार लड़के उसे रामगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के कोयला डंपिंग यार्ड मे एक सुनसान जगह पर खींच ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### धामी ने मुख्य सचिव से कहा- जिलाधिकारियों को वनाग्नि की लगातार निगरानी के निर्देश दे

**देहरादून।** बढ़ती गर्मी के साथ उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में धधकते जंगलों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को सभी जिलाधिकारियों को एक सप्ताह तक हर दिन वनाग्नि की निरंतर निगरानी करने के निर्देश जारी करने को कहा। वही, जंगलो मे आग लगाने के आरोप मे चार व्यक्तियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। रतूड़ी से फोन पर बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जिलाधिकारियों को एक सप्ताह तक प्रतिदिन वनाग्नि की निरंतर निगरानी करने के निर्देश तत्काल जारी करें। इसके साथ ही उन्होने सभी जिलाधिकारियों को सभी प्रकार के चारे को जलाने पर तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के आदेश देने को भी कहा। इसके अलावा, शहरी निकायों को भी अपने ठोस कूड़े को वनों मे या उसके आसपास जलाने पर प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, उन्होने प्रदेश मे हो रही वनाग्नि की घटनाओ के बारे मे शनिवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आपस मे सामंजस्य स्थापित करते हुए एक ऐसा तंत्र बनाने को कहा है जिससे जल्दी से जल्दी इस पर काबू पाया जा सके। उन्होने सभी प्रदेशवासियो से भी वनों को बचाने के लिए अपना पूरा सहयोग देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा, वन संपदा हमारी धरोहर है जिसे हमें हर हाल मे बचाना है। पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान की अगुवाई मे अधिकारियो और कर्मचारियो की एक टीम ने वनाग्नि पर जल्द काबू पा लिया और उसे फैलने से रोक लिया। पौड़ी जिला मुख्यालय स्थित टेका मार्ग पर शनिवार देर रात जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही चौहान समेत अन्य अधिकारी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और उसे बुझाने लगे। बाद मे मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग को पूरी तरह से बुझा दिया। इस बीच, पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट वन रेंज मे जंगलो में आग लगाने के आरोप में चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वन विभाग के अधिकारियो ने बताया कि पीयूष सिंह, आयुष सिंह, राहुल सिंह और अंकित के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यहां वन विभाग द्वारा जारी वनाग्नि बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के जंगलों में आग लगने की 24 घटनाएं सामने आई जिनमे 23.75 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुआ। पिछले साल एक नवंबर से अब तक प्रदेश मे वनाग्नि की 910 घटनाएं हुई है जिनमें करीब 1145 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुआ है। इस दौरान वनाग्नि में झुलसकर चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए।

### तेलंगाना के पद्म श्री विजेता मोगुलैया दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए मजबूर

**हैदराबाद।** प्रतिष्ठित पद्म श्री से दो साल पहले सम्मानित लोकप्रिय लोक कलाकार दर्शनम मोगुलैया राज्य सरकार से इनाम स्वरूप एक करोड़ रुपए मिलने के बावजूद अब अपनी जरूरतो को पूरा करने के लिए दिहाड़ी मजदूर के रूप मे काम कर रहे है। दुर्लभ संगीत वाद्य यंत्र किन्नेरा बजाने के लिए मशहूर 73 वर्षीय कलाकार को पद्म श्री से सम्मानित किया गया था और तत्कालीन भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार ने उन्हे एक करोड़ रुपए दिए थे जो उन्होंने विभिन्न पारिवारिक जरूरतो पर खर्च कर दिए। नौ बच्चों के पिता मोगुलैया ने कहा कि उन्होंने सरकार से मिले एक करोड़ रुपए का इस्तेमाल कर लिया और अपने दो बच्चों की शादी की और एक जमीन खरीदने के बाद तीन मंजिला मकान बनवाया। उन्होने यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि पैसा खत्म होने के बाद मकान का निर्माण कार्य रोकना पड़ा। उनके नौ बच्चों में से तीन की मौत हो गई और एक बेटे को बीमारी के कारण इलाज की जरूरत रहती है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे की दवाइयो पर हर महीने करीब 20,000 रुपए खर्च होते है और वह खुद भी मधुमेह और बीपी के मरीज है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर महीने 10,000 रुपए की वित्तीय मदद देती है लेकिन यह उनकी जरूरते पूरी करने के लिए पर्याप्त नही है।

# नेतन्याहू की सरकार ने इजराइल में अल जजीरा के कार्यालयों को बंद करने का फैसला किया

**भाषा ।** तेल अवीव



**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने इजराइल में कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक अल जजीरा के कार्यालयों को बंद करने का फैसला किया है। यह फैसला ऐसे वक्त हुआ है, जब कतर गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते में मदद कर रहा है। नेतन्याहू ने एक्स पर इस फैसले की घोषणा की। यह फैसला कब प्रभावी होगा इस बारे में पता नहीं चल पाया है। नेतन्याहू ने पोस्ट में कहा, मेरी सरकार ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि भडकाऊ चैनल अल जजीरा इजराइल में बंद हो जाएगा। कतर की राजधानी दोहा स्थित अल जजीरा के मुख्यालय से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अल जजीरा की अरबी सेवा के एक संवाददाता ने कहा कि इस आदेश से इजराइल और पूर्वी यरुशलम में चैनल के कामकाज पर असर पड़ेगा। अल जजीरा सात अक्टूबर को हमास के इजराइल पर हमले के बाद से लगातार युद्ध की खबरें प्रसारित करता रहा है। संवाददाता ने कहा कि इससे फलस्तीनी क्षेत्रों में अल जजीरा के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अल जजीरा के अंग्रेजी चैनल पर एक अन्य संवाददाता ने कहा कि इस आदेश ने चैनल को इजराइल में कार्यालय खुला रखने या उन्हें संचालित करने से रोक दिया है। उन्होंने कहा कि अल जजीरा की वेबसाइट ब्लॉक कर दी जाएंगी। हालांकि रविवार दोपहर तक यरुशलम में उन तक पहुंच जारी थी। इजराइल की मीडिया ने कहा कि सरकार के फैसले के अनुसार चैनल को देश में 45 दिन के लिए संचालन से रोक दिया जाएगा। इजराइल के संचार मंत्री श्लोमो करही ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि चैनल के उपकरण जब्त कर लिए जाएंगे। इस फैसले से कतर के साथ इजराइल के तनाव बढ़ने का खतरा है। यह फैसला ऐसे वक्त हुआ है, जब कतर सरकार मिस्र और अमेरिका के साथ गाजा में युद्ध रोकने के लिए मध्यस्थता प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इजराइल का अल जजीरा के साथ लंबे समय से खराब रिश्ता रहा है और वह उस पर पक्षपात का आरोप लगाता रहा है। लगभग दो साल पहले संबंध और खराब हो गए थे, जब कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली सैन्य हमले के दौरान अल जजीरा के संवाददाता शिरीन अबू अकलेह की हत्या कर दी गई थी। इजराइल-हमास के युद्ध के दौरान इजराइल और चैनल के बीच संबंध में और ज्यादा तनाव पैदा हो गया।

### मानवीय आधार पर खोली गई सीमा पर गोलीबारी के बाद उसे मजबूरन बंद करना पड़ा : इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल ने रविवार को कहा कि गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक प्रमुख सीमा के गोलीबारी की चपेट में आने के बाद उसे पुनः बंद करना पड़ा।इजराइली सेना ने केरेम शालोम सीमा पर 10 प्रक्षेपकों के हमले की सूचना दी। इसने गोलीबारी के स्रोत के बारे में कोई विवरण नही दिया, लेकिन कहा कि यह मिस्र की सीमा पर नजदीकी रफह सीमा की दिशा से की गई थी। इजराइल का केरेम शालोम सीमा गाजा में प्रवेश के लिए अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता का प्राथमिक प्रवेश द्वार बन गई है। इजराइली सेना ने कहा किसीमा बंद कर दी गई है और मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों को गुजरने की अनुमति नही है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब गाजा भोजन, दवा और जरूरत की अन्य वस्तुओं की कमी के साथ मानवीय संकट का सामना कर रहा है।



रूस के रेड स्क्वायर पर विजय दिवस सैन्य परेड ड्रेस रिहर्सल के दौरान रूसी सैन्य विमान राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में धुएं के निशान छोड़ते हुए, 9 मई को द्वितीय विश्व युद्ध में जीत के 79 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए परेड मॉस्को के रेड स्क्वायर पर होगी

# व्हाइट हाउस के द्वार से टकराया वाहन, चालक की मौत : अमेरिकी अधिकारी



**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के एक द्वार से शनिवार रात एक वाहन के टकरा जाने के कारण चालक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अमेरिकी खुफिया सेवा ने एक बयान में कहा कि व्हाइट हाउस परिसर की बाहरी परिधि के एक द्वार से रात लगभग साढ़े दस बजे एक वाहन टकरा गया और इस दुर्घटना के बाद चालक वाहन में मृत पाया गया। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया है लेकिन व्हाइट हाउस को कोई खतरा नहीं है। मृत चालक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर 500 से अधिक महिलाओं ने भिन्न शैलियों की साड़ियों का प्रदर्शन किया

**न्यूयॉर्क ( अमेरिका )।** न्यूयॉर्क का प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर सैकड़ों महिलाओं की भिन्न प्रकार और शैलियों की साड़ियों से सजा दिखाई दिया तथा भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ ही अन्य देशों की सैकड़ों महिलाओं ने यहां एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की शाश्वत सुंदरता, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। टाइम्स स्क्वायर में शनिवार को आयोजित साड़ी गोज ग्लोबल कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ ही कम से कम उन नौ देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जहां नौ गज का यह परिधान लोकप्रिय है तथा उसे पसंद किया जाता है। इन देशों में बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। खादी सहित विभिन्न प्रकार के कपड़ों पर उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुईं महिलाओं ने गर्व से अपने संग्रह का प्रदर्शन किया, राष्ट्रीय ध्वज लहराए, एक साथ नृत्य किया, तस्वीरें लीं और अपनी साड़ियों, संस्कृति तथा विरासत के बारे में कहानियां साझा कीं। यह कार्यक्रम ब्रिटिश वुमेन इन साड़ी ने उमा संगठन के साथ मिलकर आयोजित किया जिसमें संगीत, नृत्य और साड़ी वॉकथन के जरिए साड़ी की शाश्वत सुंदरता का प्रदर्शन किया गया। इसका उद्देश्य दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित कर भारत में हथकरघा कलाकारों की मदद करते हुए साड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उमा ग्लोबल की अध्यक्ष डॉ. रीता ककाती-शाह और ब्रिटेन वुमेन इन साड़ी की चेयरपर्सन डॉ. दीप्ति जैन ने दुनियाभर में एकता और महिला सशक्तीकरण के प्रतीक के तौर पर साड़ी की महत्ता पर जोर दिया।

# कानून के शासन वाला देश है कनाडा : ट्रूडो

**भाषा ।** टोरंटो

### निज्जर हत्या मामले में भारतीयों की गिरफ्तारी के बाद दी प्रतिक्रिया

**प्रधानमंत्री जस्टिन** ट्रूडो ने खालिस्तान अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी के एक दिन बाद कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है और यहां एक मजबूत व स्वतंत्र न्याय प्रणाली तथा अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए मौलिक प्रतिबद्धता है। कनाडा के नागरिक निज्जर की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एडमोंटन में रहने वाले भारतीय नागरिकों करण बरार (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करनप्रीत सिंह (28) को हत्या और हत्या की साजिश के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। ट्रूडो ने गिरफ्तारी के बारे में शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत एवं संस्कृति समारोह में कहा,
यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत व स्वतंत्र न्याय प्रणाली और अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून-सम्मत देश है। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) ने ट्रूडो के हवाले से कहा, “जैसा कि (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) आरसीएमपी ने कहा है कि जांच जारी है। एक अलग और विशिष्ट जांच का दायरा कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद कनाडा के सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, “प्रत्एक कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने तथा कनाडा में भेदभाव व हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है।
पिछले साल सितंबर में खालिस्तान अलगाववादी निज्जर (45) की हत्या में भारतीय एजेंट की “संभावित” संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में काफी तनाव आ गया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को “बेतुका” और “प्रेरित” बताकर खारिज कर दिया है। भारत कनाडा में सिख अलगाववादी समूहों की मौजूदगी से लंबे समय से चिंतित है। भारत ने निज्जर को “आतंकवादी” घोषित किया था। हत्या के सिलसिले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किए जाने के बाद, कनाडा में पुलिस ने अतिरिक्त विवरण दिए बिना कहा कि उन्होंने अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर गिरफ्तारी की है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त और प्रशांत क्षेत्र के बल के कमांडर डेविड टेबौल ने शुक्रवार को कहा कि वह गिरफ्तार किए गए तीन लोगों और भारतीय अधिकारियों के बीच कथित संबंधों पर टिप्पणी नहीं करेंगे। लेकिन उन्होंने कहा कि बल “भारत सरकार से जुड़े होने की जांच कर रहा है”। इस बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा में जो कुछ हो रहा है, वह मुख्य तौर पर उनकी आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है।

### लॉस एंजिलिस क्षेत्र में गोलीबारी में सात लोग घायल, चार गंभीर

भाषा। लांग बीच

**लॉस एंजिलिस** क्षेत्र में हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट एक बयान में कहा कि लांग बीच के अधिकारियों को शनिवार रात करीब 11:15 बजे साउथ स्ट्रीट-पैरामाउंट बुलेवार्ड क्षेत्र में गोलीबारी होने की सूचना प्राप्त हुई। इसने कहा कि कम से कम सात लोग गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि इनमें चार लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है। इसने कहा कि अधिकारियों के पहुंचने से पहले संदिग्ध भाग गए और गोलीबारी के संभावित मकसद के बारे में तत्काल पता नहीं चला है।

# चीन में भारतीय दूतावास ने कोविड के कारण वीजा प्रतिबंध से प्रभावित छात्रों के साथ पहली बैठक की

**भाषा ।** बीजिंग



**चीन में** भारतीय दूतावास ने उन भारतीय छात्रों के साथ अपना पहला संवाद सत्र आयोजित किया है, जिन्हें चीन के वीज़ा प्रतिबंधों के कारण तीन साल की कोविड -19 की अवधि के दौरान सबसे अधिक परेशानी हुई।चार मई को आयोजित “स्वागत और संवाद समारोह” में 13 से अधिक चीनी विश्वविद्यालयों के लगभग 80 पुराने और नए छात्रों ने भाग लिया। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और काउंसलर नितिनजीत सिंह ने शनिवार को हुए सत्र के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी शिकायतों और अनुभवों को सुना। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि दूतावास द्वारा पेश की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के सचिव (द्वितीय) अमित शर्मा ने सत्र के दौरान विस्तृत प्रस्तुति दी। साल 2020 के शुरू में चीन में कोरोना वायरस के प्रकोप के समय चीनी विश्वविद्यालयों में 23 हजार से ज्यादा भारतीय विद्यार्थी पढ़ रहे थे जिनमें से ज्यादा मेडिकल के छात्र थे और तब पाकिस्तान के बाद चीनी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों की संख्या सबसे अधिक थी।वर्तमान में, पूरे चीन में यह संख्या घटकर लगभग 10,000 रह गई है। भारत में सरकारी मेडिकल संस्थानों में दाखिला पाने के लिए कड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है, जबकि निजी मेडिकल कॉलेज अत्यधिक फीस वसूलते हैं जिस वजह से अतीत में चीनी विश्वविद्यालय भारतीय छात्रों के लिए पसंदीदा स्थान बन गए थे। हालांकि, उन्हें भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति हासिल करने के लिए विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा देनी होती है।

# प्रधानमंत्री सुनक ने चुनावी प्रदर्शन के बाद हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करने का वादा किया

**भाषा ।** लंदन



**ब्रिटिश प्र**धानमंत्री ऋषि सुनक ने निराशाजनक चुनाव परिणामों के बाद रविवार को हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करने का वादा किया। इन चुनावों में उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को कई स्थानीय प्राधिकारों में हार का सामना करना पड़ा और यहां तक कि इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में मेयर पद भी गंवा दिया। भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ने उस वक्त अपनी निराशा व्यक्त की जब वेस्ट मिडलैंड्स के पार्टी के लोकप्रिय मेयर एंडी स्ट्रीट, लेबर प्रतिद्वंद्वी रिचर्ड पार्कर से बेहद करीबी मुकाबले में मात्र 1,508 वोटों से हार गए। मतों के कम अंतर को देखते हुए यहां पुनर्मतगणना का आदेश भी दिया गया था। सुनक के लिए बेन हाउचेन के रूप में उम्मीद की एकमात्र किरण बची जिन्होंने लेबर पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी दलों की जीत के बीच शुक्रवार को टीज वैली में पार्टी की तरफ से मेयर पद पर कब्जा किया। नतीजों के बाद सुनक ने एक बयान में कहा, ... हम लेबर पार्टी से मुकाबला करने और अपने देश को बेहतर भविष्य देने के लिए हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे।

### सादिक खान तीसरी बार बनेंगे लंदन के महापौर

**लंदन।** सादिक खान ने शनिवार को लंदन के महापौर के रूप में रिकॉर्ड तीसरा कार्यकाल हासिल करने के लिए निर्णायक जीत दर्ज की। 53 वर्षीय पाकिस्तानी मूल के लेबर पार्टी के उम्मीदवार ने 10,88,225 वोट हासिल करके 43.8 प्रतिशत वोट अपने पक्ष में किए, जो कंजर्वेटिव उम्मीदवार सुसान हॉल के 8,12,397 वोटों से काफी अधिक है। उन्हें 2,75,000 से अधिक वोट की बढ़त हासिल हुई। महापौर पद के कुल 13 उम्मीदवारों में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में शामिल दिल्ली में जन्मे व्यवसाई तरुण गुलाटी ने 24,702 वोट हासिल किए और 10वें स्थान पर रहे। सादिक ने कहा, तीसरे कार्यकाल के लिए चुना जाना वास्तव में एक सम्मान की बात है। लेकिन आज का दिन इतिहास बनाने के बारे में नही है। यह हमारे भविष्य को आकार देने के बारे में है।

# दक्षिणी ब्राजील में भीषण बाढ़ के कारण कम से कम 39 की मौत

**भाषा ।** साओ पाउलो

**ब्राजील के** रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में भारी बारिश के कारण कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई और 68 अन्य लोग लापता हो गए। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ब्राजील में आई इस भीषण बाढ़ के कारण कई शहर तबाह हो गए और हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह एक साल में चौथी ऐसी पर्यावरणीय आपदा है। इससे पहले 2023 में जुलाई, सितंबर और नवंबर में भी बाढ़ आई थी जिनमें कुल 75 लोग मारे गए थे। ब्राजीलियाई भूवैज्ञानिक सेवा के अनुसार, राज्य में आई बाढ़ 1941 की ऐतिहासिक बाढ़ से भी भीषण है। एजेंसी ने कहा कि कुछ शहरों में जल स्तर तब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जब से इसे दर्ज करना शुरू किया गया है। जलस्तर लगभग 150 साल पहले से दर्ज करना शुरू किया गया था। रक्षा एजेंसी के अनुसार, बाढ़ में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई और 68 अन्य लोग अब भी लापता हैं तथा 24,000 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा है। उसने बताया कि बाढ़ के कारण पूरे राज्य में विद्युत आपूर्ति, संचार सेवा और जल आपूर्ति बाधित हो गई है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में वृद्धि से उत्सर्जन में होगी कमी, वायु गुणवत्ता में भी होगा सुधार

**भाषा ।** सिडनी

**इलेक्ट्रिक** वाहनों को अक्सर परिवहन क्षेत्र से होने वाले उत्सर्जन और वायु प्रदूषण को कम करने के रामबाण उपाय के रूप में देखा जाता है। क्या यह दृष्टिकोण सही है? हां- लेकिन ऐसा तभी संभव है जब इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में वृद्धि आएगी। लोगों द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में हालिया तेजी के बावजूद, अभी भी सड़क पर अन्य ईंधनों से चलने वाली कारों की संख्या की तुलना में इलेक्ट्रिक कारों की संख्या काफी कम है। बसें आश्चर्यजनक रूप से वायु प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत हैं, ऐसे में हमें इलेक्ट्रिक बसों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा डीजल से चलने वाले ट्रकों से होने वाले उत्सर्जन में कटौती करने के तरीके खोजने से वायु प्रदूषण को कम करने में अधिक तत्काल लाभ मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया में अभी भी उत्सर्जन में विद्युत क्षेत्र की सबसे अधिक (32.3 प्रतिशत) हिस्सेदारी है, हालांकि उत्सर्जन में गिरावट आ रही है। लेकिन, परिवहन क्षेत्र से होने वाला उत्सर्जन (21.1 प्रतिशत) पहले से ही तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है- और कुल उत्सर्जन में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। आलोचकों का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहन उत्सर्जन और प्रदूषण को टेलपाइप से पावर प्लांट स्मोकस्टैक में स्थानांतरित कर देते हैं। यह केवल आंशिक रूप से सत्य है। भूरे कोयले से संचालित ग्रिड का मतलब वास्तव में यह हो सकता है कि इलेक्ट्रिक वाहन जितना हम सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा गंदे हैं। लेकिन, जैसे-जैसे अधिक से अधिक स्वच्छ ऊर्जा ग्रिड में (या ग्रिड के पीछे, हमारी छतों पर सौर ऊर्जा के रूप में) प्रवाहित होती है, यह चिंता का विषय कम और अधिक कम होता जाता है। अपने इलेक्ट्रिक वाहन को छत पर लगे सौर ऊर्जा संयंत्र से चार्ज करना उत्सर्जन-मुक्त है, और उच्च-नवीकरणीय ग्रिड से चार्ज करने का मतलब बहुत कम उत्सर्जन है। लेकिन, कोयला ग्रिड द्वारा संचालित होने पर भी, इलेक्ट्रिक वाहन पेट्रोल या डीजल कारों की तुलना में अधिक स्वच्छ हैं। दहन इंजन से धुंध पैदा करने वाले रसायनों का उत्सर्जन होता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हैं, जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड, कालिख और नाइट्रोजन ऑक्साइड। नॉर्वे और चीन जैसे देशों ने दुनिया के अन्य देशों की तुलना में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया है। चीन के शोधकर्ताओं ने पाया है कि शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में वृद्धि होने से वायु गुणवत्ता में काफी सुधार देखा गया है। अमेरिकी शोधकर्ताओं ने पाया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के अनुपात में थोड़ी वृद्धि से भी हवा की गुणवत्ता में सुधार होता है और अस्थमा के दौरे के साथ अस्पताल में आने वाले लोगों की संख्या में कमी आती है। अधिकांश लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को समझते हैं कि वह टेस्ला या बीवाईडी जैसी कंपनियों द्वारा बनाए गए बैटरी से चलने वाले इलेक्ट्रिक वाहन हैं। जबकि हाइब्रिड कारों में छोटी बैटरी होती है, फिर भी उनमें दहन इंजन होते हैं।

# हर कोई चाहता है आत्म-सम्मान, रखें इस बात का ध्यान

**भाषा ।** वाशिंगटन

### किसी के विचार बदलने की कोशिश करते समय की बाम



**भले ही आपकी** बात में कितना ही दम क्यों न हो, लेकिन किसी को समझाना-बुझाना यानी पर्सुएशन इतना कठिन क्यों होता है? दर्शनशास्त्री के तौर पर मैं पर्सुएशन में खासतौर पर रुचि रखता हूं। इसमें आपको न केवल यह पता होना चाहिए कि आपको किस तरह किसी को समझाना है, बल्कि यह जानना भी जरूरी है कि इसे बिना किसी हेरफेर के नैतिक रूप से कैसे किया जाए। मैंने इस बारे में सबसे गहरी अंतर्दृष्टि जर्मन दार्शनिक इमैनुअल केंट से पाई है, जिन पर मेरा शोध केंद्रित रहा है। केंट 300 साल पहले 22 अप्रैल 1724 में जन्मे थे। नीतिशास्त्र पर अपनी अंतिम पुस्तक द डॉक्टरीन ऑफ वर्च्यु में केंट लिखते हैं कि जब हम किसी अन्य के विचारों को दुरुस्त करने का प्रयास करते हैं तो हर किसी का एक निश्चित कर्तव्य होता है। यदि हमें लगता है कि वे (विचार) गलत हैं, तो हमें उन्हें बेतुकापन या खराब कहकर खारिज नहीं करना चाहिए, बल्कि यह मानना चाहिए कि उनके विचारों में कुछ सच्चाई है। केंट के कहने का मतलब है कि यह स्वीकार कर लेना कि हम जो नहीं जानते, वह अन्य लोग जानते हैं, एक विनम्रता की तरह लगता है। हालांकि यह इससे भी महत्वपूर्ण होता है। केंट का दावा है कि दूसरों की गलतियों में सच्चाई खोजने का यह नैतिक कर्तव्य दूसरे व्यक्ति की अपनी समझ के प्रति सम्मान बनाए रखने में मदद करता है। दूसरे शब्दों में कहें तो जब हम स्पष्ट रूप से गलत दृष्टिकोण से रूबरू होते हैं, तो नैतिकता हमें उस व्यक्ति की मदद करने के लिए कहती है जिससे हम बात कर रहे हैं ताकि उसके विचारों में कुछ उचित बात खोजकर उसका आत्म-सम्मान बनाए रखा जा सके। यह सलाह थोड़ी अलग लग सकती है क्योंकि हमने देखा है कि अकसर हम दूसरों को समझाते समय बच्चों को झिड़की देने जैसे तरीकों का उपयोग करते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि केंट यहां कुछ महत्वपूर्ण बात कह रहे हैं और आधुनिक मनोविज्ञान की मदद से हम इसे अच्छे से समझ सकते हैं। पर्सुएशन मनोवैज्ञानिकों का लंबे समय से मानना रहा है कि पर्सुएशन (समझाने-बुझाने) में एक महत्वपूर्ण कारक ध्यान होता है और जब लोगों की जरूरतें अलग होती हैं, तो वे तर्कों पर ध्यान नहीं देते।इसे एक उदाहरण से समझते हैं, जैसे कल्पना कीजिए कि आपको बैठक की वजह से दोपहर का भोजन स्थगित करना पड़े। फिर आपके पास केवल 15 मिनट हैं और पेट में चूहे कूद रहे हैं तो आप खाने के लिए निकल पड़े। रास्ते में आपकी मुलाकात एक सहकर्मी से होती है और वह बैठक में हुई बातों का जिक्र करके आपको कुछ समझाने लग जाता है। ऐसे में इस बात की बहुत कम संभावना है कि आप उसकी बात को गौर से सुनें और समझें। ऐसा क्यों? ऐसा इसलिए क्योंकि आपको उस समय भूख लगी है जबकि वह आपसे कुछ और ही बात कर रहा है। इस स्थिति में शायद आप उसकी बात ध्यान से नहीं सुन पाएंगे। हाल के दशकों में जिस चीज पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है वह है सामाजिक जुड़ाव की आवश्यकता। मनोवैज्ञानिक डैन केहेन एक ऐसे व्यक्ति का उदाहरण देते हैं, जो गलत तर्कों के साथ जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बात करता है, तो उसके मित्र और परिवार वाले उसके पीछे पड़ जाते हैं। केहेन का मानना है कि ऐसे मामले में उन लोगों को चाहिए कि वे उस व्यक्ति के सामाजिक जुड़ाव का ध्यान रखते हुए मुद्दे से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं को कुछ देर के लिए नजरअंदाज कर दें। इसका मतलब यह है कि किसी को समझाने-बुझाने वाले व्यक्ति को दूसरों की सामाजिक गरिमा की आवश्यकता को ध्यान में रखना चाहिए। दूसरे शब्दों में, प्रोत्साहन देने के लिए बहुत सारी बाजीगरी की आवश्यकता होती है। मजबूत प्रोत्साहनकर्ता को तर्क देने के अलावा दूसरे व्यक्ति की आत्म-सम्मान की चाह को खतरे में पड़ने से रोकना भी जरूरी होता है। यदि हम चीजों को थोड़ा आसान बनाएं तो ऐसा करना कोई मुश्किल काम नहीं है। इसके अलावा भी कई चीजें हैं, जिनका ध्यान हमें किसी को समझाने-बुझाने के दौरान रखना चाहिए। आत्मसम्मान के बारे में 1998 के एक अनूठे लेख में मनोवैज्ञानिक क्लॉड स्टील ने कहा कि एक अच्छे, सक्षम व्यक्ति के रूप में कुछ “आत्म-सम्मान” बनाए रखने की हमारी इच्छा मनोविज्ञान को गहराई से आकार देती है। अधिक दार्शनिक शब्दों में तो लोगों को आत्म-सम्मान की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए छात्र कभी-कभी कम अंक आने पर भाग्य और मुश्किल प्रश्न पत्र को दोष देते हैं, लेकिन जब बात अपनी क्षमताओं और प्रयासों की आती है तो खुद को ऊपर रखते हैं। इससे पता चलता है कि उन्हें अपने आत्मसम्मान की बहुत फिक्र होती है। स्टील ने इस पर एक अध्ययन किया, जिसके कुछ आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं। अध्ययन में महिला विद्यार्थियों को उन मूल्यों को लिखने के लिए आमंत्रित किया गया जो उनके लिए महत्वपूर्ण थे। यह आत्मसम्मान के बारे में जानने के लिए एक अभ्यास था। इसके बाद, इस अभ्यास में शामिल कई छात्रों ने भौतिकी पाठ्यक्रम में अच्छे अंक अर्जित किए।

# जडेजा के हरफनमौला खेल से सीएसके की जीत

## पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया

भाषा। धर्मशाला



**रवींद्र जडेजा** के हरफनमौला खेल के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। जडेजा ने 26 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके जिससे पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा।सीएसके ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया।सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शार्दुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। टीम के लिए राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का बचाव करने उतरे टीम के मुख्य तेज गेंदबाजों के बिना मैदान में उतरी सीएसके को देशपांडे ने दूसरे ओवर में जॉनी बेयरस्टो (सात) और रिली रोसेयु (शून्य) को बोल्ड कर शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से बाएं हाथ के स्पिनर सेंटनर ने अपने शुरुआती दो ओवर में सिर्फ चार रन खर्च किए।

### स्कोरबोर्ड

**सीएसके पारी:** रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप 09, गायकवाड़ का जितेश बो चाहर 32, मिचेल का प्रभसिमरन बो हर्षल 30, दुबे का जितेश बो चाहर 00, अली का बेयरस्टो बो कुरेन 17, जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप 43, सेंटनर का कुरेन बो चाहर 11, ठाकुर बो हर्षल 17, धोनी बो हर्षल 00, देशपांडे नाबाद 00, ग्लीसन नाबाद 02, **अतिरिक्त:** 06, **कुल योग:** (20 ओवर में नौ विकेट पर) 167 रन, **विकेट पतन:** 1-12, 2-69, 3-69, 4-75, 5-101, 6-122, 7-150, 8-150, 9-164, **गेंदबाजी:** रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बरार 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

**पंजाब किंग्स पारी:** प्रभसिमरन का स्थानापन्न (रिजवी) बो जडेजा 30, बेयरस्टो बो देशपांडे 07, रोसेयु बो देशपांडे 00, शशांक का सिमरजीत बो सेंटनर 27, कुरेन का सेंटनर बो जडेजा 07, जितेश का धोनी बो सिमरजीत 00, आशुतोष का सिमरजीत बो जडेजा 03, बरार नाबाद 17, हर्षल का स्थानापन्न (रिजवी) बो सिमरजीत 12, चाहर बो शार्दुल 16, रबाडा नाबाद 11, **अतिरिक्त:** 09, **कुल योग:** (20 ओवर में नौ विकेट पर) 139 रन, **विकेट पतन:** 1-9, 2-9, 3-62, 4-68, 5-69, 6-77, 7-78, 8-90, 9-117, **गेंदबाजी:** सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शार्दुल 2-0-12-1।

# मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत से अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स

## आज होंगे आमने-सामने

भाषा। मुंबई



**आत्मविश्वास** से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी।पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (16 अंक), कोलकाता नाइट राइडर्स (14 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (12 अंक) के साथ शीर्ष चार में शामिल है। चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर) और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंकों के साथ छठे स्थान पर) से अंक तालिका में सनराइजर्स को कड़ी चुनौती मिल रही है।वानखेड़े की पिच अगर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के एक बार फिर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीद है जो वे मौजूदा सत्र में कई बार कर चुके हैं। यहां की पिचें आम तौर पर बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं और छोटी बाउंड्री के कारण 200 से अधिक का स्कोर बनना आम बात है। पिछले शुक्रवार को हालांकि मुंबई और नाइट राइडर्स के बीच धीमी पिच पर मुकाबला हुआ जिसमें बल्लेबाजों को जूझना पड़ा। सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में शीर्ष पर चल रहे रॉयल्स को एक रन से हराकर आत्मविश्वास से भरी होगी। ट्रेविस हेड (396 रन), अभिषेक शर्मा (315) और हेनरिक क्लासेन (337) सनराइजर्स के लिए लगातार रन बना रहे हैं लेकिन दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। नितीश कुमार रेड्डी (219 रन) ने पिछले कुछ मुकाबलों में अच्छी बल्लेबाजी करने अन्य बल्लेबाजों के ऊपर से दबाव कम किया है। टी नटराजन (15 विकेट) की सटीक गेंदबाजी सनराइजर्स के लिए महत्वपूर्ण होगी। बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज पर्पल कैप के लिए मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह (17 विकेट) को चुनौती दे रहा है। शनिवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की गुजरात टाइटंस पर जीत के साथ पांच बार की विजेता मुंबई की टीम एक बार फिर तालिका में सबसे नीचे खिसक गई।

## रीयाल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 36वां स्पेनिश लीग खिताब जीता

**बार्सीलोना।** रीयाल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया।मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक है। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

## स्वियातेक ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर मैड्रिड ओपन का खिताब जीता

**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियातेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियातेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी है। स्वियातेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रही थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

## खिलाड़ियों को जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज और पुलिस अधिकारी अखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि उन्हें नशीली दवाओं के खतरे से बचकर रहना चाहिए। बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने शुक्रवार को 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे।

# सिराज की स्विंग, आक्रामकता से आरसीबी और भारत की उम्मीदें बढ़ी

भाषा। बेंगलुरू



**मोहम्मद सिराज** की फॉर्म में वापसी ने इस आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस तेज गेंदबाज के अच्छे प्रदर्शन ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत दी होगी। सिराज ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावर प्ले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा के विकेट लिए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे निश्चित तौर पर राष्ट्रीय टीम को मजबूती मिलेगी क्योंकि आईसीसी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उनके जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद साझा करने की उम्मीद है। पिछले पांच वर्षों से सिराज के साथ काम कर रहे आरसीबी के सहायक कोच एडम ग्रिफिथ ने इस बदलाव का कारण गेंद को फिर से स्विंग कराने को बताया। ग्रिफिथ ने टाइटंस के खिलाफ आरसीबी की चार विकेट की जीत के बाद कहा, वह हमारे समूह का अगुआ है। वह पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए काफी मैच खेला है और काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। यह सिर्फ उसकी अच्छी गेंदबाजी नहीं है, यह उसकी आक्रामकता है, उसकी बॉडी लैंग्वेज है, बल्लेबाजों का विकेट लेने की कोशिश करना है। हम जो करने का प्रयास कर रहे हैं, उसका यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा, उसका गेंद को फिर से स्विंग कराना, अच्छी गति से गेंदबाजी करना और आक्रामक होना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने का रवैया सिराज की असली ताकत : गावस्कर



**बेंगलुरू।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की चार विकेट से जीत के बाद कहा कि मोहम्मद सिराज का आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने वाला रवैया उनकी असली ताकत है। पावरप्ले में सिराज ने दो विकेट चटकाते हुए शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा को पवेलियन भेजा जिससे टाइटंस की टीम शनिवार को 19.3 ओवर में सिर्फ 147 रन ढेर हो गई। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, हर बार जब आप मोहम्मद सिराज को देखते हैं, तो आप जानते हैं कि वह अपनी जान लगा देगा। उस समय को याद करें जब उसके पिता का निधन हो गया था, जब वह ऑस्ट्रेलिया में था। वह खेलता रहा। उन्होंने कहा, बहुत से लोग वापस जाना चाहेंगे क्योंकि आपके माता-पिता आपको बहुत प्यारे होते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उसे अहसास हुआ कि भारत के लिए खेलना महत्वपूर्ण था। इसके अलावा, उस स्तर पर उसकी जगह पक्की नहीं थी। एक स्थापित खिलाड़ी शत प्रतिशत चला गया होता।गावस्कर ने कहा, और याद रखें कि उन्होंने उस गाबा टेस्ट मैच में कितनी शानदार गेंदबाजी की थी। स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ी को आउट करना, जब वह 55 रन पर था... तो यह मोहम्मद सिराज की असली ताकत है, आत्मविश्वास और मैदान पर कभी हार नहीं मानने वाला रवैया।

# इससे फर्क नही पड़ता की बुमराह का इस्तेमाल कहा हो रहा, वह हमेशा प्रभावी : फ्रैंकलिन

भाषा। मुंबई

**सनराइजर्स हैदराबाद** के गेंदबाजी कोच जेम्स फ्रैंकलिन इस बहस को ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते हैं कि मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में जसप्रीत बुमराह के गेंदबाजी कौशल का कैसे उपयोग किया है, उनका मानना है कि यह तेज गेंदबाज किसी भी परिस्थिति में मैच पर बड़ा प्रभाव डालता है।

मौजूदा सत्र में मुंबई के नए कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुमराह का इस्तेमाल पारी के दूसरे भाग में किया है। पावर प्ले में उनके कम इस्तेमाल को लेकर पंड्या को आलोचना का सामना करना पड़ा है। फ्रैंकलिन ने कहा, देखते हैं कि मुंबई किस तरह की रणनीति अपनाती है। वे बुमराह का उपयोग कैसे करते हैं। मुझे पता है कि उसे कैसे इस्तेमाल किया जाता है, इस पर थोड़ी बहस हुई है। यह हालांकि मायने नहीं रखता कि उसे कहां इस्तेमाल किया जाता है। पांच बार की चैम्पियन मुंबई प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने के कगार पर है और टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज बुमराह की शानदार गेंदबाजी रही है। फ्रैंकलिन ने कहा आम तौर पर मैच पर उनका बहुत बड़ा प्रभाव होता है। लेकिन अगर हम उस प्रदर्शन को देखें, तो मुझे यकीन है कि यह देखना काफी रोमांचक होगा।

## हमने 15-20 रन कम बनाए, लेकिन कोई ढीली गेंद नहीं फेंकी: रविंद्र जडेजा

**धर्मशाला।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के आल राउंडर रविंद्र जडेजा ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच मे पंजाब किंग्स के खिलाफ 28 रन की जीत के बाद स्वीकार किया कि उन्होंने स्कोर मे 15-20 रन कम बनाए लेकिन टीम की अनुशासित गेंदबाजी की प्रशंसा की। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह मे जडेजा ने कहा, हमें लगा था कि हमने स्कोर में 15-20 रन कम बनाए लेकिन हमने पावरप्ले और बीच के ओवरों मे ढीली गेंदे नही फेंकी। उन्होने कहा, तेज गेंदबाजों ने पावरप्ले मे अच्छी गेंदबाजी की। तुषार देशपांडे ने दो महत्वपूर्ण विकेट लिए और फिर बीच के ओवरों में मिचेल सैंटनर और मैंने भी अच्छी गेंदबाजी की। जडेजा ने 26 गेंद मे 43 रन की महत्वपूर्ण पारी ऐसे समय मे खेली जब पंजाब किंग्स लगातार विकेट झटक रही थी। उन्होने कहा कि बीच के ओवरों मे बल्लेबाजी करना मुश्किल था। जडेजा ने कहा, यह दिन का मैच था इसलिए विकेट धीमा था। हमेशा की तरह ऐसी ही उम्मीद थी क्योंकि बहुत गर्मी थी। उन्होंने कहा, पावरप्ले मे पिच हमेशा सपाट लगती है। लेकिन जब गेंद पुरानी हो जाती है तो यह बल्ले पर नही आती। जब आप किसी नए स्थान पर खेलते है तो आप नही जानते कि गेंद कितनी घूमेगा या रूक कर आएगी। जडेजा ने कहा, बल्लेबाज के रूप में मेरी भूमिका साझेदारी बनाना और फिर अंत मे बड़े शॉट खेलना है। पर कभी कभी जब हम पावरप्ले मे विकेट खो देते है तो लय नही बनती। जिस मैच मे हम हर विभाग मे अच्छा खेलते है, उनमे जीतते है।

# भारतीय महिला टीम की नजरें बांग्लादेश के खिलाफ चौथे टी-20 में बेहतर बल्लेबाजी पर

भाषा। सिलहट (बांग्लादेश)

**श्रृंखला में** पहले ही विजई बढ़त बना चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी कमियों का हल ढूंढने की कोशिश करेगी, विशेषकर बल्लेबाजी में। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजई बढ़त बना ली है लेकिन इस नतीजे से भारत की बल्लेबाजी की कमियां जाहिर नहीं होती। इन तीन मैच में भारत की ओर से सिर्फ एक अर्धशतक लगा जब शेफाली ने तीसरे मैच में 51 रन की पारी खेली। स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर जैसी बल्लेबाज भी बड़ी पारियां खेलने को बेताब होंगी। शेफाली श्रृंखला में 82 रन जोड़कर भारत की सबसे सफल बल्लेबाज हैं। भारत को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि उसे अगले महीने से दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ सभी प्रारूप की श्रृंखला में खेलना है। साथ ही पूरी संभावना है कि इस श्रृंखला में खेल रही अधिकतर बल्लेबाजों को अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में भी जगह मिलेगी। टी20 विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है इसलिए हालात और पिचों को देखते हुए मौजूदा दौरा काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि यहां की धीमी पिच से काफी अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव छह विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं। राधा को ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल के अलावा तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर का अच्छा साथ मिला है। इन सभी ने चार-चार विकेट चटकाए हैं। बांग्लादेश को भारतीय आक्रमण का सामना करने के लिए अनुभवी निगार सुल्ताना से काफी उम्मीदें होंगी जो 85 रन बनाकर टूर्नामेंट की सबसे सफल बल्लेबाज हैं।

## अजय जडेजा ने कहा, आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर निकली पर अब भी आईसीयू में

**बेंगलुरू।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को वेंटिलेटर से बाहर निकाल दिया है लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी आईसीयू में है। शनिवार को गुजरात के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 38 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। फाफ डु प्लेसी (64) और विराट कोहली (42) ने पावरप्ले में 92 रन की साझेदारी की लेकिन आरसीबी ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना विकेट के 92 रन से छह विकेट पर 117 रन हो गया और एक समय गुजरात की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद बंध गई थी। जडेजा ने जियो सिनेमा से कहा, अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। लेकिन मौका है। वे वेंटिलेटर से बाहर हैं लेकिन वे अब भी आईसीयू में हैं। विराट और फाफ को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित है। लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है। जडेजा ने कहा, गेंदबाजी विभाग ने अब उनके लिए योगदाना देना शुरू कर दिया है और हम सत्र के अंत के बारे में बात कर रहे हैं, यही वह बिंदु है जहां से जीत की वास्तविक संभावना मे गति आती है।

## शुभमन को बहुत कुछ सीखना है लेकिन वह अच्छी तरह से तालमेल बैठा रहा है: मिलर

**बेंगलुरू।** शुभमन गिल को गुजरात टाइटंस की कप्तानी मे मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस भूमिका के साथ तेजी से सामंजस्य बैठा रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी मे पिछले साल की उपविजेता और 2022 की चैंपियन टाइटंस की टीम गिल की कप्तानी मे अंक तालिका में नौवें स्थान पर चल रही है और उसकी प्ले ऑफ मे जगह बनाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।मिलर ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ टाइटंस की चार विकेट की हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, शुभमन एक असाधारण खिलाड़ी है, जैसा कि हम सभी जानते हैं। वह अब भी युवा है और उसे बहुत कुछ सीखना है लेकिन मुझे लगता है कि वह कप्तानी के साथ वास्तव मे अच्छी तरह तालमेल बैठा रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि यह कठिन भी है क्योंकि गलती की गुंजाइश बहुत कम है। मिलर ने टखने की सर्जरी से उबर रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति को भी पावर प्ले में गेंद के साथ टीम के खराब प्रदर्शन का एक कारण बताया।उन्होंने कहा, बेशक शमी ने पावर प्ले में शानदार प्रदर्शन किया था। इसलिए हमें ऐसा लगता है कि पावर प्ले में हमें उनकी कमी खल रही है। उन्होंने विकेट चटकाए और इकोनॉमी रेट को कम रखा। टाइटंस ने बेंगलोर के खिलाफ 148 रन के कम स्कोर का बचाव करते हुए पावर प्ले मे 92 रन लुटाए और इससे मैच का पलड़ा घरेलू टीम के पक्ष मे झुक गया।

## हैमस्ट्रिंग चोट के कारण श्रीलंका लौटेंगे सीएसके के तेज गेंदबाज पाथिराना

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मथीशा पाथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए इस चरण से बाहर हो गए और वह जल्द ही चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे।पाथिराना ने अभी तक आईपीएल के इस चरण मे छह मैच खेलकर 13 विकेट झटके है। सीएसके ने रविवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स पाथिराना के जल्द ठीक होने की कामना करती है। पाथिराना सीएसके के लिए अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था जिसमे टीम 78 रन से जीती थी। इस मैच मे उन्होंने दो ओवर डाले थे तथा ऐडन मार्कराम और हेनरिक क्लासेन का विकेट लिया था। पाथिराना का बाहर होना सीएसके के लिए बड़ा झटका है क्योंकि इससे उसकी गेंदबाजी पर असर पड़ेगा। तेज गेंदबाज आल राउंडर दीपक चाहर भी पंजाब किंग्स के मैच मे लगी हल्की चोट के कारण आईपीएल के बाकी मैचों में नही खेल पाएंगे। चाहर सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे और शार्दुल ठाकुर ने उनका ओवर पूरा किया था। सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा था, दीपक चाहर ठीक नही दिख रहे थे। फिजियो और डाक्टर के देखने के बाद मै सकारात्मक रिपोर्ट की उम्मीद कर रहा हूं। सीएसके के श्रीलंकाई स्पिनर महेश तीक्षणा कम से दो और मैच मे नही खेल पाएंगे क्योंकि उनके अमेरिका मे अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप की वीजा प्रक्रिया पूरी करने के लिए श्रीलंका जाने की उम्मीद है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान भी अब आईपीएल में आगे के मैच में नही खेल पाएंगे क्योंकि वह पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल हो गए।

## चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीता, फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया

चेंगदू (चीन)। चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक मे दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैम्पियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरूआत की। इसके बाद चेन किंग चेन और जिया यि फान की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने सिटी फादिया सिल्वा रमाधंती और रिब्का सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर बढ़त 2-0 कर दी। युवा एस्टर नुरूमी ने इंडोनेशिया के लिए कड़ी चुनौती पेश की लेकिन चीन की ही बिंग जियाओ ने उबरते हुए 10-21, 21-15, 21-17 से जीत हासिल ली। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

## पुजारा के शतक से ससेक्स मजबूत

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नाबाद 104 रन की मदद से ससेक्स ने डर्बीशर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मैच मे पहली पारी मे 111 रन की बढ़त बना ली है। पुजारा ने अपनी नाबाद पारी मे 167 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके मारे है। उन्होने काउंटी सत्र के अपने तीसरे मैच मे सत्र का पहला शतक जड़ा। उन्होंने ग्लॉस्टरशर के खिलाफ नाबाद 86 और 44 रन बनाए तथा लीसेस्टरशर के खिलाफ अपनी एकमात्र पारी मे 38 रन का योगदान दिया।शनिवार को डर्बी के काउंटी ग्राउंड मे खेले गए मैच मे डर्बीशर के पहली पारी के 246 रन के जवाब मे ससेक्स ने पुजारा के शतक और टॉम हैन्स (58), टॉम अलसॉप (64) और जेम्स कोल्स (72) के अर्धशतक से पांच विकेट पर 357 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की। दिन का खेल खत्म होने पर जैक कार्सन पुजारा का साथ निभा रहे थे।

## बुंदेसलीगा में स्टुटगार्ट से हारा बायर्न म्यूनिख

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को रीयाल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियन्स लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले से पहले बुंदेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच मे स्टुटगार्ट के खिलाफ1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान बायर्न के राफेल गुरेइरो चोटिल भी हो गए। गुरेइरो संभवतः मांसपेशियो मे चोट के कारण मुकाबले के बीच से बाहर हो गए और बुधवार को मैड्रिड के खिलाफ होने वाले निर्णायक मैच मे भी उनका खेलना संदिग्ध है। बायर्न की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी पर हैरी केन ने 37वें मिनट मे दागा जबकि स्टुटगार्ट की ओर से लियोनिडास स्टरगियो (29वें मिनट), जियोग वू यिओग (83वें मिनट) और सिलास (90 प्लस तीन मिनट) ने गोल किए।

# बाकू विश्व कप में भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश

## विवान शूट ऑफ मे हारे

भाषा। नई दिल्ली



**विवान** कपूर को शूट ऑफ में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूट ऑफ का हिस्सा थे। इयान अपना पहला ही शॉट चूककर बाहर हो गए। विवान का भी तीसरा निशाना चूक गया और कोवार्ड-होली ने तीनों निशाने लगाकर फाइनल में जगह बनाई। विवान को सातवें स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। विवान के अलावा पुरुष ट्रैप स्पर्धा में भारत के पृथ्वीराज तोंडइमान 117 अंक के साथ 24वें जबकि भवनीश मेंदिरत्ता 116 अंक के साथ 39वें स्थान पर रहे। महिला ट्रैप में राजेश्वरी कुमारी (108 अंक) 23वें जबकि श्रेयसी सिंह (107 अंक) और मनीषा कीर (105 अंक) क्रमशः 29वें और 38वें स्थान पर रहीं।

# भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर टीम विश्व रिले की हीट को पूरा करने में नाकाम

भाषा। नासाउ (बहामास)




**दूसरे चरण** के धावक राजेश रमेश के पैर में जकड़न के कारण बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) पूरी करने में विफल रही। मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी। अनस पहले चरण की दौड़ पूरी कर चुके थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एक बयान में कहा, पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। मोहम्मद अनस ने पहले चरण में 45.93 सेकेंड का समय लिया लेकिन दूसरे धावक राजेश रमेश पहले मोड़ पर पैर की मांसपेशियों में जकड़न के कारण गिर गए। रमेश ने पुरुष वर्ग में हिस्सा लेने से तीन घंटे पहले मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले में भी भाग लिया था। भारत के पास सोमवार को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के दौरान एक और मौका होगा जहां रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो से बाहर रहने वाली अन्य सभी टीमें पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगी। टीमों को तीन हीट में विभाजित किए जाने की उम्मीद है और उनमें से प्रत्एक से शीर्ष दो टीम पेरिस के लिए क्वालीकाई करेंगी।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में

**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली।भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा घोषित नौवें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच नौ अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है। टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।